उदय चन्द्र		पाण्डित्य दर्पण
मतिवर्धन		गौतम पृच्छा पर सुगम वृत्ति १७३८
लक्ष्मी वल्लभ	आगमिक	उत्तराध्ययन वृत्ति कल्पसूत्र पर कल्पद्रुमकलिका
	उपदेश	धर्मोपदेश पर वृत्ति

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नय विमल	आगमिक	प्रश्न व्याकरण टीका
	चरित्र	श्रीपाल चरित्र
मान विजय		धर्म परीक्षा
लब्धिचन्द्र गणि	ज्योतिष्	जन्मपत्री पद्धति १७५१
रंग विजय	इतिहास	गुर्जर देश भूपावलि १७६५
दान विजय	आगमिक	कल्पसूत्र-दानदीपिका टीका १७५०
	व्याकरण	शब्दभूषण पद्यबद्ध १७७०
	उपदेश	उपदेश माला पर वृत्ति १७८
हंसरत्न	स्तोत्र	शत्रुंजय माहात्म्योल्लेख (धनेश्वर कृत शत्रुंजय माहात्म्य से)
भावप्रभसूरि	दार्शनिक	नयोपदेश (यशोवि.) टीका
	स्तोत्र	भक्तामर समस्या पूर्ति सटीक १७११
		प्रतिमा शतक
विमल सूरि	उपदेश	उपदेश शतक १७९२
तेजसिंह		सिद्धांत शतक १७९८, दृष्टान्त शतक १७९८
भोजसागर	आगमिक	द्रव्यानुयोग तर्कणा सटीक

उन्नीसवीं शताब्दी

रूपचन्द्र	काव्य	गौतमीय महाकाव्य १८०७
	प्रकीर्णक	गुणमाला प्रकरण
मयाचन्द्र	दार्शनिक	ज्ञान क्रियावाद १८०४
फतेन्द्रसागर		ोलीराज १८२२
जिनलाभ सूरि	उपदेश	आत्म प्रबोध
विजय लक्ष्मी सूरि	,,	उपदेश प्रासाद
पद्मविजय गणि	चरित्र	जयानन्द चरित्र (गद्य)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

	आगमिक	जीव विचार वृत्ति १८५०, परम समय सार विचार संग्रह
	दार्शनिक	तर्कसंग्रह फक्किका १८५४
	काव्य	गौतमीय काव्यमाला
क्षमाकल्याण उपाध्याय	कथा चरित्र	चातुर्मासिक होलिका पर्व कथा १८३५
		यशोधर चरित्र, अक्षय तृतीया कथा
		मेरुत्रयोदशी व्याख्या, श्रीपाल चरित्र व्याख्या
		समरादित्य चरित्र
	प्रकीर्णक	खरतर पट्टावलि १८३०
		सूक्त मुक्तावलि, प्रश्नोत्तर सार्ध शतक
		पर्युषणाष्टाह्निका, विचारशत बीजक
		सूक्त रत्नावलि वृत्ति
जिनकीर्ति		श्रीपाल चरित्र संस्कृत से ।कृत १८६८
उमेदचन्द्र		प्रश्नोत्तर शतक
जिमहेम सूरि शिष्य	आगमिक	सिद्धान्त रत्नावलि
कस्तूरचन्द्र	आगमिक	ज्ञातासूत्र वृत्ति १८९९

बीसवीं शताब्दी

ऋद्धिसागर	दार्शनिक	निर्णय प्रभाकर
विजय राजेन्द्र सूरि	आगमिक	अभिधान राजेन्द्र कोश १९४६-८६
न्याय विजय (न्याय-तीर्थ, न्याय विशारद)	दार्शनिक	प्रमाण परिभाषा सटीक १९६९ (न्यायालंकार वृत्ति)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

	न्यायतीर्थ प्रकरण
	न्यायकुसुमाञ्जलि (काव्य मे
	१९७०
	अनेकान्त विभूतिः
अध्यात्म	अध्यात्मतत्त्वालोक १९७५
	अज्झत्ततत्तालोओ १९९४
प्रकीर्णक	महात्म विभूतिः, जीवनामृतम्, जीवनहितम्, जीवनभूमिः वीरविभूतिः, दीनक्रन्दनम्, जीवनपाठोपनिषद्, भक्तगीतं विजय धर्मसूरि श्लोकाञ्जलि गांधी प्रशस्तिः महेन्द्र स्वर्गारोहः, दीक्षाद्वात्रिंशिका, विद्यार्थिजीवनरश्मिः आत्महितोपदेश आश्वासनम् ।

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri
Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

'SANMATI' PUBLICATIONS

	Lord Mahavira by Dr. Bool Chand, M.A., Ph.D.	Rs. 4/8/
	गुजरात का जैन धर्म—मुनि श्री जिनविजय जी	बारह आने
3.	विश्व-समस्या और व्रत-विचार—डॉ० बेनीप्रसाद	चार आने
4.	Constitution	4 Ans.
5.	अहिंसा की साधना —श्री काका कालेलकर	चार आने
6.	परिचयपत्र और वार्षिक कार्यविवरण	चार आने
7.	Jainism in Kalingadesa—Dr. Bool Chand	4 Ans.
8.	भगवान् महावीर—श्रीदलसुखभाई मालवणिया	चार आने
9.	Mantra Shastra and Jainism—Dr. A. S. Altekar	4 Ans.
10.	जैन-संस्कृति का हृदय—पं० श्री सुखलालजी संघवी	चार आने
11.	भ० महावीरका जीवन—पं० श्री सुखलालजी संघवी	" "
12.	जैन तत्त्वज्ञान, जैनधर्म और नीतिवाद ले०—पं० श्री सुखलालजी तथा डॉ० राजबलि पाण्डेय	" "
13.	आगमयुग का अनेकान्तवाद—श्री दलसुखभाई मालवणिया	आठ आने
14–15.	निर्ग्रन्थ-सम्प्रदाय—श्री सुखलालजी संघवी	एक रुपया
16.	वस्तुपाल का विद्यामण्डल—प्रो० भोगीलाल सांडेसरा	आठ आने
17.	जैन आगम—श्री दलसुखभाई मालवणिया	दस आने
18.	कार्यप्रवृत्ति और कार्यदिशा	आठ आने
19.	गांधीजी और धर्म ले० पं० श्री सुखलालजी और दलसुख मालवणिया	दस आने
20.	अनेकान्तवाद—पं० श्री सुखलाल जी संघवी	बारह आने
21.	जैन दार्शनिक साहित्य का सिंहावलोकन पं० दलसुखभाई मालवणिया	दस आने
22.	राजर्षि कुमारपाल—मुनि श्री जिनविजयजी	आठ आने
23.	जैनधर्म का प्राण—श्री सुखलालजी संघवी	छः आने
24.	हिन्दू, जैन और हरिजन मंदिर प्रवेश ले० श्री पृथ्वीराज जैन M.A.	सात आने
25.	Pacifism & Jainism—Pt Sukhlalji	8 Ans.
26.	छठे वर्ष का कार्य-विवरण	दो आना
27.	जीवन में स्याद्वाद—श्री चन्द्रशंकर शुक्ल	बारह आना

The Secretary,
JAIN CULTURAL RESEARCH SOCIETY
BENARES HINDU UNIVERSITY.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

'SANMATI' PUBLICATIONS

	Lord Mahavira by Dr. Bool Chand, M.A., Ph.D.	Rs. 4/8/
	गुजरात का जैन धर्म—मुनि श्री जिनविजय जी	बारह आने
3.	विश्व-समस्या और व्रत-विचार—डॉ० बेनीप्रसाद	चार आने
4.	Constitution	4 Ans.
5.	अहिंसा की साधना —श्री काका कालेलकर	चार आने
6.	परिचयपत्र और वार्षिक कार्यविवरण	चार आने
7.	Jainism in Kalingadesa—Dr. Bool Chand	4 Ans
8.	भगवान् महावीर—श्रीदलसुखभाई मालवणिया	चार आने
9.	Mantra Shastra and Jainism—Dr. A. S. Altekar	4 Ans
10.	जैन-संस्कृति का हृदय—पं० श्री सुखलालजी संघवी	चार आने
11.	भ० महावीरका जीवन—पं० श्री सुखलालजी संघवी	" "
12.	जैन तत्त्वज्ञान, जैनधर्म और नीतिवाद लें०—पं० श्री सुखलालजी तथा डॉ० राजबलि पाण्डेय	" "
13.	आगमयुग का अनेकान्तवाद—श्री दलसुखभाई मालवणिया	आठ आने
14--15.	निर्ग्रन्थ-सम्प्रदाय—श्री सुखलालजी संघवी	एक रुपया
16.	वस्तुपाल का विद्यामण्डल—प्रो० भोगीलाल सांडेसरा	आठ आने
17.	जैन आगम—श्री दलसुखभाई मालवणिया	दस आने
18.	कार्यप्रवृत्ति और कार्यदिशा	आठ आने
19.	गांधीजी और धर्म ले० पं० श्री सुखलालजी और दलसुख मालवणिया	दस आने
20.	अनेकान्तवाद—पं० श्री सुखलाल जी संघवी	बारह आने
21.	जैन दार्शनिक साहित्य का सिंहावलोकन पं० दलसुखभाई मालवणिया	दस आने
22.	राजर्षि कुमारपाल—मुनि श्री जिनविजयजी	आठ आने
23.	जैनधर्म का प्राण—श्री सुखलालजी संघवी	छः आने
24.	हिन्दू, जैन और हरिजन मंदिर प्रवेश ले० श्री पृथ्वीराज जैन M.A.	सात आने
25.	Pacifism & Jainism—Pt Sukhlalji	8 As
26.	छठे वर्ष का कार्य-विवरण	दो आने
27.	जीवन में स्याद्वाद—श्री चन्द्रशंकर शुक्ल	बारह आने

The Secretary,
JAIN CULTURAL RESEARCH SOCIETY
BENARES HINDU UNIVERSITY.

बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी प्रेस, बनारस।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0 In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जैन संस्कृति संशोधन मण्डल

हि० ७८३

जीवन में स्याद्वाद

१४८०
१४८०

श्री चन्द्रशंकर प्राणशंकर शुक्ल

जैन संस्कृति संशोधन मण्डल

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पत्रिका नं० २७

जीवन में स्याद्वाद

लेखक

श्री चन्द्रशंकर प्राणशंकर शुक्ल

जैन संस्कृति संशोधन मण्डल
बनारस

अक्तूबर १९५०

बारह आना

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

निवेदन

मण्डल की यह पत्रिका कुछ देर से प्रकाशित हो रही है इसके लि क्षमाप्रार्थी हूँ। किन्तु मंडल के ध्येय के अनुकूल साहित्य का मिलना कठि होता है इस बात को यदि मण्डल के सभ्य ध्यान में लेंगे तब वे इस देरी सहज मानेंगे ऐसा मेरा खयाल है। इतनी देर के बाद भी जो यह पत्रिका जा रही है उसे पढ़कर वे प्रसन्न होंगे इतना मुझे विश्वास है। इसके लेख श्री चन्द्रशङ्कर शुक्ल का नाम गांधीजी के 'हरिजन' पत्रों के पाठकों के लि तथा गांधीविचारधारा में रस रखने वालों के लिए इतना सुपरिचित है उनका विशेष परिचय देना मैं अनावश्यक समझता हूँ। हिन्दी पाठकों इतना विशेष बताना आवश्यक है कि श्री राधाकृष्णन् की कई पुस्तकों गुजराती में अनुवाद के द्वारा उन्हें दार्शनिक साहित्य से भी रुचि है इस की प्रतीति उन्होंने करा दी है। उनका स्याद्वाद के विषय में यह नि उन्होंने मान्यवर पण्डित श्री सुखलाल जी की प्रेरणा से गुजराती में लि है और मण्डल को इसे हिन्दी में प्रकाशित करने की आज्ञा दी है एतदर्थ उनका आभार मानता हूँ।

स्याद्वाद के विषय में जैनेतर विद्वान् सामान्यतः गहराई में बिना गये कह देते हैं कि यह तो संशयवाद है, इसमें तो विरोध है इत्यादि। वे निबन्ध को पढ़कर अपना मत अवश्य बदलेंगे ऐसा मुझे विश्वास है। मैं यह कहने को बाध्य हूँ कि आधुनिक किसी जैन विद्वान् ने भी स्याद्वाद विषय में आधुनिक दृष्टि से इतना विशद विवेचन नहीं किया है। जैन वि भी स्याद्वाद का जीवन में कैसा महत्त्व का स्थान है यह बात इस नि से जानेंगे।

इस निबन्ध का अनुवाद श्री मोहनलाल मेहता B. A. ने मेरे स बैठकर शीघ्र कर दिया एतदर्थ उनका भी मैं यहाँ आभार मानता हूँ।

निवेदक—

दलसुख मालवणिया
मंत्री

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जीवन में स्याद्वाद।

'स्याद्वाद' अथवा 'अनेकान्तवाद' जैनदर्शन का शब्द है। एक हाथी को देखनेवाले सात अन्धों का दृष्टान्त स्याद्वाद के समर्थन के रूप में प्रसिद्ध है। इस सिद्धान्त का सार यह है कि किसी एक पदार्थका वर्णन भिन्न-भिन्न प्रकार का हो सकता है। वह वर्णन अपनी-अपनी दृष्टि से सच्चा होता है, किन्तु समग्र सत्य की दृष्टि से अधूरा ही रहता है। जिस समय वर्णन की सभी दृष्टियाँ एकत्र की जाती हैं उसी समय पदार्थका यथार्थ वर्णन हो सकता है। तात्पर्य यह है कि भिन्न-भिन्न अनेक दृष्टिकोणों से वस्तु का दर्शन करना ही सत्यदर्शन का वास्तविक मार्ग है और वही 'अनेकान्त' है। एक ही दृष्टि से किया हुआ वर्णन 'एकान्त' अर्थात् अधूरा होता है, इसलिए वह मिथ्या है। इसी बात को दार्शनिक परिभाषा में हेमचन्द्र ने यों कहा है:–'अनन्तधर्मात्मकमेव तत्त्वम्' अर्थात् तत्त्व अनन्तधर्मयुक्त है। उन्होंने और स्पष्ट करते हुए कहा कि दीपक से लगाकर व्योम पर्यन्त–प्रत्येक वस्तु का यही स्वभाव है। कोई भी पदार्थ स्याद्वाद की मर्यादा का उल्लंघन नहीं कर सकता :–"आदीपमाव्योम समस्वभावं स्याद्वादमुद्रानतिभेदि वस्तु"–(अन्ययोगव्यवच्छेदद्वात्रिंशिका–५)

उपनिषद् में एक शिष्य ने गुरु से पूछा :–"हे भगवन्! ऐसी कौन-सी वस्तु है जिसके ज्ञान से वस्तुमात्र का ज्ञान हो जाय?"–(मुण्डक–१–१–३) ऐसा ही एक प्रश्न पूछनेवाले दूसरे विद्यार्थी श्वेतकेतु को उसके पिता आरुणि ने कहा कि मिट्टी के एक लौंदे को जान लेने से मिट्टी की बनी हुई सभी वस्तुओं का ज्ञान हो जाता है :–"एकेन मृत्पिण्डेन विज्ञातेन मृण्मयं विज्ञातं स्यात्–"(छांदोग्य–६–१–४)। जैनदर्शन ने यह बात तो बताई सो बताई किन्तु साथ ही में उससे फलित होनेवाले एक उपसिद्धान्त का भी निर्माण किया और स्याद्वाद का स्वरूपवर्णन करते हुए कहा कि जो एक पदार्थ को सर्वथा जानता है वह सभी पदार्थों को सर्वथा जानता है। जो सर्व पदार्थों को सर्वथा जानता है वह एक पदार्थ को भी सर्वथा जानता है :–

"एको भावः सर्वथा येन दृष्टः
सर्वे भावाः सर्वथा तेन दृष्टाः।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सर्वे भावाः सर्वथा येन दृष्टाः
एको भावः सर्वथा तेन दृष्टः ॥"

अर्थात् सभी पदार्थों को उनके सभी रूपान्तरों सहित जानने वाला सर्वज्ञ ही एक पदार्थ को पूर्ण रूप से जान सकता है। सामान्य व्यक्ति एक भी पदार्थ को पूरा नहीं जान सकता। ऐसी अवस्था में अमुक व्यक्ति ने अमुक बात मिथ्या कही, ऐसा कहने का हमें कोई अधिकार नहीं। यह अधिकार तो सर्वज्ञ को ही है। व्यक्ति का पदार्थ विषयक ज्ञान अधूरा होता है; अतः यदि कोई अपने अधूरे ज्ञान को पूर्ण ज्ञान के रूप में दूसरों के सामने रखने का साहस करता हो और वही सच्चा और दूसरे सब झूठे, ऐसा कहता हो तो हम उसे इतना अवश्य कह सकते हैं कि 'तुम अपनी मर्यादा का उल्लंघन कर रहे हो'। इससे अधिक हम उसे कुछ नहीं कह सकते। जैन-दर्शन प्रतिपादित 'स्याद्वाद' सिद्धान्त से ऐसा फलित होता है।

स्याद्वाद का सुव्यवस्थित निरूपण जैन-दर्शन ने किया, यह ठीक है, किन्तु यह नियम तो जगत् जितना ही प्राचीन तथा व्यापक है। मल्लिषेण के कथनानुसार स्याद्वाद संसारविजयी और निष्कण्टक राजा है—'एवं विजयिनि निष्कण्टके स्याद्वादमहानरेन्द्रे—"। इस सिद्धान्त का उल्लेख ऋग्वेद तक में मिलता है—'एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति' (ऋग्वेद १. १६४. ४६.) एक ही सत् तत्त्व का विप्र विविध प्रकार से वर्णन करते हैं—यह स्याद्वाद का बीजवाक्य है। जैन-दर्शन की दृष्टि के अनुसार एक ही पदार्थ के विपरीत वर्णन अपनी-अपनी दृष्टि से सच्चे हैं। पारिभाषिक शब्दों में कहा जाय तो प्रत्येक पदार्थ में 'विरुद्धधर्माश्रयत्व' है। इस प्रकार का परस्पर विरोधी वर्णन उपनिषद् में भी एक जगह आता है। आत्माके विषय में उपनिषद्कार कहते हैं—'वह चलता है, वह स्थिर है, वह दूर है, वह समीप है, वह सर्वान्तर्गत है, वह सभी से बाहर है।'—"तदेजति तन्नैजति तद्दूरे तदन्तिके। तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः।" (ईश. ५)

सोक्रेटीस को अपने ज्ञान की अपूर्णता का—उसकी अल्पता का पूरा भान था। इस मर्यादा के भान को ही उसने ज्ञान अथवा बुद्धिमत्ता कहा है। वह कहता था कि मैं ज्ञानी हूँ, क्योंकि मैं जानता हूँ कि मैं अज्ञ हूँ। दूसरे ज्ञानी नहीं हैं, क्योंकि वे यह नहीं जानते कि वे अज्ञ हैं।

प्लेटो ने इस स्याद्वाद अथवा सापेक्षवाद का निरूपण विस्तार से किया। उसने कहा कि हमलोग महासागर के किनारे खेलनेवाले उन बच्चों के समान

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हैं जो अपनी सीपियों से सागर के पूरे पानी को नापना चाहते हैं। हम उन सीपियों से महोदधिका पानी खाली नहीं कर सकते फिर भी अपनी छोटी-छोटी सीपियों में जो पानी इकट्ठा करना चाहते हैं वह उस अर्णव के पानी का ही एक अंश है, इसमें कोई संशय नहीं। उसने और भी कहा है कि भौतिक पदार्थ संपूर्ण सत् और असत् के बीच के अर्धसत् जगत् में रहते हैं।[१] जैन की तरह उसने भी जगत को सदसत् कहते हुए यह समझाया कि न्यायी, वृक्ष, पक्षी अथवा मनुष्य आदि 'हैं' और 'नहीं हैं', अर्थात् एक दृष्टि से 'हैं' और अन्य दृष्टि से 'नहीं हैं', अथवा एक समय में 'हैं' और दूसरे समय में 'नहीं हैं' अथवा न्यून या अधिक 'हैं' अथवा परिवर्तन या विकास की क्रिया से गुजर रहे हैं। वे सत् और असत् दोनों के मिश्रणरूप से हैं अथवा सत् और असत् के बीच में हैं।[२] उसकी व्याख्या के अनुसार नित्य वस्तु का आकलन अथवा पूर्ण आकलन सायन्स (विद्या) है और असत् अथवा अविद्यमान वस्तु का आकलन अथवा संपूर्ण अज्ञान 'नेस्यन्स' (अविद्या) है, किन्तु इन्द्रियगोचर जगत् सत् और असत् के बीच का है। इसीलिये उसका आकलन भी 'सायन्स' तथा 'नेस्यन्स' के बीच का है।[३] इसके लिये उसने 'ओपिनियन' शब्द का प्रयोग किया है। उसके आधार पर यह कहा जा सकता है कि 'नॉलेज' का अर्थ पूर्ण ज्ञान है और 'ओपिनियन' का अर्थ अंश ज्ञान है। उसने 'ओपिनियन' की व्याख्या 'संभावना विषयक विश्वास' (Trust in probabilities) भी की है—अर्थात् जिस व्यक्ति में अपने अंश-ज्ञान या अल्पज्ञान का भान जगा हुआ होता हैं वह नम्रता से पद-पद पर कहता है कि ऐसा होना भी संभव है—मुझे ऐसा प्रतीत होता है। इसीलिए स्याद्वादी पद-पद पर अपने कथन को मर्यादित करता है। स्याद्वादी जिद्दी की तरह यह नहीं कहता कि मैं ही सच्चा हूँ और बाकी झूठे हैं। लूई फिशर ने गाँधीजी का एक वाक्य लिखा है; "मैं स्वभाव से ही समझौतापसन्द व्यक्ति हूँ क्योंकि मैं ही सच्चा हूँ ऐसा मुझे कभी विश्वास नहीं होता।"[४]

१. सी. ई. एम्. जोड—फिलोसोफी फोर आवर टाइम्स पृ० ४९।

२. एरिक-लेअन—प्लेटो पृ० ६०।

३. वही पृ० ६४।

४. "I am essentially a man of compromise because I am never sure I am right." Louis Fischer–The Great challenge.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बौद्ध भी इसी तरह स्याद्वाद की दिशा में हैं क्योंकि वे भी मध्यममार्गी हैं। मध्यममार्ग स्याद्वाद का ही एक रूप है। जैन-स्याद्वादी जिस प्रकार से जगत् को सदसत् कहता है उसी प्रकार से माध्यमिक बौद्ध भी कहता है कि अस्ति और नास्ति ये दोनों अन्त हैं, शुद्धि और अशुद्धि—ये दोनों भी अन्त हैं। इसीलिये ज्ञानी मनुष्य इन दोनों अन्तों का त्याग करके मध्य में स्थित होता है—

अस्तीति नास्तीति उभेपि अन्ता
शुद्धी अशुद्धीति इमे पि अन्ता।
तस्मादुभे अन्त विवर्जयित्वा
मध्ये हि स्थानं प्रकरोति पण्डितः॥

—समाधिराजसूत्र।

माध्यमिकों ने परमार्थ, लोकसंवृति, और अलोकसंवृति—इस प्रकार से सत्य की तीन अवस्थाएँ स्वीकृत की हैं। यह भी स्याद्वाद है।

शंकर तो तत्त्वज्ञान के क्षेत्र में स्याद्वाद का अधिक से अधिक प्रयोग करनेवाला एक चिन्तक है। उसने भी माध्यमिकों की भाँति सत्य की तीन अवस्थाएँ मानी और उन्हें नाम दिया—परमार्थ, व्यवहार और प्रतिभास।

वास्तविक रीति से देखा जाय तो शंकर ने किसी भी मत का नितान्त खण्डन नहीं किया। उसने यह बताया कि प्रत्येक मत किस दृष्टि से और किस अवस्था में सच्चा है, और उससे अपनी मर्यादा का अतिक्रमण न करके बोलने का अनुरोध किया। दूसरे ढंग से कहा जाय तो शंकर ने जो-जो विषय अपने हाथ में लिये, उन्हें तालाब के ऊँचे-नीचे सोपानवाले घाटों का रूप दिया। इसीलिये शंकर को सोपानवादी कह सकते हैं। हिरियन्ना ने अच्छी तरह से स्पष्ट किया है कि शंकर के मतानुसार प्रत्येक उपलब्धि अपनी-अपनी सीमा तक तो सत्य है, किन्तु अपनी सीमा का अतिक्रमण करने पर वही उपलब्धि मिथ्या हो जाती है। स्वप्नदशा की दृष्टि से स्वप्न सत्य होता है, किन्तु जागृति की दृष्टि से वही स्वप्न मिथ्या हो जाता है। उसी प्रकार जाग्रदवस्था का ज्ञान व्यवहार की दृष्टि से तो सत्य है किन्तु परमार्थ की दृष्टि से मिथ्या है[1]।

इस 'मिथ्या' शब्द का जो विशिष्ट अर्थ शांकर वेदान्त में है वह स्याद्वाद सिद्धान्त के अनुकूल है। मिथ्या अर्थात् अविद्यमान नहीं, संपूर्ण सत्

[1] हिरियन्ना—Outlines of Indian Philosophy P. 361.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अथवा नित्य नहीं अर्थात् सत् और असत् के बीच का मिथ्या है। शांकर वेदान्त में भ्रान्ति (Error) मात्र अंशतः भ्रान्ति है क्योंकि प्रत्येक भ्रान्तिमें सत्यका यत्किंचित् अंश तो रहता ही है।[१] दूसरे शब्दों में शांकर वेदान्त के अनुसार व्यवहार दशा में संपूर्ण ज्ञान अथवा संपूर्ण अज्ञान–इन दोनों में से एक भी संभव नहीं है अर्थात् ऐसा जो–कुछ ज्ञान है वह अंशज्ञान है। दूसरी ओर उसने यह भी कहा है कि जिसकी उपलब्धि होती हो वह वस्तु असत् अर्थात् अविद्यमान नहीं कही जा सकती।[२] इन दोनों बातों को–एकत्र करके ब्रेडले ने एक ही वाक्य में कहा कि झूठी से झूठी बात में भी सत्य रहता है। अल्प से अल्प पदार्थ में भी सत् तत्त्व रहता है।[३] इसलिए शांकर मतानुसार कोई भी व्यक्ति या कथन सर्वथा झूठ नहीं हो सकता।

इसलिए सभी धर्म और सभी दर्शन जैसा कि गांधीजी ने कहा है, सच तो हैं किन्तु अधूरे हैं अर्थात् प्रत्येक में सत्य का न्यूनाधिक अंश है। किसी एक में सम्पूर्ण सत्य नहीं है। टेनिसन ने कहा है कि सभी धर्म और दर्शन ईश्वर के हो स्फुलिंग हैं किन्तु सत्यनारायण स्वयं उन सभी में बद्ध न होकर, उनसे दशांगुल ऊँचा ही रहता है[४]—

They are but broken Ligh of thee
And thou O lord ! art more than they[५]—

नीति और सदाचारके विषय में भी यही बात है। एक तामिल लोकोक्ति में कहा गया है कि–'मलयत्तन पापई कडिय तन पुण्य', अर्थात् मलय पर्वत जितने पाप में भी तृण जितना पुण्य रहता ही है। पुण्य के आधार या अधिष्ठान के बिना पाप खड़ा नहीं रह सकता। बड़े से बड़े पापी मनुष्य में भी पुण्य का कुछ अंश तो होता ही है। एक संस्कृत वाक्य में इसी बातको यों कहा है—इस जगत् में दोष रहित और गुण रहित वस्तु या मनुष्य कहीं भी नहीं है—"दृष्टं किमपि लोकेऽस्मिन् न निर्दोषं न निर्गुणम्।"

१ वही–पृ० ३६१

२ "न चैवोपलभ्यमानस्यैवाभावो भवितुमर्हति" ब्रह्मसूत्र शांकरभाष्य २.२.२७।

3 There is truth in every idea however false. There is reality in every existance however slight–Bradlay-Appearance and Reality.

४ ऋग्वेद–१०–९–१

५–In Memoriam.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इस निरूपण से दो बातें फलित होती हैं—एक तो यह है कि हमें सम्पूर्ण सत्य का साक्षात्कार नहीं हो सकता अतएव जब जब हमें जो जो सत्य मालूम हो तदनुसार ही चलना चाहिए। दूसरे के पास भले ही सौ केण्डल पावर का देदीप्यमान दीप हो किन्तु वह हमारे लिए किस काम का? हमारे पास भले ही कांच की बत्ती के अन्दर रखा हुआ तेल का छोटा सा दीपक ही क्यों न हो, आखिर पथप्रदर्शन तो वही करेगा।

ऐसा होते हुए भी हमारे अपने दृष्टिबिन्दु के साथ ही साथ अन्य दृष्टिबिन्दु भी हैं, ऐसा जानने और समझने के बाद हम उन्हें समझने का प्रयास करते हैं अथवा यों कहिए कि उन्हें समझने का प्रयास करना चाहिए। यह तभी हो सकता है जब हम अपने आपको दूसरे के स्थान पर रखें। इसी बात को अंग्रेजी में यों कहा है—To put oneself into another's shoes दूसरे के जूते में अपना पैर डालना; और To get under his skin—उसकी चमड़ी में घुस जाना। यह क्रिया उस समय तक के लिए परकाया-प्रवेशरूप है। इसीका नाम Sympathy—सहानुभूति—(सह + अनुभूति) है। Sympathy शब्द की व्याख्या डी० क्विन्सी ने इस प्रकार की है—Act of reproducing in our minds the feelings of another—किसी अन्य व्यक्ति की भावनाओं की अपने मनमें पुनरुत्पत्ति की क्रिया। डी० क्विन्सी ने कहा कि सहानुभूति अर्थात् दया या अनुमति नहीं अपितु सहृदयता अर्थात् दूसरे की भावनाओं में प्रवेश करके उन्हें समझने की क्रिया। गांधी जी ने १९३३ में डा० पट्टाभि से कहा था कि जब मैं किसी मनुष्य को सलाह देता हूँ तब अपनी दृष्टि से नहीं किन्तु उसी की दृष्टि से देता हूँ। इसके लिए मैं अपने को उसके स्थान में रखने का प्रयत्न करता हूँ। जहाँ मैं यह क्रिया नहीं कर सकता वहाँ सलाह देने से इन्कार कर देता हूँ[१]—I advise a man not from my standponit but from his. I ry to put myself in his shoes. When I connot do so, I refuse to advise.[१]

उनकी इस आदत का परिणाम यह हुआ कि कितना भी मतभेद रखने वाले के प्रति भी वे सहिष्णु रहते और उसके साथ मित्रता रखने में समर्थ होते। १९२६ में साबरमती आश्रम में गांधी जी ने एक बार मुझे कहा—

1—More conversations of Gandhiji--By Chandra Shankar shukla. (Unpublished)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(उन्हीं के शब्दों में) मैं स्वयं Puritan हूँ किन्तु दूसरों के लिए Catholic हूँ[१]।

इस प्रकार की देखने-सोचने की आदत प्रत्येक विषय में हो तो हमें बहुत सी वस्तुएँ अनोखे स्वरूप में ही दिखाई देंगी। इसका एक उदाहरण देता हूँ—'स्त्री की बुद्धि हमेशा तुच्छ ही होती है' इत्यादि स्त्रियों की हीनता दिखानेवाले अनेक वचन पुरुषों ने लिखे हैं। स्त्रियों की तार्किक शक्ति पुरुषों के समान नहीं है, यह सच है। विलियम हेजलिट ने कहा है—स्त्रियाँ मिथ्या तर्क नहीं करतीं क्योंकि वे तर्क करना जानती ही नहीं (Women do not reason wrong for they do not reason at all) किन्तु आँख के दर्शनमात्र से पुरुष के हृदय की परीक्षा करने की जो शक्ति स्त्री में है वह पुरुष में नहीं है। यह भी सच है कि पुरुष में बुद्धि का और स्त्री में भावना का प्राधान्य है। पुराना स्थान छोड़कर नया स्थान स्वीकृत करना पुरुष के लिए सहज नहीं है, पुराने की ममता छोड़ना पुरुषों के लिए सरल नहीं है, किन्तु स्त्री ? वह एक स्थान तथा कुटुम्ब की माया-ममता छोड़कर किसी अन्य स्थान तथा अनजान परकीय व्यक्तियों को सहज ही में स्वकीय बना लेती है।

[२]When crowned with blessings she doth rise
To take her latest leave of home,
As parting with a long embrace,
She enters other realms of love.

इस क्रिया को भी वह सहज तथा सरस रूप से करती है। वही स्त्री माता होने के बाद कितनी बदल जाती है और विधवा होने के बाद सभी वस्त्र तथा आभूषणों को, मौज और शौक को सर्प की कंचुकी की भाँति उतार कर फेंक देने में एक क्षण की भी देर नहीं करती। भावनाओं के इतने परिवर्तनों का एक ही जीवन में अनुभव करना सामान्य बात नहीं है। संसार में यदि सचमुच कहीं जादू है तो वह स्त्रीके हृदय में ही है। गाँधीजी कहते थे कि मेरे अन्दर स्त्री-हृदय है। इसीलिए उन्होंने स्त्री-विकास में काफी योग दिया। अनेक स्त्रियाँ अपना सुख-दुःख निःसंकोच उनके सामने कह सकती थीं। तीन वर्ष पूर्व गुजरात की एक प्रमुख नारी ने मुझे कहा था कि हम स्त्रियाँ अपनी कुछ बातें किसी भी पुरुष के सामने नहीं रख सकतीं किन्तु गाँधीजी के आगे

१. गाँधीजी ना समागममां—सं० चंद्रशंकर शुक्ल।
2—Tennyson—In Memoriam—39

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अपने मन की बात रखने में ऐसा प्रतीत ही नहीं होता कि हम किसी पुरुष के सामने खड़ी हों। ऊपर जो सहानुभूति के विषय में कहा है उसका अर्थ ऐसा ही तादात्म्य है।

युवकों के प्रेम का उदाहरण लीजिए। तरुण प्रेमी-युगल जगत् में परस्पर को छोड़कर किसी को नहीं देखते। संसार में मानो उनके सिवाय कोई हो नहीं, ऐसा व्यवहार करते हैं—

'These two—they dwelt—with eye on eye' ऐसी उनकी स्थिति होती है। ऐसे प्रेम में चोरी या बुरी नियत न हो तो वह प्रेम शुद्ध ही कहा जायगा। ऐसे युगलोंको पागल कह कर वृद्ध उनकी टीका करें यह ठीक नहीं है। नव-रक्त से सिक्त युवावस्था को शीतल-रक्त युक्त वृद्धावस्था की आँखों से देखना उचित नहीं कहा जा सकता। वसन्त को पतझड़ की दृष्टि से देखना सर्वथा अयुक्त है। पतझड़ को तो ऐसा ही लगेगा कि वसन्त कैसा उड़ाऊ और विलासी है। आषाढ़ की निनादयुक्त तथा मैले पानी वाली नदी को आश्विन की स्वच्छ तथा शान्त जलवाली नदी की दृष्टि से नहीं देखा जा सकता। आषाढ़ में तो नदी का पानी मलीन ही होता है। श्रावण-भाद्रपद व्यतीत हो जाने पर जब आश्विन आता है तब वह स्वतः निर्मल हो जाता है। इसी प्रकार—'नवं वयः कान्तमिदं वपुश्च' ऐसा यौवन समाप्त होते ही 'रोमान्स' की व्याकुलता स्थिर हो जाने पर शान्त प्रेम का प्रवाह (जिसे एक अंग्रेज कवि ने Settled bliss कहा है) अपने आप बहने लगता है।

वस्तुतः ऐसा शुद्ध प्रेम जहाँ भी है वहाँ स्त्री-पुरुष एक दूसरे के रूप को नहीं देखते—"यह जो पुरुष आँख में दिखाई देता है"—(य एषोऽक्षिणि पुरुषो दृश्यते)[१] उसी को वे देखते हैं। यदि ऐसा न होता तो कृष्ण कोकिला सरीखी लैला के पीछे मजनू पागल क्यों होता? आयरिश कवि यीट्स के एक काव्य में एक स्त्री को उद्देश्य करके कहा है कि तेरे रूप के विभिन्न अंगों से प्रेम रखनेवाले अनेक व्यक्ति थे, किन्तु तेरे अन्तर में निवास करनेवाले यात्री आत्मा को तो एक ही व्यक्ति चाहता था—

'But one man loved the pilgrime soul in you.'

किसी भी प्रकार के शुद्ध प्रेम में एक आत्मा अपनी प्रेम-क्षुधा को शान्त करने के लिए अन्य आत्मा की आकांक्षा करता है—'आत्मनस्तु कामाय सर्वं

१—छांन्दोग्योपनिषद्—४—१५—१

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रियं भवति'[२]। विरहातुर गोपियों ने इसी प्रकार के आत्म-प्रेम से प्रेरित होकर ही कृष्ण को कहा था—हे सखा! अब यदि तू नहीं आयेगा तो हम विरहोत्थित अग्नि में अपने देह को भस्म करके ध्यान बल से तेरे पीछे-पीछे चली आएँगी। 'नो चेद् वयं विरहजाग्न्युपयुक्तदेहाः ध्यानेन याम पदयोः पदवीं सखे ते'[२] स्त्री-पुरुष के ऐसे अनुराग को हम प्रेम या प्रणय भले ही कहें किन्तु वस्तुतः वह प्रेम या प्रणय से कुछ अधिक होता है। इसीलिए एडगर एलन पो ने एक काव्य में लिखा है—

We loved with a love that was more than love,
I and my Annabel lee. राम और सीता, नल और दमयन्ती, शिव और पार्वती, फरहाद और शिरीन जैसे अनेक प्रेमी-युगलों ने ऐसी लोकोत्तर प्रेमाग्नि में अपने जीवन की बलि चढ़ा कर हुताशन को प्रज्ज्वलित किया है। उसी हुताशन के स्फुलिंगों के आधार पर ही संसार में आज पति-पत्नी का प्रेम टिका हुआ है।

स्याद्वाद अथवा अनेकान्तवाद किसी भी विषय के दो अन्तों को छोड़कर शान्ति का मध्यम मार्ग ग्रहण करने का आदेश देता है, यह ठीक है किन्तु कई बार इस शान्ति को त्यागकर पागल बनना ही पड़ता है। मनु ने कहा है कि 'सामने की भूमि देखकर पैर बढ़ाना, वस्त्र से छानकर पानी पीना'—(दृष्टिपूतं न्यसेत् पादं वस्त्रपूतं जलं पिबेत्) यह व्यवहारोपयोगी एवं अच्छी शिक्षा है। देख-देखकर पैर बढ़ानेवाले, सौ बार छानकर पानी पीनेवाले, Err on the safe side की सलाह देनेवाले, आगे बढ़ती हुई गाड़ी को खतरे से बचाने के लिए ब्रेक लगानेवाले गार्ड के समान हैं। ऐसे लोगों की भी जगत् को आवश्यकता है किन्तु संसार को आगे बढ़ाने का सामर्थ्य उनमें नहीं होता। गाड़ी खींचनेवाले एंजिन का काम तो धुनी और पागल मनुष्य ही कर सकता है जो जगत् के कंटकाकीर्ण पथ पर दौड़ता है—(मृद्नन्ति कुशकण्टकान्) और विद्ध होने की तनिक भी चिन्ता नहीं करता। किसी भी विषय में सिद्धि प्राप्त करने के लिए पागलपन को धुन सवार होना आवश्यक है। एक अंग्रेज लेखक ने कहा है कि 'सर्वोच्च कोटि की सिद्धि और सभी का ध्यान आकर्षित करनेवाली सफलता प्राप्त करना हो तो मन की

१—वृहदारण्यकोपनिषद्—२—४—५
२. भागवत-१०-२९-३५

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

एकाग्रता का अवलम्बन लेना चाहिए, किन्तु वह एकाग्रता कैसी ? पागल के बिल्कुल समीप पहुँचनेवाली एक प्रकार की तद्विषयक तमन्ना—

'Supreme achievement and outstanding succes are only rendered possible by mental concentratio by a sublime monomenia verging on lunacy.

स्याद्वाद का अर्थ यही है कि सद्गुण के अनेक रूप हैं। साधु की तप सती का सतीत्व, बालक की निर्दोषता, सुभट का शौर्य आदि सभी के लि संसार में स्थान है। स्याद्वादी इन सभी का सम्मान कर सकता है। वह निसर्गप्रेमी हो तो वर्षाकाल की वर्षा, शरद ऋतु की शीतलता और काल का आतप इन सभी अवस्थाओं का आनन्द ले सकता है क्योंकि समझता है कि प्राकृतिक रचना में इन सब को स्थान है, सभी का उप है। इनमें से किसी भी ऋतु की विपरीतता से अन्य ऋतुएँ भी विकृत जाती हैं। जो कुछ अनुभव में आवे उसके साथ समरस होने का प्र करना, यही स्याद्वाद की प्रवृत्ति का चिह्न है। स्याद्वाद अपने विरोधियों के का उन्हीं की दृष्टि से आदर कर सकता है, यद्यपि वह उससे सर्वथा सम्मत भी हो। दधि-दूधवाली—डुलमुल नीति की निन्दा की जाती है किन्तु वह स के लिये अवगुण ही है ऐसा नहीं कहा जा सकता। दधि और दूध दोनों के जाननेवाला यदि प्रकृति-भेद के कारण दधि नहीं खा सकता तो भी वह गुण की उपेक्षा नहीं कर सकता। वह यह समझता है कि प्रत्येक और कार्य अपने ही समुचित स्थल-काल-संयोग में सुशोभित होते यदि अनुचित कालादि संयोगों में रखे जायँ तो निन्दापात्र कुरूप जुगुप्सित हो जाते हैं। इसीलिये 'मैले' शब्द की व्याख्या की गई है 'अस्थान में रखा हुआ पदार्थ—(Matter misplaced is di अतएव कोई भी वस्तु या कार्य स्वतन्त्र रूप से असुन्दर या निरुपयोगी होता। त्याज्य मल भी जब जमीन में गाड़ा जाता है तब वह बहुमूल्य के रूप में कृषि के लिये पुष्टिकारक पदार्थ बन जाता है।

अतएव डुलमुल नीति जैसे छिछोरे आक्षेपों का जोखिम उठाकर भी स्या सापेक्षवाद—अर्थात् रिलेटिवीटी—का सिद्धान्त परस्पर विरुद्ध दीखने वस्तुओं का एकत्र समर्थन करता है और परस्पर विरोधी वस्तुओं के संमि का प्रयत्न करता है। वह कहता है कि मनुष्य में और समाज में प्रेम श्यक है और वैराग्य भी आवश्यक है, कोमलता चाहिए और कठोरता चाहिए; छूट चाहिए और मर्यादा भी चाहिए। प्रणालिकारक्षण और प्रगति

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भंग दोनों आवश्यक हैं। यदि वस्तुतः देखा जाय तो यही सलाह सच्ची है। उदाहरण के तौर पर प्रेम और वैराग्य परस्पर बिरोधी नहीं हैं अपितु एक ही सिक्के के दो बाजू हैं। प्रेम में जब वैराग्य की मात्रा हो तभी वह सच्चा प्रेम हो सकता है अन्यथा वह केवल मोह या आसक्तिरूप बन जायगा। "तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः"[१] (त्याग करके भोग करो) उपनिषद् के इस वाक्य में यही बात कही गई है। दूसरी ओर वैराग्य भी प्रेम से अनुरंजित होने पर ही सुशोभित होता है और सुफलदायक बनता है अन्यथा वह मनुष्य के हृदय को शुष्क वीरान बना देता है। स्त्री पुत्रादि के साथ कलह करके यदि संसार त्याग किया हो तो वह वैराग्य नहीं है। सिद्धार्थ का यशोधरा से असीम स्नेह था इसी से उनका गृहत्याग महाभिनिष्क्रमण कहा गया और उसी में से "आत्मनो हिताय जगतः सुखाय च" इस प्रकार का संसार के लिये एक उपयोगी सन्देश प्रकट हुआ। उपवीत धारण करने के पूर्व ही संसार के कर्मों का त्याग करके प्रव्रज्या लेनेवाले (यं प्रव्रजन्तमनुपेतकृत्यम्) शुकदेव को जिस समय उनके पिता द्वैपायन ढूँढने निकले उस समय उन्हें विरहातुर स्वर से 'बेटा!' कह कर पुकारने लगे। शुक वृक्षों में तन्मय थे अतः वृक्षों ने प्रत्युत्तर दिया—(तन्मयतया तरवोऽभिनेदुः)। वैराग्यमूर्ति शुक ने भूतमात्र के हृदय के साथ तादात्म्य सम्बन्ध स्थापित कर लिया था (सर्वभूतहृदयम्)। ब्रह्मचर्याश्रम से ही संन्यास लेनेवाले शंकर के हृदय में अपनी माता के प्रति इतना प्रेम था कि उसकी मृत्यु होने पर संन्यासी के वह्नि-स्पर्श के नियम को तोड़ कर उसके शवका अग्नि-संस्कार किया था। इतना होते हुए भी अपने देश में पिछले एक हजार वर्ष की जो दीर्घकालीन रात्रि आई उसमें शुष्क वैराग्य का विकास हुआ और सगे-सम्बन्धी स्वार्थ के साथी हैं, ऐसा कह कर ही वैराग्य के उपदेश दिये गये। ऐसे वैराग्य ने विकृति उत्पन्न की और देश की बहुत बड़ी हानि की। सगे-सम्बन्धी सभी स्वार्थी; और निःस्वार्थी तो हम अकेले ही! जन्म से लगा कर मरण पर्यन्त निःस्वार्थ प्रेम और सेवा के अनेक अनुभव होते हुए यह कैसे कहा जा सकता है? दूसरी ओर ऊपर जो लोकोत्तर प्रेम की बात कही गई है वहाँ भी पति-पत्नी, प्रेम के अतिरिक्त जगत् में अन्य कोई कर्तव्य नहीं है, ऐसा मानने पर दोष पात्र ही गिने जायँगे।

स्याद्वाद अथवा सापेक्षवाद से दूसरी बात यह फलित होती है कि कोई

१. ईशोपनिषद्—१

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भी गुण जब तक अपनी मर्यादा का उपल्लंघन नहीं करता, गुण रहता है, कि
यदि उसमें न्यूनता या अतिशय आ जाय तो वह दोष हो जाता है।
मध्यम मार्ग है। गीता में भी कहा है कि समत्व ही योग है। मैडम
ट्स्की ने सन्तुलन (equilibrium) रखने का उपदेश दिया है। कि
जीवन में सद्गुण की साधना करना और साथ ही साथ सन्तुलन की
करना—रस्सी पर नाचने से कम नहीं है। जीवन का लोलक जब तक हि
रहता है तब तक वह बीच की समत्व स्थिति से आगे या पीछे ही
है। बीच की स्थिति में तो केवल एक क्षण के लिए ही आता है। यदि
उसी स्थिति में हमेशा के लिए स्थिर हो जाय तो जीवन की घड़ी ही बन्द
जाय। अतः जीवन की गति सतत सन्तुलन को बिगाड़नेवाली ही एक
है। तथापि जीवन की गति को चलाते हुए सन्तुलन की रक्षा करना,
मनुष्य का साध्य है। ऊँचे लटकाये गये तराजू के दोनों पलड़ों को
रखने की क्रिया के समान यह मार्ग धर्म-साधना की दृष्टि से ही नहीं
सफल एवं सरल व्यवहार के लिए भी आवश्यक है।

इसके कुछ उदाहरण लीजिए—घरेलू वस्तुओं की सुव्यवस्था आवश्यक
प्रशंसापात्र सद्गुण है। उसका अभाव फूहड़पन कहा जाता है। किन्तु
में ऐसे स्त्री-पुरुष भी हैं जो घर की किसी सुव्यवस्थित चीज के एक बार
उधर हो जाने से इतने दुःखी होते हैं मानो उनकी जान ही निकल जाती है
सुव्यवस्था की चिन्ता के पीछे पागल हो जानेवाली स्त्री अपने पति या बच्चों
हमेशा झगड़ा किया करती है और सब की दृष्टि में हीन बनती है।
समझना चाहिए कि जिस घर में मनुष्य होते हैं उस घर की व्यवस्था
बिगड़ती ही है, किन्तु उसे सुधारा भी तो जा सकता है। व्यवस्था बिग
वाले मनुष्य भी कभी-कभी दुर्लभ होते हैं। इसीलिए तो सुन्दर गृहाङ्ग
रंगावट को बिगाड़ने वाले बालक की प्राप्ति के लिए आतुर स्त्री प्रभु से प्रार्थ
करती है कि 'हे प्रभो! मुझे नन्हे-नन्हे पद-चिह्न बनाने वाला बच्चा दीजिए'।

नियमितता अवश्य ही एक सद्गुण है, किन्तु उसका जो सीमोल्लंघन
वह एक दुर्गुण ही है, इसका एक उदाहरण जो कि मैंने अपने सम्मान
मित्र से सुना है, देता हूँ। यह बात बीस वर्ष पुरानी है। हरिलाल
नामक एक अफसर थे। नियमितता विषयक तत्परता के कारण हास्यदृष्टि
से उनके मित्रों ने उनका नाम रखा था–'हरिलाल दी रेग्युलर'। हरिलाल
नियमितता के इतने पक्के थे कि यदि उनके मित्रों को रविवार के दिन दो
के बारह बजे आने का आमन्त्रण दिया गया हो और ठीक बारह बजे

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यदि वे न आये हों तो वे स्वयं अकेले ही भोजन करने बैठ जाते थे। यह विवेक की कमी है। अतिथि समय पर न आवे और गृहपति को किसी कार्य के लिए नियमित समय पर कहीं उपस्थित होना हो, ऐसी स्थिति में पहले भोजन करने बैठ जाना कोई अविवेक नहीं है किन्तु रविवार या छुट्टी के दिन भी आमंत्रित मित्रों की प्रतीक्षा न करना पोथी-पंडिताई का आग्रह मात्र है।

स्वास्थ्य अच्छा और आवश्यक गुण है किन्तु ८२ वर्ष की उम्र तक जीने वाला एक ग्रंथराशि का निर्माता टॉल्सटॉय लिखता है कि जिस मनुष्य ने कभी कष्ट सहन नहीं किया, जो कभी बीमार नहीं हुआ, जो प्रजा सर्वदा निरोगी है, अमर्याद निरोगी है वह राक्षस है—

A being who has never suffered, who has never been ill, always healthy, too healthy, is a monster.

जो व्यक्ति कभी बीमार नहीं होता वह दूसरे बीमार व्यक्ति की वेदना कैसे जान सकता है? इसलिए जो कवि, कहानी लेखक, या उपन्यासकार पाठक को रुलाना चाहता है उसे स्वयं रोना पड़ता है। विक्टर ह्यूगो ने कहा है कि जो रोता नहीं वह देखता भी नहीं। (He who does not weep does not see.) संसार में कोई भी मनुष्य सर्वसद्गुणों का समान भाव से अनुशीलन नहीं कर सकता। देश-काल का वातावरण, आनुवंशिक संस्कार तथा पूर्व जन्म से प्राप्त एवं इस जन्म में विकसित वृत्ति इन सभी सीमाओं के अनुसार ही वह भिन्न-भिन्न गुणों का अनुशीलन कर सकता है। उसकी शक्तियों के विकास में भी इसी प्रकार का तारतम्य आ जाता है। प्रकृति का गुरुत्वाकर्षण सर्वत्र संतुलित है अतः एक गुण या शक्ति की न्यूनता या अधिकता होने पर उसके पूरक गुण या शक्ति उसी परिमाण में कम या अधिक होते हैं। एक इन्द्रिय के कमजोर होने पर दूसरी अधिक बलवान् होती है। एक के अधिक बलवान् होने पर दूसरी मन्द हो जाती है। व्यवहारकुशल व्यापारी पाई-पाई का हिसाब लगाकर सम्पत्ति एकत्रित करता है। यह उसकी विशेष कुशलता है और जगत् को उसकी अत्यन्त आवश्यकता है, किन्तु सम्भव है कि भावुक कवि भाव-ताव के रगड़े से परिचित न हो। ऐसा होते हुए भी उसकी निन्दा नहीं की जा सकती। उसके पास एक अन्य अद्भुत शक्ति है जिसे शेली ने संवादी पागलपन (Harmonious madness) कहा है। चातक के सामने अपनी माँग रखते हुए वह कहता है कि तू मुझे ऐसी शक्ति दे जिससे जगत् मेरा गान उसी प्रकार कान लगाकर सुने जैसा कि तेरा गीत इस समय मैं सुन रहा हूँ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

संसार में गुण और शक्ति का ऐसा ही विभाग है। इसी से संसार गति-शील है। यदि हम इतना सा समझ लें तो हमारे पास जो शक्ति या कुशलता न हो उसके लिए हम आक्रन्दन न करें और अपनी कमी का भी हमें कोई न कोई लाभ ही दिखाई दे।

इसके उपरान्त मनुष्य की जो विशेषता एक दृष्टि से गुणरूप प्रतिभासित होती है वही अन्य दृष्टि से दोषरूप दिखाई देती है। लेकी ने अपने हिस्ट्री आफ यूरोपियन मोरल्स् में इसका एक उदाहरण दिया है कि जो मनुष्य उदार होता है वह खर्चीला दीखता है और जो मनुष्य करकसर पूर्वक खर्च करता है वह कंजूस दीखता है। इसी प्रकार स्त्री का प्रेम संकुचित है क्योंकि वह अनन्य है, उसका मन अन्यत्र नहीं जाता, यही उसकी शोभा है। नदी का प्रवाह जहाँ गहरा होता है वहाँ संकरा और जहाँ विस्तृत होता है वहाँ छिछला होता है या नहीं? यही बात स्त्री के प्रेम के विषय में भी समझना चाहिए। जिस प्रेम के बल से अन्तर का प्रत्येक तार हिल उठता है वह प्रेम एक ही साथ कितने व्यक्तियों में बहाया जा सकता है?

इमरसन ने इसे Law of compensation–क्षतिपूर्ति का नियम कहा है। इस विषय का उसका जो निबन्ध है वह स्याद्वाद विषयक ही है। उसमें उसने लिखा है कि हमारी शक्ति अपनी निर्बलता से ही उत्पन्न होती है। (Our strength grows out of our weakness) प्रत्येक मिठास में खटाई का अंश होता ही ह और प्रत्येक बुराई में भलाई का पक्ष भी रहता ही है—

Every sweet hath its sour; every evil its Good.

फ्रांसिस टोमसन ने भी कहा है कि माधुर्य में शोक और शोक में माधुर्य समाविष्ट ही है–The sweetness in the sad and the sadness in the sweet. यही समझ हमें बहुत आश्वासन देती है। इतना ही नहीं किन्तु इससे हमें दूसरों में जो दोष दिखाई देते हैं उनमें भी गुणों का दर्शन होने लगता है। उदाहरण के तौर पर एक समय जब प्रान्तीयता की हवा चली तब गुजरात और महाराष्ट्र दोनों प्रान्तों के व्यक्तियों के समक्ष उनकी अपनी कटु टीका सुनाने का अवसर सद्भाग्य या दुर्भाग्य से मुझे मिला था। गुजराती जब महाराष्ट्रियों के हठीलेपन की टीका करते तब मैं कहता कि यह उनका दोष है, यह सच है। 'अपने प्रतिपक्षियों के साथ शीघ्र समाधान करो'

Agree with thine adversary quickly—यह ईसा का उपदेश उनके गले नहीं उतरता, किन्तु हठीलापन पहाड़ी प्रजा के स्वभाव की एक

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विशेषता है और अमुक अवस्था में वह गुणरूप होता है। पहाड़ी व्यक्ति युद्ध में सहज ही नहीं झुक सकता। वह पर्वत की एक-एक दरार में खड़ा रह कर लड़ सकता है। हम गुजरातियों में जो समाधान वृत्ति है वह भी एक बड़ा सद्‌गुण है। इससे समाज में बहुत मीठापन रहता है, किन्तु अपनी उसी वृत्ति का दूसरा पहलू भी देखें तो दिखाई देगा कि हम वैतसी वृत्ति के लोग हैं। पवन का एक झोंका आया कि झुक गये। मुसलमान, मराठा और अंग्रेज आये। हम लोगों ने अपने पर उन्हें निर्विघ्न राज्य करने दिया। ई० स० १३०० और १५०० के बीच हमारे यहाँ स्वतंत्रता के लिए एक भी लड़ाई नहीं हुई किन्तु जिन्हें हम हठीले कहते हैं उन महाराष्ट्री-भाइयों ने जिस समय स्वराज्य और स्वदेश की भावना प्रायः लुप्त थी उस समय अपने बलिदान द्वारा उन दोनों भावनाओं को जीवित रखने का प्रयत्न किया। इसके लिए हम उनके ऋणी हैं। दूसरी ओर महाराष्ट्री मित्र कहते थे कि गुजराती पुलिस और सेना में सम्मिलित नहीं होते। उनमें वीरता कहाँ है? तब मैं कहता कि वीरता एक ही प्रकार की नहीं होती। व्यापारी लाभ और हानि में मन का सन्तुलन रखता है। यह भी वीरता का एक प्रकार है और फिर गुजराती प्रजा अधिक अंश में समुद्र के किनारे पर रहनेवाली प्रजा है। ई० पू० के जमाने में किसी समय गुजरात के विजयकुमार ने सिंहल की कुमारी से विवाह किया और गुजराती में 'लंकानी लाडी ने घोघानो वर' कहावत प्रसिद्ध हुई। उस समय तो यह बात ठीक थी ही किन्तु आज भी विदेश में जहाँ कुछ हिन्दुस्तानी रहते हैं वहाँ एक न एक गुजराती अवश्य मिलेगा। कवि नानालाल ने ठीक कहा है कि—

'महासागर ना पृथ्वी विशाल
सरोवर कीधां गुर्जरी बाल'

अर्थात् पृथ्वी पर बड़े-बड़े महासागर हैं किन्तु गुजराती—व्यक्तियों ने उसे सरोवर वाली कर दी।

इस प्रकार लगातार कई वर्षों तक कुटुम्ब को देश में छोड़कर नौकाओं द्वारा जाते रहना, विदेश में जाकर वहाँ के लोगों की सद्‌भावना प्राप्त करना—(क्योंकि व्यापार लुच्चाई पर नहीं चलता अपितु सद्‌भावना पर चलता है और इसीलिए सद्‌भावना का व्यापार में महत्त्व है) और अकेले या छोटे-मोटे झुण्ड में रहकर जंगल में मंगल करना, इन सब बातों में क्या वीरता की आवश्यकता नहीं है? गुजराती मनुष्य तलवार—बन्दूक लेकर लड़ने के लिए नहीं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जाता, किन्तु पैसे का नाम लेने पर पृथ्वी के उस पार जाने में भी संकोच नहीं करता और पत्थर को तोड़ कर भी पैसा पैदा कर सकता है। इस बात को सुनकर महाराष्ट्री मित्र कहते थे कि सच बात है। हम लोग इस तरह विदेशों में नहीं जा सकते।

ए. जी. गार्डिनर ने अपने एक निबन्ध में किसी एक फ्रेञ्च लेखक का उद्धरण दिया है। उसमें उसने लिखा है कि जोन और स्मिथ जब मिलते हैं तब वस्तुतः छः व्यक्तियों का मिलन होता है। वह इस प्रकार है—जोन के अपने मन में जोन का खुद का चित्र, स्मिथ के मन में जोन का चित्र, ईश्वर की दृष्टि में जोन का चित्र, (John as John Knows himself, John as Smith knows him, John as God knows him) इसी प्रकार तीन स्मिथ। इसका तात्पर्य यह है कि हम अपने को या किसी अन्य को सम्पूर्ण रूप से नहीं जान सकते। यह समझ एक ओर हमें अन्य के प्रति उदार बनना सिखाती है और दूसरी ओर अन्य के द्वारा होनेवाली टीका के प्रति सहिष्णु बनना सिखाती है अर्थात् अन्य के दर्पण में हमारा जो प्रतिबिम्ब है उसे देखने की शिक्षा देती है।

जवाहरलाल जी के एक लेख के विषय में एक पत्र में मैंने ज्वलन्त अर्थात् 'ब्रिलियन्ट' विशेषण का प्रयोग किया था। इसके लिए गांधी जी ने १९१४ में सेलम में मुझे बहुत डाँटा। उन्हें ऐसा लगा था कि मैंने जवाहरलाल जी को यह सर्टिफिकेट दिया है। वह स्तुति करने में भी मर्यादा रखने की शिक्षा थी। गांधी जी ने लिखा भी है—घटना का विशेषणों के श्रृंगार से रहित वर्णन, पल्लवित भाषा से अतिरंजित वर्णन की अपेक्षा अधिक छटादार और प्रभावोत्पादक होता है[1]—A bare Statement of facts unembellished with adjectives is far more eloquent and effective than a narrative glowing with exuberant language.—

बहुत वर्षों के बाद डीन इंज द्वारा किया गया, इसी का समर्थन मैंने देखने में आया। 'विशेषणों की कमी करो' ([2]Be chary with your adjectives) व्यापारी बनिये से एक आदत सीखने जैसी है। वह अपने बहीखाते में जमा पक्ष प्रथम लिखता है और नाम पक्ष बाद में अर्थात् पहले वह

1—Young India—27-9-19
2—A Rustic moralist—P. 305

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अपने ऋण का विचार करता है अर्थात् पहले अपने कर्तव्य को ध्यान में रखता है और बाद में अपने लेने अर्थात् अपने अधिकार का विचार करता है। इसी प्रकार हम भी किसी मनुष्य के जमा-पक्ष का अर्थात् उसके गुण की परीक्षा पहले करें तो हमें लाभ ही होगा। फिर दोष तो सहज ही दिखाई देंगे क्योंकि मनुष्य के दोष तो छप्पर पर चढ़कर बोलते हैं। गुण देखने के लिए प्रयत्न करना पड़ता है, दोष देखने के लिए नहीं। ऐसा करने से हम में सहिष्णुता आती है किन्तु मनुष्य के प्रति सहिष्णुता या दया रखने के विचार में भी अविवेकी उद्धतपन रहा हुआ है। वस्तुतः हमें सबके प्रति आदर-बुद्धि ही रखनी चाहिए, क्योंकि सबके भीतर परमात्मा बैठा हुआ है, ऐसा रामकृष्ण परमहंस ने सिखलाया है। भागवत में भी कहा है कि इन सभ प्राणियों को आदर से नमस्कार करना चाहिए क्योंकि उनमें जीव-रूपी कला या अंश द्वारा ईश्वर ने प्रवेश किया है।[१]

इसी विषय में एक अन्य अंश पर भार देते हुए ईसा ने भी कहा है कि तुम किसी के काजी मत बनो (Judge not) जीवन में पद-पद पर अन्य व्यक्तियों से काम पड़ता है ऐसी दशा में उनकी शक्तियों का नाप भी करना ही पड़ता है, किन्तु इसमें अन्य के प्रति उदार दिल रखने की आवश्यकता है। उपनिषद् ने कहा है कि मन को बड़ा रखो, वह व्रत है—'महामना स्यात् तद् व्रतम्।' इसी को सेन्ट पॉल ने charity—कहा और उसे श्रद्धा तथा आशा से भी बड़ा पद दिया—

And now abideth faith, hope, charity these three; but the greatest of these is charity. इसी Charity को गीता में 'आत्मौपम्य' कहा है और धम्मपद में जिसके विषय में 'अत्तानं उपमं कत्वा' ऐसा कहा गया है।

किन्तु गुणों के विषय में ऊपर जो कुछ कहा गया है उसका कहीं अनर्थ न हो, इस दृष्टिकोण को सामने रखकर इतना सा स्पष्टीकरण कर देना चाहता हूँ कि 'पाप-पुण्य में कोई भेद नहीं है और 'रामाय स्वस्ति, रावणाय स्वस्ति' कहना एक ही बात है,' ऐसा स्याद्वाद का अर्थ नहीं है। जो तारतम्य है वह गुणोत्कर्ष की अपेक्षा से है। इसी के साथ इतना और समझना चाहिए कि

१—मनसैतानि भूतानि प्रणमेद् बहु मानयन्।
ईश्वरो जीवकलया प्रविष्टो भगवानिति ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कई बार पाप-पुण्य का निर्णय करना जरा अटपटा-सा हो जाता है। इसी प्रकार कई बार व्यक्ति अनिच्छा होने पर भी विवश होकर पाप करता है। हम स्वयं भी ऐसा ही करते हैं। इससे गाँधीजी ने यह फलितार्थ निकाला कि पाप का तिरस्कार करना चाहिए, पापी का नहीं। पाप पर दया करके उसे पुण्य की कोटि में रखने से अनर्थ ही होता है। इसलिए इतिहासकार को ऐतिहासिक व्यक्तियों के कार्य का मूल्यांकन करने की जो सलाह लार्ड एक्टन ने दी है वह ठीक है, क्योंकि वहाँ न्याय व्यक्ति का नहीं अपितु उनके कार्यों का होता है।

जीवन में अनुभव (Experience) और तर्क (Reason) दोनों की भिन्न-भिन्न दृष्टियाँ हैं। अनुभव की दृष्टि के देखने पर मालूम होता है कि प्रकृति ने जगत् के समान जीवन में भी बाड़ खड़ी नहीं की है। जीवन में तो तेज और छाया (Light and shade) है अथवा जैन-दर्शन के कथनानुसार तरतम भाव है। बाड़ें या दीवारें तो तर्क ने खड़ी की हैं। पारिभाषिक शब्द का प्रयोग करके कहूँ तो Division by dichotomy—नितान्त भिन्नत्व तर्क में है, जीवन में नहीं। Contrary (शीत और उष्ण) और Contradictory (शीतल—अशीतल) इन दोनों का ऐक्य तर्क में है, जीवन में नहीं। Distinct अर्थात् भिन्न और Opposite अर्थात् विरुद्ध एक नहीं हैं। क्रोस ने कहा है कि दो भिन्न (distinct) कल्पनाएँ एक दूसरे के साथ भिन्न होने पर भी मिल सकती हैं। किन्तु दो विरुद्ध (Opposite) कल्पनाएँ एक दूसरे से निराली और भिन्न ही रहती हैं।

(Two distinct concepts unite with one another although they are distinct but two opposite concepts seem to exclude one another[1]) इसका दृष्टान्त देते हुए राधाकृष्णन् ने कहा है कि चिन्तन और कर्म भिन्न हैं, किन्तु विरुद्ध नहीं (Contemplation and life are distincts, not opposites)[2]

हमारा अनुभव है कि शीत-उष्ण, पतला-मोटा, ऊँचा-नीचा—इन द्वन्द्वों में विभाजन की कोई ऐसी रेखा नहीं होती जहाँ पर एक समाप्त होकर दूसरा प्रारंभ होता हो। एक ही पानी शीतल और उष्ण कहा जा सकता है। एक मनुष्य जो कि दूसरे व्यक्ति की अपेक्षा ऊँचा है, तीसरे की अपेक्षा नीचा हो सकता है। एक रोटी एक को पतली मालूम होती है किन्तु वही रोटी

1—Philosophy of Hegel—E. T.
2—Religion and society P. 70

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दूसरे को मोटी लग सकती है। इसलिए ये सब विशेषणद्वन्द्व एक दृष्टि से सच्चे और दूसरी दृष्टि से झूठे हैं। पहले जैसा कहा है—दोंनों अन्तों के बीच की जो स्थिति है उसका यथार्थ वर्णन करने के लिए हमारी भाषा में शब्द नहीं है। यह कठिनाई तत्त्व चिन्तकों की दृष्टि में बहुत पहले से ही रही हुई है। इसीलिए वेदान्तियों ने कहा कि जगत के पदार्थ अनिर्वचनीय हैं, जैनों ने कहा कि अवक्तव्य हैं और बौद्धों ने कहा कि किसी भी वस्तु का अन्य वस्तु के साथ सम्बन्ध बताये बिना वर्णन नहीं हो सकता, अतएव वस्तुमात्र निःस्वभाव होने से शून्य है। यहाँ तीनों शब्द भिन्न-भिन्न भले ही हों, किन्तु तीनों का भावार्थ एक ही है।

अनुभव का ही सम्पूर्ण रूप से अनुसरण करके कहना हो तो यों कहना पड़ेगा कि शीत-उष्ण पानी लाओ, ऊँचे-नीचे मनुष्य को बुलाओ, मोटी-पतली रोटी दो; किन्तु इस प्रकार जीवन का व्यवहार नहीं चल सकता, इसलिए कृत्रिम होनेपर भी व्यवहार के लिए तर्क द्वारा मण्डित विभाजन का आश्रय लेना ही पड़ता है। वक्ता और श्रोता के मन में शीत-उष्ण, मोटा-पतला इत्यादि विषयक समझ किसी सीमा तक एक सरीखी हो तभी व्यवहार सरलता पूर्वक चल सकता है। पदार्थों के जो द्वन्द्व परस्पर नितान्त भिन्न नहीं होते उन्हें नितान्त भिन्न मानकर ही तर्क की भाषा में बोलना पड़ता है, यह कठिनाई अवश्य है। प्रत्येक कथन अमुक स्थल, काल, संयोग आदि की अपेक्षा से ही होता है, किन्तु बोलनेवाला उस स्थल, काल, संयोग की मर्यादा का कथन नहीं कर सकता। कहने का प्रयत्न करने पर उसकी भाषा अटपटी और बेढंगी बन जाएगी और व्यवहार नहीं चल सकेगा। सुननेवाला या पढ़नेवाला उसे अन्य ही अनपेक्षित स्थल, काल, संयोगादि की अपेक्षा से समझने लगे तो भ्रम हुए बिना नहीं रह सकता। इसीलिए दुनिया में हम देखते हैं कि कोई मनुष्य अपने कथन के विषय में कितनी ही स्पष्टता क्यों न करे फिर भी कहीं न कहीं उसके विषय में भ्रान्ति हो ही जाती है। भाषा की इस मर्यादा का ध्यान रखकर राधाकृष्णन् ने कहा है कि मनुष्यों के बीच मिथ्या धारणा होना कोई आश्चर्य नहीं। आश्चर्य तो इसमें है कि उनमें परस्पर इतनी धारणाएँ हैं। रवीन्द्रनाथ ने 'साधना' में कहा है कि मनुष्य अपनी स्थूलतम आवश्यकताओं के अतिरिक्त अपनी अत्यन्त स्पष्ट भाषा में अन्य कुछ भी नहीं समझा सकता।

इस प्रकार से जीवन के अनुभव और तर्क, ये दो शिखर हैं। किसी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

समय मनुष्य एक पर खड़ा रहकर बोलता है और कभी दूसरे पर। किन्तु वह एक-एक वाक्य के पीछे यह नहीं कह सकता कि इस समय मैं अमुक शिखर से बोल रहा हूँ। व्यवहार चलाने के लिए इसी प्रकार की गति आवश्यक है। अनुभव कहता है कि जो वस्तु ठंडी है वह गरम भी है। तर्क कहता है कि वस्तु या तो ठंडी ही है या गरम ही है। ठंडी और गरम एक साथ नहीं हो सकती। इसीलिए अनुभव और तर्क का विरोध अपरिहार्य है। मनुष्य भिन्न-भिन्न समय में भिन्न-भिन्न शिखर पर खड़ा रहकर बोलता है अतः उसके कथन में परस्पर विरोध होना स्वाभाविक है। ऐसी अवस्था में किसी व्यक्ति के वचनों में परस्पर असंगति बताकर उसका खण्डन करने का आनन्द लिया जा सकता है किन्तु खण्डन करनेवाले—अपितु व्यक्तिमात्र के कथन में भी परस्पर विरोध होता ही है। इसलिए हमें इस प्रकार के आक्षेप से नहीं घबराना चाहिए। एक अँग्रेज लेखक ने कहा है:—क्या मैं अपने कथन से विपरीत बोल रहा हूँ ? ठीक है, तब मैं अपने आप से विपरीत हूँ। (Do I contradict myself ? well, then I contradict myself.) इसका एक और दृष्टान्त लीजिए—शंकर ने जैन सप्तभङ्गी की टीका करते हुए कहा कि अस्ति—नास्ति दोनों एक साथ कैसे हो सकते हैं ? कोई वस्तु या तो है या नहीं है। वस्तु है—नहीं है (सदसत्) कैसे हो सकती है ? यह टीका तर्क-दृष्टि से की गई थी। किन्तु अनुभव-दृष्टि से तो उन्हें भी कहना पड़ा कि सत् असत् का मिश्रण होता है। इसीलिए सत्य और अनृत के मिश्रण से संसार का नैसर्गिक व्यवहार चलता है। (सत्यानृते मिथुनीकृत्य नैसर्गिकोऽयं लोकव्यवहारः) अनुभव की समझ और तर्क का वचन इन दोनों के उस विरोध के कारण तत्त्वज्ञान और व्यवहार में बहुत गड़बड़ी तथा झगड़े होते हैं। जगत् वस्तुतः विद्यमान है फिर भी वह नित्य नहीं, किन्तु अनित्य अर्थात् परिवर्तनशील है। ऐसा सभी विचारक मानते हैं, किन्तु भाषा का प्रयोग करना है तो उसके लिए सत् या असत् शब्द का ही प्रयोग करना पड़ता है। एक व्यक्ति कहता है—जो विद्यमान है उसे असत् कैसे कहा जाय ? अतएव जगत् सत् है। दूसरा कहता है—जो जगत् परिवर्तनशील है, जिसके पदार्थ क्षण-क्षण में उत्पन्न होते हैं और नष्ट होते हैं उसे सत् कैसे कहा जाय ? वह तो असत् ही है। शंकर जैसा विचारक कहेगा कि जगत् असत् जैसा (असदिव) है। यहाँ जगत् की वास्तविक सत्ता और उसकी अनित्यता को दोनों में से कोई भी पक्ष अस्वीकृत नहीं करता। एक उसकी सत्तामात्र पर जोर देकर उसे सत् कहता है तो दूसरा उसकी अनित्यता पर भार देकर उसे असत् कहता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अधिक सूक्ष्मता से सोचने पर मालूम होता है कि दोनों व्यक्ति सत् और असत् इन दोनों शब्दों का प्रयोग स्वाभिमत भिन्नार्थ में ही करते हैं। पहला सत् का अर्थ 'अनित्य होते हुए भी विद्यमान' ऐसा करता है और दूसरा सत् का अर्थ 'नित्य और सदा एक रूप' ऐसा करता है। दोनों पक्ष जब परस्पर एक दूसरे का खण्डन करते हैं तब प्रतिपक्षी को सत् का जो अर्थ विवक्षित है उसे न देखकर "प्रतिपक्षी ने मत्सम्मतार्थ में ही सत् शब्द का प्रयोग किया है" ऐसी कल्पना कर लेता है और प्रतिपक्षी के ऊपर उस अर्थ का आरोपण करता है। इससे सिद्ध होता है कि अन्य व्यक्ति की बात समझने के लिए कितनी बुद्धिमत्ता की आवश्यकता होती है।

इस निरूपण से दो बातें फलित होती हैं–एक तो यह कि संसार में कुछ भी असंकीर्ण नहीं है–सब संकीर्ण है–मिश्र है। किसी भी प्रश्न का एक निदान नहीं है और न एक उपचार ही है। जीवन का कोई भी क्षेत्र या अङ्ग लिया जाय उसमें इन्द्रधनुष के समान विविध रंगों का मिश्रण होता है। यह जान कर हम विविधता और मिश्रण से व्याकुल नहीं होते। विविधता प्रकृति को प्रिय है। यही उसकी लीला है। तब हम विविधता के अवलोकन से रस प्राप्त करने के बजाय व्याकुल क्यों हो? लेकी ने कहा है कि जीवन कविता नहीं है, इतिहास है–Life is history and not poetry. इसका अर्थ यह नहीं कि जीवन में कविता की आवश्यकता नहीं है अपितु इसका आशय यही है कि संसार में कुछ भी सीधा और सरल नहीं होता। सर्वत्र उतार–चढ़ाव दृष्टिगोचर होता है। उसमें अनेक विरोधी बल एक ही साथ कार्य करते हैं। उसमें एक ही काल में ऊर्ध्वगति और अधोगति दोनों हैं। ऐसी पेचीदा स्थिति में क्या कर्तव्य है और क्या अकर्तव्य है, इसका निर्णय करना बहुत कठिन है। इसीलिए गीता में कहा है कि क्या कर्म है और क्या अकर्म है, इसका निर्णय करने में ज्ञानी भी भ्रान्त हो जाते हैं। (किं कर्म किमकर्मेति कवयोऽप्यत्र मोहिताः) गाँधीजी ने कहा है कि जीवन का मार्ग सीधा नहीं है। उसमें बहुत उलझनें हैं। वह रेलगाड़ी नहीं कि एक बार चलने पर बराबर दौड़ती ही जाय–

[1]Life is not one straight road. There are too many complexities in it. It is not like a train which once started keeps on running.

1–C. P. Shukla–'Conversation of Gandhiji P. 10.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दूसरी बात यह है कि संसार में जितने भी मतभेद हैं उनका अधिकांश तो दृष्टिभेद और एक ही वस्तु के भिन्न भिन्न अंगों पर भार देने के कारण है। जो व्यक्ति जगत् की एकता की खोज में लगा हो उसे विविधता की उपेक्षा करनी पड़ती है। उस विविधता को वह पश्यन्नपि न पश्यति। भर बाजार में खोए हुए बालक की खोज करनेवाली माता की दृष्टि में दुकानों की व्यवस्थित आकर्षक वस्तुओं का कोई मूल्य नहीं। उसके लिए उस समय सब चीजें मानो हैं ही नहीं—असद्‌वि हैं। तत्त्वज्ञान की भाषा में 'माया' है। उस स्थल-काल में उस स्त्री को मायावादी कहा जा सकता है किन्तु बाजार में घूमनेवाले प्रेक्षक की आँखें दुकान की वस्तुओं को देखते हुए नहीं अघातीं। वह व्यक्ति उस समय 'लीलावादी' है। प्रत्येक व्यक्ति जीवन के प्रत्येक क्षण में हस्तगत वस्तु के अतिरिक्त सभी वस्तुओं पर दुर्लक्ष्य रखता है और मानो वे हैं ही नहीं अर्थात् 'माया' है, ऐसा मानता है। बिना ऐसा माने काम नहीं चल सकता। चीनी दार्शनिक मेन्सियस ने कहा है कि जो व्यक्ति बहुत कार्य करने का निषेध करता है वही कुछ काम कर सकता है (Only he who refuses to do many things can do something).

एक ही जगत् दृष्टिभेद से 'माया' और 'लीलारूप' प्रतिभासित होता है। इसीलिए एक ही मनुष्य 'मायावादी' और 'लीलावादी' हो सकता है। मायावादी शंकर ने कहा है कि जगत् सर्वशक्तिमान् परमेश्वर की लीलामात्र है [1](परमेश्वरस्य लीलैव केवलेयं सर्वशक्तित्वात्[1]) एक और उदाहरण लीजिए— उपनिषद् के ऋषियों ने संसार में मात्र आनन्द ही देखा। अनेक दुःखों के बीच भी हँसती और नाचती हुई मानव जाति को देखा और कहा कि आकाश में यदि आनन्द न होता तो कौन जी सकता, कौन श्वास ले सकता? "को ह्येवान्यात्, कः प्राण्यात्, यदेष आकाश आनन्दो न स्यात्" उस आनन्द को बुद्ध ने भी देखा था किन्तु उनका ध्यान विशेष रूप से उस आनन्द के अनन्तर निश्चित रूप से आनेवाले दुःख और शोक की ओर गया और उन्होंने कहा कि 'सर्वं दुःखं दुःखम्'। उन्होंने सुख की व्याख्या यह की कि 'जिसमें दुःख का मिश्रण न हो ऐसा आत्यन्तिक सुख'। यहाँ जो भेद है वह परस्पर विरोध का नहीं अपितु न्यूनाधिक्य का—तरतमभावका है। बुद्ध ने कहा कि जीवन क्षणभंगुर है और मृत्यु सर्वव्यापी है। उपनिषद् में होता आश्वल ने याज्ञवल्क्य

१—ब्रह्मसूत्र शांकरभाष्य—२—१—३३

२—तैत्तरीयोपनिषद्—२—७

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

से कहा था कि यह सब मृत्यु के वश में है—मृत्यु से व्याप्त है। "इदं सर्वं मृत्युनाप्तं सर्वं मृत्युनाभिपन्नम्।"[१] दूसरी ओर गाँधीजी ने कहा कि मृत्यु की अपेक्षा जीवन बलवत्तर शक्ति है। इसी से मृत्यु के बीच भी जीवन टिका हुआ है—

"Life Persists in the midsts of death." इन सब में परस्पर नितान्त विरोध नहीं है। बुद्ध ने व्यक्ति के जीवनकी ओर विशेष ध्यान देकर अपनी बात कही और गाँधीजी ने समष्टि के जीवन की ओर ध्यान देकर वही बात दूसरे रूप में कही।

साहित्य का एक उदाहरण लीजिए—कुछ वर्ष पूर्व अध्यापकर रामनारायण पाठक ने लिखा था कि कान्त के 'वसन्त-विजय' काव्य में वीररस है। इसके प्रतिकार में आचार्य ध्रुव ने लिखा कि उस काव्य में करुण रस है। स्याद्वादी कहेगा कि दोनों कथन अपनी-अपनी दृष्टि से ठीक हैं। अध्यापक पाठक ने पाण्डु के कामावेग के प्रतिकार के लिए किये गये संग्राम की ओर विशेष लक्ष्य रखा, इसलिए उन्हें उस काव्य में वीररस दिखाई दिया। इतना तनतोड़ प्रयास करते हुए भी मनुष्य 'भूत सम्मोहन' बसन्त में प्रबल बननेवाले मदन पर विजय प्राप्त नहीं कर सकता और पराजित होकर उसे मृत्यु का आलिंगन करना पड़ता है, यह कैसी विषम स्थिति है? उस काव्य के अन्त की ओर विशेष लक्ष्य रखने से आचार्य ध्रुव को ऐसा प्रतीत हुआ कि उसमें करुण रस है।

इस प्रकार विचार करने पर साहित्य के विषय में स्याद्वादी का मन्तव्य यह होगा कि 'Idealism'—आदर्शवाद और Realism—यथार्थवाद दोनों ही आवश्यक हैं। इन दोनों शब्दों की निश्चित व्याख्या साहित्य में क्या होती है, इसका मुझे पता नहीं, किन्तु मैं इतना अवश्य कह सकता हूँ कि दुष्टतम व्यक्ति में भी भलाई का कुछ न कुछ अंश रहता है, ऐसा बतानेवाला आदर्शवाद है और बड़े से बड़े व्यक्ति में भी मानव सुलभ न्यूनता या मर्यादा होती है फिर भी उसकी महत्ता समाप्त नहीं हो सकती, ऐसा बतानेवाला यथार्थवाद है। इस दृष्टि से देखने पर रामायण और महाभारत में आदर्शवाद और यथार्थवाद दोनों ही हैं। निरा यथार्थवाद एडलस हक्सली के Eyeless in Gaza नामक उपन्यास में मिलता है। उसको पढ़ने से घृणा होती है। इसीलिए लेखक ने केवल भोगासक्त व्यक्तियों को eyeless चक्षु-

---

१—बृहदारण्यकोपनिषद—३-१-३

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हीन कहकर उनके जीवन के विषय में टीका की है। दूसरी ओर केवल आका में ही विचरनेवाले और पृथ्वी पर पाँव तक न धरनेवाले साहित्य का जग के लिए कोई उपयोग नहीं। साहित्य को यदि स्वर्ग तथा पृथ्वी को मिला वाली कड़ी का काम करना हो तो साहित्यकार को पृथ्वी के हलाहल विष पीकर अन्तर से अमृत निकालनेवाला होना चाहिए। ऐसा माननेवालों लिए आदर्शवाद एवं यथार्थवाद का मिश्रण ही हितकर व रुचिकर होगा।

पहले कथन के अनुसार व्यक्ति अथवा समाज जब किसी गुण की ए ग्रता से साधना करना चाहता है तो उसमें आगे चलने पर अतिशय आ जाता है। रोम की रिपब्लिक में सादगी और दृढ़ता की खूब शिक्षा दी ग इसका परिणाम यह हुआ कि रोमन लोग शस्त्रबल में काफी आगे बढ़ गये, कि विद्या और संस्कारों की दृष्टि से बहुत पीछे रह गये। दूसरी ओर ग्रीक लोग वि संस्कार में काफी आगे बढ़े किन्तु युद्धकला में बहुत पीछे पड़ गये। यही का था कि रोमन लोगों ने उन पर विजय प्राप्त की। उनके समागम के का रोमन लोगों को विद्या, कला तथा संस्कार की भूख जाग्रत हुई और इसी भू ने आगे बढ़कर विलास का रूप धारण किया। परिणाम यह हुआ कि रोम लोग दुर्बल हो गये और इन्हें गोथ लोगों ने हराया जो कि जंगली होते हुए बलवान थे। इस प्रकार दो अन्तों के बीच का लोलक प्रत्येक गुण में रहता है संयम अपनी सीमा के अन्त तक पहुँचने पर असंस्कार तथा दम्भ का र धारण कर लेता है। उस समय श्री मुन्शी जैसे कोई जीवन के उल्लास उपदेश देते हैं। जब वही उल्लास बढ़ते-बढ़ते विलास का रूप धारण कर ले है उस समय श्री मशरूवाला जैसे कोई 'चोखलिया' कहलवाने की परवाह करते हुए संयम और 'स्त्री पुरुष मर्यादा' का आग्रहपूर्वक अनुरोध करते हैं वस्तुतः मुन्शी सरीखों का विरोध संयम के प्रति नहीं किन्तु संयम के विह अतिरेक के प्रति है। वैसे ही श्री मशरूवाला का विरोध निर्दोष आनन्द त उल्लास के प्रति नहीं अपितु विलास में परिणत होनेवाले उल्लास के अति के प्रति है। दोनों का प्रयास 'लोलक' को अन्त की ओर से समत्व की स्थिति लाने की ओर है। लोलक को एक छोर से हटाने के लिए जो धक्का लगाना पड़ है वह लेखक या वक्ता के लेखन या वाणी के आवेशरूप में प्रकट होता है, एक वस्तु का विशेष भार पूर्वक प्रतिपादन करने पर दूसरी वस्तु का निरस करने की धारणा न होते हुए भी उसका निरसन हो रहा हो, ऐसी प्रतीति होती है। यह दोष हमारी वाक्छटा का है, ऐसा इमर्सन ने कहा है-"B

1—Essay on history.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

it is the fault of our rhetoric that we can not strongly state one fact without seeming to belie some other."

इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि टीकाकार सदैव विरोध ही करता है, ऐसी बात नहीं है। बहुत बार वह पूर्ति करने का अथवा स्वप्रतीत अतिशय को दूर कर पुनः संतुलन स्थापित करने का प्रयास करता है। यदि मन में निरन्तर यह ख्याल रखा जाय तो कई निरर्थक कलह रुक सकते हैं।

आचार्य ध्रुव ने ठीक ही कहा है कि स्याद्वाद एक वाद नहीं अपितु दृष्टि है। सर्ववादों को देखने के लिए यह अंजन है अथवा यों कहिए कि चश्मा है। उन्होंने यह भी कहा है कि स्याद्वाद एक प्रकार की बौद्धिक अहिंसा है।

जीवन में अपने ही व्यक्तित्व को केन्द्र में रखकर अथवा Self centred होकर जब हम दूसरों के विषय में विचार करते हैं तब हम अपने खुद के जीवन में ही कटुता उत्पन्न करते हैं। छोटी या बड़ी बातों में अन्य की दृष्टि से अर्थात् अन्य के स्थान पर अपने को रखकर विचार करने की आदत डालने से दुर्भाव अधिकांश में कम हो जाता है। हमारी शक्ति क्रोध द्वारा क्षीण होने से बचती है और हमारी थोड़ी सी सहृदयता देखकर लोग हमारे आगे दिल खोलकर अपने सुख-दुःख का वर्णन करने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं, यह क्या कम लाभ है ?

जगत् में जो मुख्य त्रुटि है वह समझ की है। समझ के अभाव में अनेक कलह होते हैं। उस समझ को बढ़ाने की तथा कलहों को शान्त करने की शक्ति स्याद्वाद में है, इसमें तनिक भी सन्देह नहीं।

—अनुवादक—श्री मोहनलाल मेहता B. A.

मुद्रक—ओम् प्रकाश कपूर, ज्ञानमण्डल यन्त्रालय, काशी ३८०६—०७

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

'SANMATI' PUBLICATIONS

1. **World Problems and Jain Ethics** by Dr. Beni Prasad — 6 Ans.
2. **Lord Mahavira** by Dr. Bool Chand, M.A., Ph D. — Rs. 4/8/
3. विश्व-समस्या और व्रतविचार डॉ० बेनीप्रसाद — चार आने
4. Constitution — 4 Ans.
5. अहिंसा की साधना —श्री काका कालेलकर — चार आने
6. परिचयपत्र और वार्षिक कार्यविवरण — चार आने
7. Jainism in Kalingadesa Dr. Bool Chand — 4 Ans.
8. भगवान् महावीर— श्री दलसुखभाई मालवणिया — चार आने
9. Mantra Shastra and Jainism–Dr. A. S. Altekar — 4 Ans.
10. जैन-संस्कृति का हृदय—पं० श्री सुखलालजी संघवी — चार आने
11. भ० महावीरका जीवन—पं० श्री सुखलालजी संघवी — ,, ,,
12. जैन तत्त्वज्ञान, जैनधर्म और नीतिवाद — ,, ,,
    ले०–पं० श्री सुखलालजी तथा डॉ० राजबलि पाण्डेय
13. आगमयुग का अनेकान्तवाद–श्री दलसुखभाई मालवणिया — आठ आने
14–15. निर्ग्रन्थ-सम्प्रदाय—श्री सुखलालजी संघवी — एक रुपया
16. वस्तुपाल का विद्यामण्डल—प्रो० भोगीलाल सांडेसरा — आठ आने
17. जैन आगम—श्री दलसुखभाई मालवणिया — मूल्य दस आने
18. कार्यप्रवृति और कार्यदिशा — आठ आने
19. गांधीजी और धर्म
    ले० पं० श्री सुखलालजी और दलसुख मालवणिया — दस आने
20. अनेकान्तवाद—पं० श्री सुखलालजी संघवी — बारह आने
21. जैन दार्शनिक साहित्य का सिंहावलोकन
    पं० दलसुखभाई मालवणिया — दस आने
22. राजर्षि कुमारपाल-मुनि श्री जिनविजयजी — आठ आने
23. जैनधर्म का प्राण- श्री सुखलालजी संघवी — छः आने

जैन संस्कृति संशोधन मंडल

बनारस हिन्दू युनिवर्सीटीः बनारस

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जैन संस्कृति संशोधन मण्डल

गुजरात का जैनधर्म

मुनि श्री जिनविजयजी

जैन संस्कृति संशोधन मण्डल
सत्यं लोगम्मि सारभूयं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सन्मति प्रकाशन नं० ३

गुजरात का जैनधर्म

लेखक

मुनि श्री जिनविजयजी

आचार्य, भारतीय विद्या भवन, बंबई

जैन संस्कृति संशोधन मण्डल

बनारस

नवम्बर १९४९

Annas Twelve

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

निवेदन

'राजर्षि कुमारपाल' के बाद आचार्य मुनि श्री जिनविजयजी की 'गुजरात का जैनधर्म' नामक यह दूसरी पुस्तिका है। गुजरात के इतिहास के विषय में मुनि श्री जिनविजयजी लब्धप्रतिष्ठ विद्वान् हैं। वडौदा सरकार के आमन्त्रण से इ० स० १९३८ में उन्होंने जो व्याख्यान गुजराती भाषा में दिया था और जिसका उद्धरण 'प्रबुद्ध जैन' के जून से अगस्त १९४७ तक के अंकों में हुआ है उसीका अनुवाद करके छापा है। छापने की अनुज्ञा देने के लिये श्रीमान् मुनि जिनविजयजी के हम आभारी हैं।

गुजरात के सांस्कृतिक विकास में ही नहीं किन्तु सर्व प्रकार के विकास में जैनधर्म ने जो देन दी है उसका संक्षिप्त किन्तु विशद विवेचन प्रस्तुत व्याख्यान में हुआ है। इस विषय के निरूपण में जिस माध्यस्थ्य और शुद्ध ऐतिहासिक दृष्टि की आवश्यकता होती है वह आचार्य श्री जिनविजयजी में है। अत एव गुजरात में जैन प्रभाव का वर्णन एक जैन विद्वान् के द्वारा होने पर भी अतिशयोक्ति की संभावना इस विवेचन में नहीं है।

पाठक से प्रार्थना है कि वह इस भव्य भूतकाल के यशोगान में ही निमग्न न हो जाय किन्तु आधुनिक भारत के सर्वतोमुखी नव निर्माण में भी अपना हिस्सा अदा करे। आज भारत की सबसे बड़ी समस्या आर्थिक संकट है। और उसे सुलझाने में जैनधर्म संमत जैन श्रावक का परिग्रहपरिमाण व्रत पर्याप्त है। आज का व्यापारी जैन समाज यदि इस व्रत का देश की परिस्थिति को ध्यान में रखकर पालन करने लग जाय तो देश का आर्थिक संकट बहुत अंशों में मिट सकता है।

निवेदक
दलसुख मालवणिया
मन्त्री

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गुजरात का जैनधर्म ।

व्याख्यान का विषय

सज्जनो !

आज के व्याख्यान का विषय मैंने 'गुजरात का जैनधर्म' यह रखा है। जैनधर्म के आधुनिक स्वरूप से तो आप सभी परिचित होंगे ही अतएव ऐसा विचार होना स्वाभाविक है कि जैनधर्म के विषय में एक खास व्याख्यान देने की क्या आवश्यकता है। किन्तु यहाँ मेरा उद्देश्य जैनधर्म के वर्तमान स्वरूप के विषय में खास कुछ कहने का नहीं है। यहाँ तो ऐतिहासिक दृष्टि से उसके भूतकालीन व्यक्तित्व के विषय में कुछ मीमांसा करना अभीष्ट है। गुजरात के सांस्कृतिक जीवन में जैनधर्म ने क्या और कितना अर्पण किया इसके विषय में स्वयं जैनों को ही ठीक पता नहीं है तो जैनेतरों को कहाँ से होगा ?

परिस्थिति का प्रभाव

हमें अपने धर्म, समाज और संस्कृति के इतिहास का यथार्थ ज्ञान नहीं होता इसीसे हम लोग प्रजाकीय जीवन के विषय में अनेक प्रकार की भ्रमणाओं में फँस जाते हैं। धर्म और समाज के जिस वातावरण में हम जीते हैं उसी को हम शुद्ध और सनातन धर्म मान लेते हैं। देश काल की परिस्थिति के बल से धर्म और समाज की नीतिरीति में सतत महत्त्वपूर्ण परिवर्तन होते आए हैं और होते ही रहते हैं—इस विचार को हृदयंगम करने में प्रजा की बुद्धि तत्पर नहीं होती और इसीलिए हम अपने प्रजाकीय जीवन के यथार्थ सुधार और उन्नति के उपायों को भी हमेशा शंका और भय की दृष्टि से देखते रहते हैं और इस प्रकार धार्मिक और सामाजिक अधोगति के शिकार बन जाते हैं। धर्म या समाज के किसी भी नियम या सिद्धान्त का उद्भव-विशिष्ट ऐतिहासिक परिस्थिति के कारण ही होता है। परिस्थिति के परिवर्तन के साथ ही सिद्धान्त और नियम भी बदल ही जाते हैं। और इस प्रकार परिवर्तनशील नियमों और सिद्धान्तों के कारण धर्म या समाज का नाश नहीं किन्तु विकास ही होता है। यह तथ्य तभी बुद्धिग्राह्य हो सकता है जब हमें ऐतिहासिक परिस्थितिका यथार्थ ज्ञान हो। ऐसे ऐतिहासिक ज्ञान के अभाव में प्रत्येक प्रजा अपने धर्म के सिद्धान्तों और सामाजिक नियमो को ईश्वर प्रेरित किसी दिव्य पुरुष

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

के द्वारा वे स्थापित हैं–ऐसा मानने लगती है और उन में किसी प्रकार के परिवर्तन को अक्षम्य और अनिष्ट मानती हुई जो रोगनाश के लिए रामबाण औषध होती है उसी को रोग की पोषक मान कर उससे दूर रहने का प्रयत्न करती है और फलतः अपने ही नाश को आमन्त्रण देती है। अपनी जो धार्मिक और सामाजिक अवनति हुई है और उसी के फलस्वरूप हम जिस प्रकार कितनी ही शताब्दिओं से पराधीनता और पामरता के शिकार हो रहे हैं उसका कारण अन्य कुछ भी नहीं है किन्तु हमारी प्रजा की वह अज्ञानजन्य रूढ अन्ध-श्रद्धा ही है। धर्म का कोई सिद्धान्त या समाज का कोई नियम त्रिकालाबाधित हो ही नहीं सकता। उन सिद्धान्तों व नियमों को बनाने वाला कोई ईश्वर या मानवेतर शक्ति नहीं थी किन्तु हमारे जैसे ही शरीर और संस्कार को धारण करने वाले मनुष्य ही थे। देश काल की परिस्थिति के अनुसार अपने जनसमूह के कल्याणार्थ तत्प्रकार के सिद्धान्तों और नियमों को स्थापित करने की आवश्यकता उन्हें प्रतीत हुई और वैसा ही किया। जब तक वैसी परिस्थिति बनी रहे और वे नियम तथा सिद्धान्त प्रजा को लाभकारक हों तब तक उनका पालन आवश्यक होता है। किन्तु यदि परिस्थिति ने पलटा खाया हो और वे नियम और सिद्धान्त लाभ के स्थान में हानिकारक सिद्ध हो रहे हों तो हमें उनमें परिवर्तन करना ही चाहिए और नई परिस्थिति के अनुकूल नये नियम या सिद्धान्त का निर्माण कर लेना चाहिए। परिवर्तन तो प्रकृति का अबाधित नियम है। वस्तुमात्र का रूपान्तर कर देना, यह तो काल का मुख्य स्वभाव है। समग्र चेतन अचेतन द्रव्य में प्रकृति का उक्त नियम व काल का वह स्वभाव अव्याहतरूप से प्रवर्तमान है। जिसकी उत्पत्ति है उसका नाश भी अवश्यंभावी है। अखण्ड ब्रह्माण्ड उस महा नियम के अधीन है। फिर अपना यह क्षुद्र मानव समाज उसमें अपवादरूप कैसे हो सकता है? प्रकृति के उक्त नियम से विरुद्ध हम कैसे जा सकते हैं? और यदि अपनी अज्ञानता के कारण हम ऐसा करें तब भी प्रकृति को वह सह्य कैसे होगा? अग्नि का स्वभाव दाह उत्पन्न करने का है। उसके इस स्वभाव की उपेक्षा करके यदि हम चलें तो क्या अग्नि अपनी शक्ति का परिचय हमें न देगी? अज्ञान बालक को या श्रेष्ठ विद्वान् वृद्ध को अग्नि अपने स्वभाव का परिचय समान रूप से देगी। इसी प्रकार प्रकृति भी अपने नियम की अवहेलना करने वाले धर्म या समाज को अपने स्वभाव का परिचय देती है। उसके नियमों को पहचान कर तदनुकूल नियम और सिद्धान्तों का सर्जन यदि हम करें तब ही हमारे विकास को प्रकृति पनपने देगी अन्यथा प्रकृति हमारा नाश ही कर देगी।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

धर्म की विडम्बना

धर्म और समाज की आधुनिक विचारहीन परिस्थिति के कारण हमारी प्रजा की नई पीढ़ी अत्यन्त व्याकुल हो उठी है। उस पीढी का प्रतिभाशाली और प्रगतिगामी वर्ग विद्युद्वेग से परिवर्तनशील जगत् की परिस्थिति के साथ हमारी प्रजाकीय गति-स्थिति का कोई मेल न देख कर अत्यन्त खिन्न हो रहा है और उसे इस अवस्था का मूल कारण हमारा वर्तमान धार्मिक वातावरण ही नजर आता है। और इसी लिए वह धर्म के नाम से ही घबराता है।

उस वर्ग को ऐसा लगता है कि हमारे सभी प्रकार के सामाजिक अनिष्टों के मूल में भी धर्म है। धर्म ही ने मनुष्य-मनुष्य के बीच ऊँचनीचभाव का भयानक भेदभाव स्थापित किया है। धर्म ही ने हमें किसी खास जाति के मानव समूह के प्रति अस्पृश्यता की अधम बुद्धि की सीख दी है। धर्म ही ने मानव समूहों में शत्रुभाव उत्पन्न व पुष्ट करने की भावना को जाग्रत किया है। धर्म ही ने स्त्री स्वातन्त्र्य का विरोध करके बाल लग्न, वैधव्यबन्धन आदि अनिष्टकर रूढ़िओं द्वारा स्त्री जाति की संपूर्ण उन्नति का अवरोध किया है। धर्म की संकुचित भावना के कारण हिन्दू जाति सैंकड़ों और हजारों उपजातिओं में बँट गई हैं। यही कारण है कि हिन्दू जाति दुनिया की दृष्टि में सामर्थ्य और शक्ति से शून्य संगठनहीन एक मानव समूह के रूप में प्रसिद्ध हो गई है। धर्म की संकीर्ण वृत्ति के कारण ही हम जाति और परिवारों में भी पारस्परिक एकरूपता उत्पन्न नहीं कर सकते, संगठन नहीं कर सकते, तो समस्त महाप्रजा की तो बात ही क्या करना ?

ये और ऐसे नाना प्रकार के विचार अद्यतन विचारशील और उत्कर्षाभिमुख नवयुगीन प्रजा को धर्म के विरोध में उत्थित होने की प्रेरणा दे रहे हैं और उससे धार्मिक क्षेत्र में जो कुछ सारभूत और लाभकर्ता तत्त्व अन्तर्हित हैं उनका भी, शुष्क के साथ हरा भी जलता है इस न्याय से, उच्छेद करने के लिए आज का युवकवर्ग उत्सुक हो रहा है। दूसरी ओर इसके प्रत्याघात रूप में धर्म के रूढ और मूढ उपासक, धर्म का जो सारहीन, सिर्फ बाह्य आवरण रूप भाग है उसी को धर्म की आत्मा मान कर उसी की रक्षा में कृतकृत्यता का अनुभव कर रहे हैं। ये लोग जो त्याज्य है उसी की रक्षा में और जो रक्षणीय है उसकी उपेक्षा में ही धर्म की रक्षा की इतिश्री मान रहे हैं।

धर्म की यह विडम्बना, धर्म के यथार्थ तत्त्व के विषय में जो व्यापक अज्ञान प्रजा में शताब्दियों से बद्धमूल है, उसी को आभारी है। जिस धर्म को प्रजाकीय

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रगति का विरोधी-माना जाता है वह वस्तुतः तात्त्विक शुद्ध धर्म नहीं है किन्तु उसका विकृत रूप मात्र है। प्रत्याघाती लोग जिस धर्म का आचरण करके धार्मिक होने का दम भरते हैं वह धर्म का कोई सनातन तत्त्व नहीं है किन्तु प्रसंगानुसार के के छिलके के समान फैंक देने के योग्य धर्म का एक निःसार अंग है। प्रकृति से विकृति को उत्पन्न करना यह कालधर्म है। किन्तु उस विकृति को दूर कर पुनः प्रकृति को शुद्ध करना मनुष्य का पुरुषार्थ धर्म है। इस न्याय से धर्म के स्वरूप में कालकृत विकार भाव उत्पन्न होता ही है और उस विकार का नाश भी विचारशील पुरुषार्थियों के द्वारा होता ही है। भगवद्गीता के—

"यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत !
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ॥"

इस सुप्रसिद्ध श्लोक में भगवान् श्री कृष्ण ने जो भाव व्यक्त किया है वह इसी नियम को लक्ष्य करके ही है।

धर्म की शुद्ध प्रकृतिं क्या है और विकृति क्या है, इस बात की चर्चा करने का यहाँ उद्देश्य ही नहीं है और अवकाश भी नहीं है। हमें इसका यथार्थ ज्ञान संसार के धार्मिक इतिहास का निरपेक्ष अवलोकन करने से हो सकता है, यही कहने का यहाँ उद्देश्य है।

जैन धर्म की विडम्बना

जैसी स्थिति हमारे देश के सभी धर्म और समाजों की है वैसी ही जैन धर्म और समाज की भी है। जैन भी आज अपने धर्म के सिद्धान्त और समाज के नियमों में देश-काल की परिस्थिति के अनुकूल कुछ परिवर्तन हो तो उसे शंका और भय की दृष्टि से देखते हैं और रूढिचुस्त सत्ताप्रिय वर्ग उन परिवर्तनों का विरोध करता है। पुराना तो सभी कुछ सच्चा और अच्छा, ऐसी उसकी मान्यता हैं। प्राचीन ग्रन्थों में जो कुछ लिखा है वह सब स्वयं भगवान् महावीर ने ही कहा है और उसमें कुछ भी परिवर्तन या संशोधन को अवकाश नहीं है। जैसे प्रत्येक धर्म में वैसे जैन धर्म में भी अनेक संप्रदाय उत्पन्न हुए हैं और वे एक दूसरे को जैनाभास मानते और कहते हैं; और सिर्फ अपने ही को भ० महावीर के सच्चे और शुद्ध अनुयायी समझते हैं। यह सब ऐतिहासिक ज्ञान के अभाव का फल है।

जैनों के विषय में अन्य धर्मानुयायी वर्ग में भी भिन्न भिन्न प्रकार की कई मिथ्या कल्पनाएँ और भ्रमणाएँ विद्यमान हैं। कोई उसे नास्तिक मत मानते हैं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कोई बोद्धधर्म की शाखा समझते हैं। और कोई तो उसे विदेशी कहने की भी धृष्टता करते हैं। विदेशी लेखकों का अन्धानुकरण करने वाले विद्वान् इस्लाम की तरह जैन धर्म को भी एक बिलकुल भिन्न ही आचार-विचार वाला और इसीसे हिन्दू प्रजा या जाति से बिलकुल स्वतन्त्र भावना वाला धर्म है यह मान कर के उसकी चर्चा करते हैं। कुछ को तो जैन धर्म के नाम से ही चिढ़ है। वे तो यही कहते हैं कि जैनों की अहिंसा की भावना ने ही भारत में कायरता उत्पन्न की है और इसी कारण से आर्यप्रजा पौरुष को गवाँ कर विधर्मी शत्रुओं से लोहा न ले सकने के कारण पराधीन हुई है। जैन धर्म के विषय में ऐसी जो नाना प्रकार की भ्रमणाएँ फैल रही हैं उसका कारण भी ऐतिहासिक ज्ञान का अभाव ही है।

इन सब विषयों की चर्चा करना आवश्यक होने पर भी प्रस्तुत व्याख्यान में अवकाश नहीं है इससे इतना सूचन मात्र करके मैं गुजरात के जैन धर्म के विषय में कुछ सिंहावलोकन करने का प्रयत्न करता हूँ।

गुजरात और जैन धर्म का सम्बन्ध—

गुजरात आज जैन धर्म का विशिष्ट केन्द्रभूत स्थान है। जैनों की संख्या और शक्ति जितनी गुजरात में दीखती है उतनी हिन्दुस्तान के किसी अन्य प्रदेश में नहीं दीखती। जैनों की धार्मिक और सामाजिक ऐसी सब प्रवृत्तिओं में जो जागृति गुजरात में देखी जाती है वह अन्य किसी प्रदेश में नहीं है। जैन दृष्टि से गुजरात को ऐसा प्राधान्य वर्तमान काल में ही प्राप्त हुआ है ऐसा नहीं है। उसका इतिहास तो गुजरात के प्रजाकीय विकास के इतिहास जितना ही प्राचीन है। गुजरात के प्राचीन सांस्कृतिक विकास का और जैन धर्म के विकास का परस्पर महत्त्वपूर्ण गाढ संबन्ध है। गुजरात की जैन धर्म के विकास में महत्त्वपूर्ण देन है। और इसी प्रकार जैन धर्म ने भी गुजरात के विकास में महत्त्वपूर्ण देन दी है। गुजरात ने यदि जैन धर्म को रक्षण और पोषण न दिया होता तो जैन धर्म की अवस्था आज से दूसरी ही होती। और जैन धर्म ने भी यदि गुजरात के संस्कार विकास में विशिष्ट प्रयत्न न किया होता तो गुजराती संस्कृति आज से दूसरे ही प्रकार की होती।

जैन धर्म ने गुजरात को जिस प्रकार के अहिंसा, संयम और तप के आदर्श संस्कारों से संस्कृत किया है वैसे संस्कार भारत के दूसरे प्रदेशों को नहीं मिले। यही कारण है जिससे गुर्जर प्रजा में जैसी संस्कार समृद्धि की एक विशिष्ट प्रभा देखी जाती है वैसी अन्यत्र नहीं है। मद्य, मांस, मृगया, प्राणिहिंसा और व्यभि-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चार जैसे दुर्गुणों से गुर्जर प्रजा आज अधिकांश में जो मुक्त देखी जाती है और उसमें सुसंस्कारिता की जो एक विशिष्ट छाप देखी जाती है उसका श्रेय अधिकांश में जैन धर्म की प्राचीन विरासत को ही मिलना चाहिए।

जैनों ने गुजरात के वाणिज्य व्यापार, राजशासन, कलाकौशल, ज्ञानसंवर्धन और सदाचार प्रचार—इन सब प्रजाकीय संस्कृति के अंगों में व्यापक रूप से महत्त्वपूर्ण योगदान किया है।

गुजराती 'वणिक' शक्ति और जैनधर्म

गुजरात की वाणिज्य शक्ति और व्यापारिक कुशलता प्राचीन काल से समस्त भारतवर्ष में सुप्रसिद्ध है। गुजरात के उस व्यापारी वर्गका अधिकांश जैनधर्मी है। गुजरात के गाँव-गाँव में जैन वणिक अपनी सामाजिक और व्यापारिक प्रतिष्ठा सुदूर प्राचीन काल से आदर्श रीति से जमाए हुए हैं। गुजरात का जैन वणिक यह 'राष्ट्र का महाजन' है; और वस्तुतः भूतकाल में उसने अपना वह पद अनेक प्रकार से सार्थक सिद्ध किया है। अणहिल पुर की स्थापना से लेकर आज तक के गुजरात के सामाजिक-राजकीय इतिहास का यदि हम अवलोकन करें तो पता लगेगा कि इस बारह शताब्दियों जितने समय में गुजरात की वणिक प्रजा में से अनेक राजनीतिज्ञ, मंत्री, शासनकर्त्ता, सेनापति, योद्धा, व्यापारी, दानेश्वरी, विद्वान, कलाप्रेमी, त्यागी और प्रजाप्रेमी उत्पन्न हुए हैं। उनकी नामावली अंगुलि के सहारे गिनी नहीं जा सकती। उन 'महाजनों' की संख्या सैंकड़ों की नहीं किन्तु हजारों की है।

इस बारह शताब्दी के महायुग में गुजरात की सार्वभौम सत्ताधारी ऐसी दो राजधानियाँ हुई हैं—प्रथम अणहिल पुर-पाटण और दूसरा अहमदाबाद। अणहिल पुर का प्रथम नगरसेठ विमल पोरवाड ज्ञातिका जैन वणिक था। और अहमदाबाद का विद्यमान नगर सेठ भी ओसवाल जाति का जैन वणिक ही है। गुजरात के इन दो पाटनगरों के इन आद्यन्त सेठों के बीच अन्य सैंकडों सेठ हो गये जो प्रायः जैन ही थे।

काल के महा प्रभाव से टक्कर लेकर गुजरात के चक्रवर्ती हिन्दू सम्राटों और मुसलमान बादशाहों के संतान अपनी नाममात्र की भी गद्दी संभाल नहीं सके। जब कि ये वणिक पुत्र आज तक अपनी गद्दी अखण्डरूप से सुरक्षित रख सके हैं और यही उनकी अद्भुत व्यवहार कुशलता की निशानी है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अणहिल पुर के स्वजातीय सम्राट् गए और दिल्ली के विधर्मी सुलतान आए। ये सुलतान अस्त हुए और गुजरात के स्वतन्त्र बादशाहों का उदय हुआ। ये बादशाह विलीन हुए और मुगल सम्राट् सत्ताधीश बने। मुगल निस्तेज हुए और मराठा चमकने लगे। मराठा निर्वीर्य हुए और अन्त में अंग्रेज इस भूमि के भाग्य-विधाता बने। गुजरात की भूमि में इस प्रकार इतनी राजसत्ताएँ खड़ी हुईं और धूल में मिल गईं किन्तु गुजरात के व्यापार क्षेत्र में और प्रजामण्डल में उन्हीं गुजरात के वैश्य संतानों की अबाधित सत्ता अखण्ड रूप से चालू रही है। और यही कारण है कि अब तक गुजरात की धन समृद्धि योग्यरूप से सुरक्षित है। अतएव इस सुरक्षा कार्य में जैनों का महत्त्वपूर्ण योगदान है यह मानना पड़ेगा।

गुजरात के शासन कार्य में जैनों की देन

गुजरात के व्यापार क्षेत्र की तरह जैनों ने गुजरात के राजशासन कार्य में भी महत्त्वपूर्ण भाग लिया है। इसका साक्षी स्पष्टरूप से गुजरात का प्राचीन इतिहास है। मन्त्री जाम्ब, सेनानायक नेढ, मन्त्रीश्वर दण्डनायक विमल, महामात्य मुंजाल, सांतू, आशुक, उदयन, आम्बड, बाहड, सज्जन, सोम, धवल, पृथ्वीपाल, वस्तुपाल, तेजपाल, पेथड और समराशाह आदि अनेक जैन वणिक राजशासन करने वाले हो गए हैं जिन्हों ने गुजरात के राजतन्त्र को सुसङ्गठित, सुप्रतिष्ठित और सुव्यवस्थित करने में अद्भुत बुद्धिकौशल और रणशौर्य प्रदर्शित किया है। जैन वणिकों ने अपने राजनीतिप्रवीण प्रतिभा कौशल के द्वारा अणहिल पुर की एक छोटी सी जागीरदारी को महाराज्य की प्रतिष्ठा समर्पित की और गुर्जर देश, जिसकी भारत में कुछ भी विशिष्ट ख्याति न थी, उसे एक बलवान् और सुविशाल राष्ट्र होने का अक्षय गौरव दिलाया है। लाट, आनर्त, सौराष्ट्र, अर्बुद और कच्छ इन सभी इतिहास प्रसिद्ध और जग विख्यात समृद्धि पूर्ण प्राचीन प्रदेशों को अणहिल पुर के एकछत्र के नीचे सुसंबद्ध करने में तथा एक संस्कृति और एक भाषा द्वारा उन सब प्रजाओं को आपसी प्रान्त भेद भूल करके एक गुर्जर महा प्रजा के रूप में सुसंगठित करने में जैन व्यापारी और शासनकर्त्ताओं ने जो भाग लिया है वह अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है इस में शंका को स्थान नहीं है।

वैश्य कौम और जैन धर्म

जैन धर्म के पालन करने वालों में अधिकांश वैश्यों का है। जैनधर्म की अहिंसा की भावना जितनी वैश्यों के लिये अनुकूल है उतनी दूसरे वर्गों के लिए नहीं यह सूक्ष्म विचार करने पर स्पष्ट होता है। जैनधर्म की प्रकृतिका जितना

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सुमेल वैश्यों की प्रकृति के साथ होता है उतना अन्य वर्णों की प्रकृति के साथ नहीं होता है। वैश्यों के जीवन-व्यवसाय के साथ शान्ति का गहरा संबंध है। शान्तिमय परिस्थिति में ही व्यापार की वृद्धि और स्थिरता है। अशान्त परिस्थिति व्यापारी की प्रकृति और प्रवृत्ति के लिए हमेशा प्रतिकूल होती है। जैनधर्म अत्यन्त शान्तिप्रिय धर्म है। हिंसा और विद्वेष उत्पन्न करने वाले तत्त्व जैनधर्म की प्रकृति के सर्वथा विरोधी तत्त्व हैं। इससे शान्तिप्रिय वर्ग के लिए जैनधर्म के तत्त्व अधिक सुग्राह्य और समादरणीय बन जाते हैं। युद्ध विजिगीषा, लूट इन तत्त्वों के उपासकों को जैनधर्म के तत्त्व प्रिय नहीं लगते।

जैन जातिओं के इतिहास को देखने से पता चलता है कि कुछ जैनाचार्यों के विशिष्ट प्रभाव से आकर्षित होकर सैकड़ों की संख्या में क्षत्रिय और किसानों ने जैन धर्म को स्वीकार किया था। किन्तु धर्मान्तर के साथ ही उन लोगों का व्यवसायान्तर भी करके उन्हें क्षात्रधर्म या कृषिकर्म का त्याग करके वैश्यवर्ण का व्यवसाय लेना पड़ा था। इस प्रकार व्यवसायान्तर के संस्कार बल से ही वे स्थैर्यपूर्वक जैन धर्म के पालन में समर्थ हुए हैं। इससे यदि मैं यह कहूँ कि जैन धर्म की प्रकृति के लिये बनिये अनुकूल हैं और बनियों को जैन धर्म, तो मेरा यह कथन सिर्फ हास्य के लिए ही नहीं है किन्तु पूर्णरूप से वस्तुसूचक भी है।

यद्यपि यह कहने में कोई ऐतिहासिक तथ्य नहीं है कि पूर्व काल में गुजरात के सभी वैश्य जैनधर्म का पालन करते थे। किन्तु इतना तो निश्चयपूर्वक कहा जा सकता है कि वल्लभाचार्य के संप्रदाय के प्रचार से पूर्व गुजरात में वैश्यों का बहुत बड़ा हिस्सा जैनधर्म का पालन करता था। यों तो धर्म के विषय में गुजरात की प्रजा में अति प्राचीन काल से उदार भावना का ही प्राबल्य रहा है। यही कारण है कि जैन, शैव और वैष्णव धर्मों के बीच गुजरात में कभी भी ऐसी कटुता उत्पन्न नहीं हुई जिससे परस्पर धर्मों में तीव्र विरोध की भावना जाग्रत हो सके। गुजरात के वैश्य कुटुम्बों में जैन, शैव और वैष्णवमत समान रूप से आदृत हुए हैं, और आज भी यह आदर भाव कायम है। गुजराती प्रजा का यह एक विशिष्ट संस्कार है जिस के निर्माण में जैनधर्म की महत्त्वपूर्ण देन है।

गुजरात का शिल्प-स्थापत्य

इस प्रकार हमने देखा कि गुजरात में जैनधर्मी मुख्यतः वैश्यवर्ग है। उस वैश्यवर्ग का प्रधान जीवन व्यवसाय वाणिज्य-व्यापार है। उस व्यवसाय के बल पर जैनों ने गुजरात में लक्ष्मी का ढेर लगा दिया है। व्यापार के अलावा जैन

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पहले बताया गया है जैनों के एक वर्ग ने शासन कार्य में भी महत्त्व पूर्ण भाग लिया है। और उस से भी उनके पास लक्ष्मी के भंडार भरपूर रहे हैं। जैनधर्म के गुरुओं ने प्राप्त लक्ष्मी के सदुपयोग के लिए जैन श्रावकों को सतत प्रेरित किया है। और उस उपदेश के अनुसार श्रावकों ने भी दान-पुण्य आदि सुकृत्यों में लक्ष्मी का यथेष्ट सद्व्यय किया है।

जैन गृहस्थों के जीवन कृत्य में सबसे मुख्य स्थान जैन मंदिर को दिया गया है। इससे प्रत्येक धनाढ्य जैन गृहस्थ की यह महत्त्वाकांक्षा रहती है कि यदि शक्ति और सामग्री प्राप्त हो तो छोटे-मोटे एक नये जैन मंदिर का निर्माण करना, और यदि उतनी शक्ति न हुई तो सामुदायिक रूप से भी मंदिर या मूर्ति के निर्माण में या उसकी पूजा-प्रतिष्ठा करने में यथाशक्ति सहयोग करना; इस प्रकार जैसे भी हो अपनी लक्ष्मी का सदुपयोग उक्त कार्य में अवश्य करना। मंदिर निर्माण को उस काल के जैनाचार्यों ने जो इतना महत्त्व दिया और उस कार्य के द्वारा पुण्य प्राप्ति की महत्त्वाकांक्षा को जागृत करने के लिए श्रावकों को आचार्यों ने जो लक्ष्मी की सार्थकता का सतत उपदेश दिया उसी से जैनों ने गुजरात में आज तक हजारों जैन मंदिरों का निर्माण किया और लाखों की संख्या में जैन मूर्तिओं की प्रतिष्ठा करवाई। गुजरात के छोटे-बड़े प्रायः सभी ग्राम-नगरों में छोटे-बड़े असंख्य जैन मंदिरों का निर्माण हुआ। और इस प्रकार गुजरात की स्थापत्य कला का अद्भुत विकास सिद्ध हुआ। उन सुन्दर और सुरम्य मंदिरों के अस्तित्व से गुजरात के कितने ही क्षुद्र ग्रामों को नगर की शोभा प्राप्त हुई और नगरों को अपनी सुन्दरता के कारण स्वर्गपुरी की विशिष्ट आकर्षकता मिली। दुर्भाग्य से गुजरात के उन दिव्य देवमंदिर और भव्य कला धामों का विधर्मिओं के हाथों से व्यापक विध्वंस हुआ है और आज तो उन में से सहस्रांश भी विद्यमान नहीं फिर भी जो थोड़े बहुत अवशेष बचे हैं उनके दर्शन से गुजरात की स्थापत्यकला के विषय में आज हमको यत्किञ्चित् स्मृति सतोष हो सके ऐसा आह्लाद होता है, उसके लिए हमें जैनों को ही धन्यवाद देना चाहिए।

शत्रुंजय, गिरनार, तारङ्गा, आबू और पावागढ़ जैसे गुजरात के पर्वत शिखर जो आज प्रवासिओं के आकर्षण का विषय बने हुए हैं, उनके ऊपर यदि जैनों के द्वारा निर्मित देव मन्दिर नहीं होते, तो उनका नाम भी कौन याद करता? अहमदाबाद में मुसलमानों की मस्जिदों को छोड़ कर यदि हठीभाई का जैन मन्दिर न होता तो वहाँ दूसरा ऐसा कौनसा हिन्दू स्थापत्य का सुन्दर कलाधाम है जिसे हिन्दू अपनी जातीय शिल्पकला के सुन्दर स्थान के रूप में पहचानते?

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अवनति के इस अन्तिम युग में भी जघडिया, कावी, छांणी, मातर, वारेजा, पेथापुर, पानसर, सेरिसा, संखेश्वर, भोयणी, मेत्राणा आदि अनेक छोटे गावों में और दूर जङ्गलों में जैनों ने लाखों रुपया खर्च करके भव्य मन्दिरों का निर्माण किया है। और ऐसा करके देश की शोभा में सुन्दर अभिवृद्धि की है, सेरीसा, संखेश्वर, पानसर और भोयणी जैसे अत्यन्त क्षुद्र ग्राम भी आज भव्य जैन मन्दिरों के शिखरों के कारण मानों मुकुटधारी ग्रामवर बन गये हैं। और यात्रियों के आराम के लिये खड़ी की गई विशाल धर्मशालाओं से वे एक छोटे से शहर का दृश्य उपस्थित कर रहे हैं।

उन देव मन्दिरों के दर्शनार्थ हिन्दुस्तान के कोने कोने से प्रत्येक वर्ष में हजारों जैन यात्री आते हैं और उन गाँवों की भूमि को पुण्य भू गिन कर वहाँ की धूलि मस्तक पर चढ़ाते हैं। गुजरात के वे भग्न गाँव जैन मन्दिरों के कारण पुण्यधाम बन गए हैं। सैंकड़ों भव्य जैन प्रति प्रातःकाल—"सेरीसरो संखेसरो पञ्चासरो रे" ऐसे नामोत्कीर्तन पूर्वक, जिस प्रकार हिन्दू लोग काशी, कांची, जगन्नाथपुरी जैसे धामों की प्रातः स्तुति करते हैं, उसी प्रकार उन गाँवों का मङ्गल पाठ करते हैं। जैनों ने इन आधुनिक मन्दिरों के द्वारा गुजरात की शिल्पकला को जीवित रखा है। यदि इस प्रकार जैनों ने मन्दिरों के निर्माण के द्वारा शिल्पिओं को प्रश्रय नहीं दिया होता तो आज हिन्दुस्थापत्य के सिद्धांन्तानुसार एक साधारण स्तम्भ का भी निर्माण कर सके ऐसे शिल्पी दुर्लभ हो जाते।

देव मंदिरों की रचना के पीछे जो उदार और उदात्त भावपूर्ण ध्येय रहा हुआ हैं, जो संस्कार और सदाचार के प्रेरक तत्त्व रहे हुए हैं, उनको हम भूल गए हैं और इसीसे आधुनिक मन्दिर संस्था उपकारक होने के स्थान में अनेक अंशों में अपकारक हो रही है। आज मन्दिरों को हमने पुण्यधामों के स्थान में एक प्रकार के पण्यागार जैसे बना रखे हैं। धर्मार्जन के बदले वे द्रव्यार्जन की दुकाने हो गई हैं। इस विषय में अन्य लोगों की अपेक्षा जैन अधिक दोष पात्र हैं यह कटु सत्य जैन बन्धुओं के रोष को स्वीकार करके भी कहना पड़ता हैं।

वैष्णवों के मन्दिर तो आज उनके नाम के अनुसार 'महाराजों की हवेलियाँ' हैं। उन मन्दिरों–हवेलियों में जाने पर हमें देवमन्दिर का तनिक भी आभास नहीं मिलता किन्तु किसी विलासी गृहस्थ के मकान में हम जा पहुँचे हैं ऐसा भास होता है। गुजरात के वैष्णव मन्दिरों को इस प्रकार बनियों के घरों के सदृश आकार प्रकार में किसने और कब परिवर्तित कर दिया उसका कुछ भी पता मुझे नहीं मिलता। मालवा, मारवाड़, मेवाड़ आदि देशों में सैंकड़ों वैष्णव मन्दिर हैं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जो स्थापत्य और पावित्र्य की दृष्टि से जैन मन्दिरों के समान ही भव्य और प्रशस्त हैं। द्वारका, डाकोर या गिरनार जैसे स्थानों में ऐसे ही दो चार वैष्णव मन्दिर कदाचित् हो सकते हैं किन्तु इनके अलावा गुजरात में कहीं भी ऐसे मन्दिर दिखाई नहीं देते। यद्यपि गुजरात के वैष्णव लोग जैनों की अपेक्षा अधिक धनवान् और धर्मचुस्त दिखाई देते हैं।

गुजरात का शैवधर्म तो आज बिलकुल शिथिल दशा में है। ऐसे समृद्ध और संस्कारयुक्त देश में एक मात्र सोमनाथ को छोड़ कर दूसरा एक भी बड़ा शैवधाम या भव्य शिवालय दृष्टिगोचर नहीं होता जिसकी ख्याति दूर देशों में फैली हुई हो। चालुक्यों के समय में जिस गुजरात के गाँव-गाँव में और सीम सीम में सुन्दर शिवालय शोभित होते थे और संध्या समय में उन शिवालयों में होने वाले शंखध्वनि और घंटानाद से गुजरात भूमि का समस्त वायुमण्डल शब्दायमान होता था, इस भक्तभूमि को आज मानो शंकर भगवान् छोड़ कर चले गए हैं, और उनकी यह श्रद्धाशील धरतीमाता शोकग्रस्त हो कर संध्यावंदन, मंगल गान वादन को स्थगित करके हताश हो स्तब्ध हो गई हो ऐसा प्रतीत होता है। 'हर हर महादेव' का घोष आज गुजरात में क्वचित् ही सुना जाता है। भूदेव सिर्फ ब्रह्मभोजन के समय ही मोदक दर्शन से प्रमुदित होकर अपने इष्टदेव का स्मरण और नामोच्चारण करते दिखाई देते हैं; इसको छोड़कर उस शैव समाज की शिवोपासाना आज नाम की ही रह गई है और शिवालयों का अधिकांश उपेक्षित हो अस्तव्यस्त हो रहा है।

शैवधर्म और जैनधर्म के स्थापत्य

महाराज मूलराज ने सिद्धपुर में रुद्रमहालय की स्थापना की और उस में पूजा-अर्चा के लिए एक सहस्र ब्राह्मण कुलों को उत्तर भारत से बहुत दान-मान के साथ बुला कर गुजरात में ब्रह्मपुरिओं का निर्माण किया। उन ब्रह्मकुलों के निर्वाहार्थ उसने अनेक गाँव दान में देकर 'यावच्चन्द्रदिवाकरौ' के ताम्रपत्र लिख दिये। मूलराज के वंशजों ने भी उत्तरोत्तर उनके दान-मान में वृद्धि की। और इस प्रकार समस्त गुजरात में ब्राह्मण वंशजों के सुखपूर्वक जीवनयापन की व्यवस्था कर दी गई। पाटन के उक्त राजवंश के पतन के साथ म्लेच्छों के हाथों से अणहिलपुर और सिद्धपुर के उन विभूतिमान् शिवालयों का भी विध्वंस हुआ। उन में से सिद्धपुर के रुद्र महालय का तो पुनरुद्धार उस समय में शाह सालिग देशलहराने किया। शाह सालिक शत्रुंजय तीर्थ के महान् उद्धारक समराशाह का बन्धु था। और जाति से ओसवाल तथा धर्म से जैन था। किन्तु

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उसके बाद किसी भी शैव भक्त जन ने या शिव के उपासक हजारों ब्रह्म-बन्धुओं ने भी उस महालय की रक्षा या जीर्णोद्धार के लिए कुछ प्रयत्न किया हो यह जानने में नहीं आया। मुगलों के अधिकार नाश के बाद सद्भाग्य से वह स्थान शिवाजी के सैनिक मराठा सरदारों के शासन में आया और भाग्य-बल से सिद्धराज जैसे ही संस्कारप्रिय श्रीमंत सरकार सयाजी राव[1] महाराज आज उस श्रीस्थल के स्वामी हैं। क्या चक्रवर्ती सिद्धराज की स्वर्गवासी आत्मा यह आशा नहीं रखती होगी कि उसकी जीवन साधना के महान् कार्य रूप उस रुद्र महालय का, उसी का सधर्मा और उसी की प्रियभूमि का समर्थ स्वामी पुनरुद्धार करे?

कलोल के पास सेरिसा गाँव में पार्श्वनाथ का एक प्रसिद्ध तीर्थ था जहाँ वस्तुपाल-तेजपाल ने भव्य मंदिर का निर्माण किया था। म्लेच्छों ने उस स्थान को इस प्रकार नष्ट भ्रष्ट कर दिया कि उसका एक पत्थर भी वहाँ मिलना दुर्लभ हो गया था। किन्तु अहमदाबाद के एक धर्मप्रिय उदार सेठ साराभाई डाह्या भाई ने उक्त तीर्थ का पुनरुद्धार करने में अपनी अस्थिर लक्ष्मी का सदुपयोग करना शुरू किया और उसी के फलस्वरूप आज वहाँ अष्टमंगलोपेत महाध्वज और सुवर्णकुम्भों से समलंकृत शिखर वाला एक भव्य और सुन्दर जैन मंदिर सुशोभित हो रहा है। प्रति वर्ष हजारों यात्री वहाँ दर्शन करने आते हैं और सैंकड़ों वर्षों तक नष्ट भ्रष्ट होने वाले तीर्थ का पुनरुद्धार हुआ देख कर आनन्द और आह्लाद का अनुभव करते हैं। जैनों की ओर से इस प्रकार का तीर्थोद्धार का कार्य समस्त देश में सतत चालू है। जैनों की इस देवभक्ति और तीर्थरक्षा की भावना का शैवों और वैष्णवों को भी अनुकरण करना चाहिए। और नष्ट भ्रष्ट हुए तीर्थस्थानों का योग्य रूप में पुनरुद्धार कर के देश की शिल्पकला और रूप शोभा में अभिवृद्धि करनी चाहिए।

मंदिरों की प्रशस्ति

सुन्दर और भव्यदेव मंदिर यह ग्राम और नगर के विभूतिमान् अलंकार हैं, पवित्रता के प्रेरक धाम हैं उत्सव और प्रीतिभोज के लिए आनन्द भवन हैं, अनजान अतिथि के लिए उन्मुक्त आश्रयस्थान हैं, शोक और संताप के निवारक रङ्गमण्डप हैं, गरीबों और धनिकों–प्रजाजनों को एकासन पर बैठाने वाले न्याय-पीठ हैं, भक्त और मुमुक्षु जीवों को आध्यात्मिक भावों में रमण करने के मुक्त

१. अब स्वर्गस्थ हैं। और बरोडा राज्य भी बंबई प्रान्त के अन्तर्गत हो गया है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

क्रीडाङ्गण हैं, संगीत और नृत्य की सात्त्विक शिक्षा देनेवाले उत्तम विद्यालय हैं, पण्डितों और सन्तों की ज्ञान-विज्ञानपूर्ण वाणी सुनने के विशाल व्याख्यान गृह हैं, राजा और रङ्क दोनों के लिए समानरूप से हृदय के दुःख का भार दूर करने और आश्वासन पाने के आशानिकेतन हैं और आधि, व्याधि और उपाधि से मुक्ति देने वाले मोक्षधाम हैं।

प्राचीन काल में हमारे देवमंदिर ही सामाजिक कार्य के लिये सभामण्डप थे। देवमन्दिर ही हमारे विद्यागृह थे। देवमंदिर ही अतिथि भवन थे। देवस्थान ही नाट्यगृह, न्यायालय और धर्माधिष्ठान थे। हमारी सब प्रकार की राष्ट्रीय, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्ति के केन्द्र हमारे ये देवमंदिर ही थे। यही कारण है कि हमारे पूर्वजों ने देव-मन्दिरों की रचना और रक्षा करने में मनुष्य जन्म की कृतकृत्यता मानी है। सम्राट् से लेकर एक साधारण प्रजाजन की जीवन की महत्त्वाकांक्षा का वह एक लक्ष्य स्थान माना गया है। किन्तु वर्तमान में मात्र जैनों को छोड़ कर इतर हिन्दुओं में यह भावना बहुत शिथिल हो गई है और जैसा कि मैंने पहले सूचित किया, अपने देवस्थानों की रक्षा करने में जितने जैन जाग्रत रहे हैं उतने जैनेतर जाग्रत नहीं रहे हैं। देवमंदिरों की पवित्रता की रक्षा के लिए जैनों ने जिस उदारता का परिचय दिया और जिस भावना को पुष्ट किया है उसका अन्य धर्मावलम्बिओं में अधिकांश में अभाव ही देखा जाता है। इसी से जैनों की अपेक्षा इतर हिन्दु देवमंदिर आज हमारे ऐसे समृद्ध और धर्मप्राण देश में भी अनेक प्रकार से महत्त्वहीन और अस्तव्यस्त दशा में पड़े हों—ऐसा दीखता है।

शैव मंदिरों की दुर्दशा और जैन मंदिरों की सुरक्षा

वनराज के राज्याभिषेक के समय में स्थापित पाटण का पञ्चासर पार्श्वनाथ का जैन मन्दिर आज भी जब देश देशान्तर के हजारों यात्रियों को आकृष्ट कर रहा है तब चौलुक्य चक्रवर्तिओं द्वारा स्थापित समस्त गुजराती प्रजा के राष्ट्र-मन्दिर के योग्य ऐसे 'सोमेश्वर प्रासाद' और 'त्रिपुरुष प्रासाद' जैसे महान् शिवालयों के अस्तित्व की भी देश वासियों को कुछ खबर ही नहीं रही है। देश में रहने वाले लाखों शैवधर्मी—जिनमें अनेकानेक राजा, महाराजा, जागीरदार, सरदार, कोट्याधिपति आदि का समावेश होता है वे आज अपने राष्ट्र और धर्म के इष्ट देव की ऐसी उपेक्षा करें यह वस्तुतः शोचनीय है।

आप में से कुछ लोगों ने आबू की यात्रा की होगी। आबू में अचलगढ़ के ऊपर अचलेश्वर महादेव का बड़ा तीर्थ धाम है। यह अचलेश्वर लाखों क्षत्रियों

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

के इष्ट देव हैं। शिरोही के राजा के तो वे कुलदेवता ही हैं, इसके अलावा भी राजस्थान के सभी राजाओं के परम उपास्य देव हैं। उक्त अचलेश्वर महादेव के मन्दिर की कैसी दयनीय स्थिति है यह देखने वालों से अपरिचित नहीं। उस अचलेश्वर के पास ही टेकरी के ऊपर जैनों का मन्दिर है; वह कितना स्वच्छ, भव्य और सुन्दर है। यदि उक्त दोनों मन्दिरों की तुलना की जाय तो 'कहाँ राजा भोज और कहाँ रङ्क गांगा तैली' यह लोकोक्ति याद आ जाती है। जैनों ने उस समस्त पर्वत के शिखर के मार्ग को पक्का बना दिया है। शिखर के ऊपर छोटी बड़ी अनेक धर्मशालाओं का निर्माण किया है और यात्रियों के रहने के लिये बहुत अच्छी व्यवस्था की है। पानी की, भोजनालय की तथा ताजे ताजे फल फूल शाक के मिलने की भी व्यवस्था की है। देवालय में मानो साक्षात् देवता आकर नाचते हों इतना स्वच्छ और सुरम्य उसका प्रांगण है। धूप दीप और पुष्पों से मन्दिर के मण्डप महक रहे हैं, मानों दूध से धो डाले हों ऐसे वे उज्ज्वल और सुधाधौत हैं। जब कि उक्त अचलेश्वर का मन्दिर मैला, गन्दा, कुरूप और यत्र तत्र कचरे से परिपूर्ण, महीने में भी एक बार जहाँ सफाई न होती हो ऐसा धूलिधूसरित दिखाई देता है। मन्दिर के चौक में ही गन्दे बाबा लोग पड़े हुए हों, रसोई पकाते हों, जूठन फैंकते हों, वहीं थूकते हों—पेशाब करते हों ऐसा दृश्य वहाँ का है। मैं जब कभी वहाँ जाता हूँ तो यह दृश्य देख कर अत्यन्त ग्लानि होती है। और हमारी ऐसी धार्मिक अधोगति देख कर मन में अतिशय संताप होता है।

कहाँ हैं वे अचलेश्वर के उपासक जिन्होंने लाखों मन सुवर्ण का दान वहाँ दिया था? कहाँ हैं वे भव्य नृपति, जो राज वैभव छोड़ कर उस महायोगी के महा मंदिर में दिन और रात 'शिव' 'शिव' ऐसी महा ध्वनि करके समाधि की साधना में लीन होकर बैठे रहते थे? कहाँ हैं वे अनेक महर्षि जो इस पशुपति के पुण्य सान्निध्य में परब्रह्म की प्राप्त्यर्थ कई वर्ष तक ब्रह्मचिन्तन और गायत्री गान किया करते थे? कहाँ हैं वे अनेक योगी जो उस ज्योतीश्वर के गर्भागार के सुवर्ण घटित घंटनादों से गुञ्जायमान होने वाली गिरिमेखलाकी एकान्त कंदराओं में कन्दमूल और फलफूल खाकर कठोर तपस्या करते थे और योगकी दिव्य विभूतिओं को हस्तगत करते थे? उस काल में लाखों नर-नारी भारत के कोने कोने से नाना प्रकार के कष्टों को झेल कर उस धाम की यात्रा करने आते थे। और उस महेश्वर के प्रसाद को शिर पर चढ़ाकर जीवन को कृतकृत्य समझते थे। मेरे अभिप्राय से अचलेश्वर अमुक अंश में समस्त गूर्जर संस्कृति और गूर्जर पौरुष का प्रेरक धाम है, गूर्जर लोगों का वह कैलास है और गूर्जर क्षात्रधर्म की वह यज्ञवेदी है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ऐसे इस पवित्र धाम की आज उपरिवर्णित दुःखदायक दुर्दशा है। शिरोही महाराज और बीकानेर महाराज, जयपुर दरबार और उदयपुर दरबार और ऐसे कितने ही राजा-महाराजा आज भी उस अचलेश्वर के दर्शन करते हैं फिर भी किसी राजा महाराजा को यह सूझ नहीं कि जिस देव को उनके पूर्वजों ने अपने देह तक दे दिये थे उस देव के योग्य पूजा प्रक्षालन की और उसके मंदिर की सफेदी की तो कुछ व्यवस्था करे ! शिरोही महाराज ने किसी ट्रेवर नाम गौराङ्ग देव की स्मृति को अमरता प्रदान करने के लिये करीब लाख रुपयों का खर्च करके आबू पर्वत के ऊपर 'ट्रेवर टालर' नामक बन्ध बांधा और उसमें सिर्फ गोरी चमड़ी वाले सैनिकों का ही नंगे होकर नहाने की और उसकी मछलिओं को पकड़ कर खाने की पुण्यकारी व्यवस्था कर दी ! किन्तु अचलेश्वर के सेवक कहे जाने वाले उस राज्य के आधुनिक किसी राजा ने वहाँ के पवित्र माने जाने वाले मंदाकिनी कुण्ड में लागों को शौच जाने से रोकने की कोई व्यवस्था नहीं की।

ऐसी दुर्दशा मैंने मेवाड़ के महाधाम एकलिङ्गेश्वर में भी कुछ अंशों में देखी है, और उज्जयिनी के महाकालेश्वर की भी देखी है, इनके मुकाबले में जैनों के शत्रुंजय, गिरनार, तारंगा, केसरिया जी आदि तीर्थों को देखें और उनकी व्यवस्था देखें। इन दोनों में जमीन आसमान का भेद है। वह ऐसा ही है जैसा बंबई में वालकेश्वर में स्थित धनिकों के महालयों में और भूलेश्वर में गुमास्ताओं के मालों में है।

जैन और शैव मन्दिरों की व्यवस्था के विषय में यहाँ जो कुछ कहा गया है उसका विपरीत अर्थ आप न लें कि ऐसा कह कर मैं जैनों का बड़प्पन दिखाना चाहता हूँ और जैनेतरों की हीनता। मेरा अभिप्राय तो सिर्फ इतना ही है कि जैन जिस प्रकार अपने देवस्थानों की पवित्रता सुरक्षित रखने का यथाशक्ति प्रयत्न करते हैं वैसा जैनेतर नहीं करते। यही कारण है कि गुजरात में जैनेतर मंदिरों की भव्यता आज दृष्टि गोचर नहीं होती। इस वस्तुस्थिति को मैं हमारी प्रजाकीय धार्मिक भावना की बड़ी क्षति की सूचक समझता हूँ।

राष्ट्रीय ममत्व का अभाव

जैन हो, शैव हो, वैष्णव हो, बौद्ध हो या फिर ईसाई या मुस्लिम हो, किसी भी प्रजा के धार्मिक स्थानों की अधोगति उस प्रजा के जीवन की ही अधोगति की सूचक है। हम यह अच्छी तरह जानते हैं कि इंगलैण्ड, फ्रांस या जर्मनी जैसे युरोपीय जडवादी देशों में आज धार्मिक बाह्य आचरणों का कुछ भी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

महत्त्व नहीं है। धर्मगुरु या धर्म ग्रन्थों के ऊपर वहाँ आज तनिक भी श्रद्धा और भक्ति नहीं देखी जाती। फिर वहाँ के धर्मस्थान–गिरजाघरों की पवित्रता और प्रतिष्ठा की उतनी ही सुरक्षा की जाती है। वहाँ के लोग गिरजाघरों को आत्म मोक्ष का दैवी धाम नहीं मानते फिर भी अपनी जातीय संस्कृति और अस्मिता के प्रेरक स्थान के रूप में अत्यन्त आदर से उनको स्वीकार करते हैं। राष्ट्रीय कला कौशल के अपूर्व स्मारक रूप में वे उनकी महत्ता का गान करते हैं। और कितने ही धन और जन की बलि से भी उनकी रक्षा करने के लिए वे लोग सदा तत्पर रहते हैं। भौतिक विज्ञान के सर्वोच्च शिखर पर स्थित जर्मन प्रजा आज भी जातीय संस्कृति और स्थापत्य के उत्तम निदर्शक ऐसे अनेक नये नये गिरजाघरों का निर्माण करती है। और उसमें करोड़ो रूपयों का खर्च राष्ट्रीय खजाने में से करती है। वहाँ की प्रजा यह मानती है कि गिरजा घर समस्त प्रजा की सर्व साधारण सम्पत्ति है। संपूर्ण राष्ट्र की संयुक्त संपत्ति है। प्रत्येक प्रजा जन को वह स्वकीय वस्तु प्रतीत होता है। और इसी लिये प्रत्येक प्रजाजन उसके लिये ममत्व भाव रखता है। दुर्भाग्य से अपने देश में ऐसी प्रजाकीय भावना जाग्रत नहीं है। यही कारण है कि हम अपनी राष्ट्रीय अस्मिता का विकास कर नहीं सकते हैं। धर्म, जाति और संप्रदाय की संकीर्ण भावना ने हमारा राष्ट्रीय गौरव कुंठित कर दिया है, गतप्राण बना दिया है।

पारस्परिक विद्वेष

जैनों के भव्य मंदिरों को देख कर किसी वैष्णव को आनन्द नहीं होता और किसी वैष्णव के सुन्दर धाम को देख कर जैन को आनन्द नहीं होगा। शैव, वैष्णव, बौद्ध, जैन सभी की यही दशा है। इतना ही नहीं किन्तु जैन में भी श्वेताम्बर मंदिर के प्रति दिगम्बर का और दिगम्बर मंदिर के प्रति श्वेताम्बर का द्वेषभाव है। हमारी यह संकीर्ण भावना राष्ट्रीय ऐक्य और अस्मिता में बाधक है। और इसी से हमारी उन्नति में भी विघात होता है। भले ही हमारी धार्मिक मान्यता में भेद हो और उस से हम अन्य धर्म के देवस्थानों को आत्म आध्यात्मिक कल्याण का साधन मान कर न पूजें फिर भी वह भी हमारे ही राष्ट्र की बहुमूल्य संपत्ति है, हमारे ही राष्ट्र की एक उत्तम विभूति है, हमारे ही कलाकारों का एक सुन्दर कलाकर्म है, हमारी ही निवास भूमिका एक मनोरम आभूषण है और हमारे ही पड़ोसी भाई का एक पवित्र धाम है–इस दृष्टि से उस पर हमारा ममत्व क्यों नहीं हो और उसे देख कर अह्लाद का अनुभव क्यों नही हो ?

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हम धन का संचय करने में किसी धर्म या संप्रदाय का विचार नहीं रखते। पैसा यदि मिलता हो तो एक जैन भी वैष्णव के साथ साझा कर लेगा और वैष्णव जैन के साथ। यदि वेतन अच्छा मिलता हो तो एक हिन्दू मुसलमान की नौकरी कर लेता है और मुसलमान ईसाई के यहाँ। इस प्रकार सांसारिक स्वार्थ सिद्ध करने में किसी कौम और संप्रदाय के संस्कार बाधक नहीं होते, तो फिर धर्म जैसे पारमार्थिक विषय में वे संस्कार क्यों बाधक होते हैं? और क्यों हम पारस्परिक द्वेष और शत्रुता को पुष्ट करते है? ऐसे द्वेष और शत्रुत्व से न तो हमारी भौतिक उन्नति हो सकती है और न आध्यात्मिक। उससे तो एकान्त अवनति और अशान्ति ही प्राप्त होती है। हमें यह बात सर्व प्रथम समझ लेनी चाहिए।

अस्तु यह तो मैंने थोड़ा विषयान्तर किया अब मूल विषय का विचार किया जाय।

साहित्य रचना

जिस प्रकार स्थापत्य कला का विकास करके जैनों ने गुजरात को अपूर्व और आकर्षक शोभा अर्पित की है उसी प्रकार साहित्य की विविध रचना द्वारा जैनों ने गुजरात को अनुपम ज्ञान समृद्ध किया है। गुजरात की साहित्य समृद्धि बहुत विशाल है। अणहिल पुर के अभ्युदय काल के प्रारम्भ से आज तक जैनों ने गुजरात में रह कर जिस साहित्य की रचना की है उसकी तुलना के लिये दूसरा कोई देश नहीं है। प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, प्राचीन गुजराती और नवीन गुजराती ऐसी विविध भाषाओं के हजारों ग्रन्थों से गुजरात के ज्ञानभंडार परिपूर्ण हैं। प्राकृत भाषा जो हमारे देश की समस्त आर्य भाषाओं की मातामही है उसका विपुल भण्डार एक मात्र गुजरात की संपत्ति है। वलभी युग के आरम्भ से मुगलाई के अन्त तक गुजरात के जैन यति प्राकृत ग्रन्थों की रचना करते और इस प्रकार प्राकृत भाषा का अखण्ड परिचय गुर्जर प्रजा को वे देते रहें हैं। प्राकृतभाषा के उक्त परिचय सातत्य के कारण गुजराती भाषा के विकास क्रमका इतिहास हमें अतीव सुलभ और सुस्पष्टरूप से प्राप्त हो सकता है।

हिन्दी, मराठी, बंगाली और गुजराती भाषाओं की साक्षात् जननी जो मध्यकालीन अपभ्रंश भाषा मानी जाती है उसका भी जितना विपुल और विशिष्ट साहित्य गुजरात के जैन भण्डारों में प्राप्त होता है उतना अन्यत्र कहीं भी उपलब्ध नहीं होता। वनराज चावडा के राज्याभिषेक के युग से लेकर कर्ण वाघेला के पतन

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

के समय के दरमियान की प्रत्येक शताब्दी की जैन यतिओं द्वारा निर्मित ऐसी अनेक अपभ्रंश कृतियाँ अणहिल पुर के भंडारों में से हमे प्राप्त होती है।

जैन पंडित हमेशा प्राचीन और वर्तमान दोनों भाषाओं के उपासक रहे हैं। और उन्होंने दोनों प्रकार के भाषा साहित्य को अपनी कृतिओं से अलंकृत किया है। प्राकृत और संस्कृत इन दोनों पुरातन भाषाओं के साथ अपभ्रंश युग में उन्होंने अपभ्रंश भाषा को समृद्ध बनाने के लिये उसमें भी उतनी ही साहित्य रचना की है। और युग के व्यतीत होने पर जब गुजराती भाषा के युग का प्रारंभ हुआ तब उसमें भी उतनी ही तत्परता से रचना करने लग गये।

आ० हेमचन्द्र के जीवन की समाप्ति के साथ ही अपभ्रंश भाषा के जीवन की भी समाप्ति हुई और गुजराती भाषा के उदय काल का प्रारंभ हुआ उस उदय काल के आदि क्षण से लेकर आज तक जैन विद्वानों ने गुजराती भाषा की अविरत सेवा की है और जिसकी तुलना किसी भी देशी भाषासे न की जा सके उतनी अधिक कृतिओं से उस भाषा के भण्डार को उन्होंने परिपूर्ण किया है। विद्या विलासी और संस्कृति-प्रतिमूर्ति महाराजाधिराज सयाजी राव के प्रसंशनीय आदेश से स्व० विद्वान् श्री चमन लाल दलाल ने पाटण के भण्डारों का विस्तृत पर्यवेक्षण किया था। और फलस्वरूप गुजराती भाषा के उस पुरातन अमूल्य जवाहिर को विश्व के समक्ष रखने का अपूर्व उद्योग किया था। उसके फलस्वरूप हममें उन जवाहिर के खजानों की शोध की जिज्ञासा जाग्रत हुई। जैन विद्वान् श्री[1] मोहन लाल देसाई अंतिम करीब २० वर्ष से गुजराती भाषा में ग्रथित जैन साहित्य की शोध कर रहे हैं। और उसके फलस्वरूप उन्होंने अब तक में हजार हजार पृष्ठ के तीन ग्रन्थ तैयार किये हैं। उनको देखने से आप यह कल्पना कर सकेंगे कि जैन विद्वानों ने गुजराती भाषा की कैसी उत्कृष्ट सेवा की है।

अणहिलपुर, भरूच, खम्भात, कपडवंज, धोलका, धंधुका, कर्णावती, डभोई, वडोदरा, सुरत, पालनपुर, पाटडी, चन्द्रावती, ईडर, वडनगर, आदि गुजरात के प्रत्येक मध्यकालीन नगरों के उपाश्रयों में रहकर जैन यतिओं ने असंख्य संस्कृत ग्रन्थों की रचना की है। और उन ग्रन्थों में व्याकरण, काव्य, कोष, अलंकार साहित्य, छंद, नाटक, न्याय, आयुर्वेद ज्योतिष, गणित, आख्यान, प्रबन्ध आदि ज्ञान-विज्ञान के समस्त विषयों का समावेश किया है। सैंकड़ों ऐसे कई ग्रन्थ हैं जिनमें गुजरात के सामाजिक लोक जीवन विषयक विविध सामग्री मि[illegible]

१ अब वे स्वर्गस्थ हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सकती है। उस काल में प्रचलित सैंकड़ों गुजराती लोक कथाओं को लौकिक संस्कृत भाषा में परिवर्तित कर के उन के भी अनेक संग्रह उन्होंने ग्रथित किये हैं। गुजरात के मध्य कालीन इतिहास की यथाश्रुत घटनाओं को ग्रन्थबद्ध करके गुजरात के इतिहास को सुरक्षित रखने के लिये उन्होंने ऐतिहासिक-अर्ध ऐतिहासिक ऐसे संख्याबद्ध प्रबन्धों की रचना की है। गुजरात के राष्ट्रिय इतिहास का जितना संरक्षण जैनों ने किया है उस का सहस्रांश भी जैनेतरों ने नहीं किया। धार्मिक मनोवृत्ति की संकीर्ण भावना के कारण यदि जैनों की उस महान् राष्ट्र देन की कीमत कम आंकी जाय या उसे अस्वीकार किया जाय तो एक प्रकार का राष्ट्रद्रोह ही समझा जाना चाहिए।

गुजरात के पास उसके अपने सन्तानों की रचना के रूप में ज्ञान-विज्ञान के सर्व विषयों की उत्तमोत्तम कृतियाँ विद्यमान हैं। इस प्रकार से जैनों ने गुजरात को साहित्य साम्राज्य की दृष्टि से सर्वतन्त्र स्वतन्त्र राष्ट्र बनाया है।

वस्तुतः गुजरात के साहित्यिक समृद्धि के भण्डारों को परिपूर्ण करने का यश जैनों को है फिर भी उत्तम साहित्य सर्जन की प्रेरणा जैनों ने कहाँ से और किस प्रकार ली उसका भी तनिक विचार हो जाना चाहिए। यद्यपि यह विवेचन विस्तृत होना चाहिए। उस की पूर्वभूमिका का पता लगाने के लिए हमें गुजरात के पुरातन इतिहास के बहुत से पन्ने उलटने पड़ेंगे। जिसके लिए यहाँ अवकाश नहीं है; फिर भी अत्यंत संक्षिप्त रूप में उसके विषय में कुछ बातें कह देता हूँ।

गुजरात की अस्मिता का उत्थान

गुजरात के सुवर्ण काल के प्रस्थापक चौलुक्य नृपति उत्कट स्वदेश प्रेमी थे। उनकी महत्त्वाकांक्षा गुजरात को भारत का मुकुटमणि बनाने की थी। शक्ति, संस्कृति और समृद्धि में गुर्जर देश अन्य देशों की अपेक्षा तनिक भी-पिछड़ न जाय उनकी साम्राज्य नीति का यह महनीय मुद्रालेख था। वे जितने शौर्यपूजक थे उतने ही संस्कारप्रिय भी थे। साहित्य, संगीत, स्थापत्य आदि सत्कलाओं का उनको शौक था। कलाकोविदों के वे श्रद्धाशील भक्त थे। वे अपने शौर्य बल से जिस प्रकार गुजरात के साम्राज्य की सीमा का विस्तार चाहते थे; उसी प्रकार उत्तमोत्तम स्थापत्य की रचना द्वारा गुजरात के नगरों की शोभा बढ़ाना चाहते थे। विद्वान् और विशेषज्ञों का समूह संग्रह करके उनके द्वारा साहित्य रचना करवाते थे और इस प्रकार गुर्जर प्रजा की ज्ञान ज्योति को विकसित करते

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

थे। भारत के अन्य राज्यों में जैसे जैसे विशिष्ट देवस्थान या जलाशय आदि स्थापत्य के सुन्दर कार्य हुए हों या होते हों वैसे कार्य गुजरात में भी होने चाहिए। दूसरे प्रान्तों में जैसे विद्यापीठ और सारस्वत भाण्डार विद्यमान हों वैसे विद्यापीठ और भाण्डार गुजरात में भी होने चाहिए। भारत के अन्य राजदरबारों में जैसे समर्थ विद्वान्, पण्डित, कवि, मन्त्री, राजदूत, सेनानायक, नीतिविशारद, व्यापारप्रवीण और अन्य कलानिपुण पुरुष विद्यमान हों वैसे या उनसे भी बढ़कर श्रेष्ठ पुरुषरत्न गुजरात की राजसभा को शोभित करने वाले होने ही चाहिए—यहीं उनकी साम्राज्य जिगीषा का मुख्य ध्येय था। गुजरात की शक्ति और संस्कृति के विषय में यत्किञ्चित् भी आक्षेप या लघुता हो-यह उनको स्वप्न में भी असह्य था। उनके इस उत्कट देश प्रेम और संस्कार रुचि ने उन्हें अपने देश में रुद्रमहालय, त्रिपुर प्रासाद, और सोमेश्वर आदि सैंकड़ों भव्य महालयों के निर्माण की प्रेरणा दी, कर्णसरोवर, मिनलसरोवर, सिद्धसर जैसे अनेक महासरोवरों के निर्माण के लिए उत्साहित किया, स्थान-स्थान पर सुन्दर तोरण और कीर्तिस्तम्भ खड़े करने को उत्कंठित किया; बड़े बड़े सारस्वत भाण्डागार स्थापित करने और सत्रागार सहित विद्यामठों को स्थापित करने के लिए प्रवृत्त किया।

नृपोंका धार्मिक समभाव और उसका फल

धर्म और उपासना के विषय में वे अतीव समदर्शी थे। उनके समय में गुजरात में मुख्यरूप से दो ही प्रजाधर्म प्रवर्तित थे—शैव और जैन। चौलुक्यों का कुलधर्म शैव था फिर भी वे जैनधर्म के प्रति भी पूर्ण सद्भाव रखते थे। जैन मंदिरों को राज्य की ओर से पूजा-सेवा के लिये अधिक मात्रा में भूमिदान आदि दिये जाते थे। पर्व और उत्सवों के प्रसंग में राजा लोग खूब धूमधाम से जैन मंदिरों में जाते थे और श्रद्धापूर्वक स्तुति प्रार्थना करते थे।

उनकी ऐसी धार्मिक समदर्शिता और संस्कारप्रियता के कारण जैन आचार्य विशेष रूप से आशान्वित थे। अतः उस राज्य की महत्ता और कीर्ति बढ़े ऐसा हृदय से चाहते थे और तदनुसार प्रवृत्ति करते थे। चौलुक्यों के शासन काल में जैन धर्म को उत्तम संरक्षण मात्र ही मिला हो यह बात नहीं, किन्तु उत्तम पोषण भी मिला था। इससे जैन विद्वान् निर्भय, निश्चिंत और निश्चिलमना होकर अणहिलपुर तथा उसके आस पास के सुस्थान और सुग्रामों के उपाश्रयों में बैठ कर उक्त प्रकार की विविध साहित्यिक रचना करके गुजरात की प्रजा को ज्ञान से

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

समृद्ध करते थे। गुजरात की गुणगरिमा की वृद्धि करते थें। गुजरात की ऐसी ज्ञान गरिमा के कारण ही गुजरत को "विवेक बृहस्पति" का सम्मानास्पद बिरुद मिला था। और ऐसी स्थिति की उत्पत्ति में उक्त प्रकार से जैनाचार्यों ने अग्र भाग लिया था।

गुजरात में सदाचार वृद्धि—

सदाचार के विषयमें भी जैनधर्म ने गुजराती प्रजाकी समुन्नतिमें सविशेष भाग लिया है। जैन धर्म आचारप्रधान धर्म है; यम-नियम, तप-त्याग आदि के विषय में जैन धर्म में पर्याप्त भार दिया जाता है। अहिंसा तो जैन आचार विचार का ध्रुव बिन्दु ही है। उसी को लक्ष्य करके जैन धर्म के सभी आचारों का संविधान हुआ है। अहिंसा की संपूर्ण व्याख्या तो बहुत गहन है। उसकी स्थूल व्याख्या यह है कि मनुष्य को किसी भी मनुष्य पशु आदि किसी जीव की हिंसा नहीं करनी चाहिए किसी भी प्राणी का नाश नहीं करना चाहिए। इस स्थूल व्याख्या के भी उत्सर्ग अपवाद आदि भेद प्रभेद और गौण-मुख्य आदि विविध प्रकार हैं। उसकी सूक्ष्मता में जाना यहाँ अनावश्यक है।

सामान्यतः इतना जानना आवश्यक है कि जैन धर्म की दीक्षा का सर्व प्रथम और सर्व प्रधान नियम है जीव हिंसा का त्याग। जो मनुष्य स्थूल जीव हिंसा का भी त्याग नहीं कर सकता वह जैन धर्म का अनुयायी भी नहीं हो सकता। मांसाहार के लिए ही प्रायः मनुष्य स्थूल जीव हिंसा करते हैं। मांसाहार के निमित्त से ही जगत में नित्य प्रति लाखों करोड़ों पशु, पक्षी, मछली आदि प्राणिओं का संहार होता है। यह संहार तभी कम हो सकता है जब मनुष्य मांसाहार को कम करे। इस दृष्टि से जैन मांसाहार के सबसे अधिक विरोधी रहे हैं। जहाँ जहाँ उनके वश की बात हो वहाँ वहाँ वे मांसाहार का निषेध करने कराने में प्रयत्नशील रहते आये हैं। सचमुच ऐसा करके वे जीवहिंसा को कम करने में अपनी शक्ति का पूरा उपयोग करते आये हैं। अकबर बादशाह जैसे मुगल सम्राट् को भी जैनाचार्यों ने अपने सदुपदेश द्वारा हिंसा के निषेध की ओर सुरुचिसंपन्न बना दिया था। इसीसे उन्होंने अपने साम्राज्य में वर्ष में कई दिनों तक जीव हिंसा न करने के फरमान निकाले थे, तथा उन्होंने स्वयं भी वर्ष के अमुक मासों में और दिनों में मांसाहार सर्वथा न लेने का नियम ले रखा था।

यह तो कहा ही जा चुका है कि चौलुक्यों के शासन काल में गुजरात में जैनों का काफी प्रभाव था इसके अलावा उस वंश का सबसे प्रतापी और शूरवीर राजा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कुमारपाल जैनधर्म में संपूर्ण श्रद्धावान् होकर अपनी उत्तरावस्था में उसने गृहस्थोचित दृढ दीक्षा भी स्वीकृत की थी। उस राजा ने अपने संपूर्ण साम्राज्य में जीवहिंसा को रोकने के लिए आग्रहपूर्वक राजाज्ञाएँ दी थीं, और मांसाहार न करने के लिए तथा देवी देवताओं को बलि न चढ़ाने के लिए राज्य घोषणाएँ की थीं। मांसाहार और जीवहिंसा के निषेधक—ऐसे सतत आदेशों और प्रचार के कारण गुजरात की प्रजा में से ये बातें बहुत कम हो गईं। आज समस्त हिन्दुस्तान में गुजरात ही ऐसा है जहाँ सबसे कम मांसाहार है और सबसे कम जीवहिंसा होती है। मांसाहार के निषेध के साथ ही मद्य और व्यभिचार के निषेध के लिए भी गुजरात में ही अधिक प्रयत्न किया गया है।

गुजरात के उच्च गिने जाने वाले प्रजावर्ग में उन दुर्व्यसनों का सर्वथा तो नहीं किन्तु अत्यधिक मात्रा में भी जो प्रशस्य अभाव देखा जाता है उसका कारण पूर्वकालीन जैन आचार्यों के उपदेश का प्रभाव ही है। गुजरात में मद्य का प्रचार सिर्फ तथाकथित निम्न जातियों में है और वह भी अंग्रेजों के शासन काल में ही बढ़ा है। मांस, मद्य और व्यभिचार की प्रबलता के अभाव में प्रजा में खून और संत्रास की प्रवृत्ति भी कम हो यह स्वाभाविक है। समस्त भारत वर्ष में आज गुजराती प्रजा शान्तिप्रिय, सौम्यस्वभावसम्पन्न, विशिष्ट दयाभाव युक्त और दुःखित जनों को उदारता पूर्वक दान देने वाली है—ऐसी ख्याति है। उन गुणों की उन्नति गुजरात में जो हुई है उसका कारण जैन संस्कारों की सतत प्रेरणा और प्रोत्साहन रहा है ऐसा मेरा नम्र मत है।

गुजरात में पिछड़ी हुई जाति का मनुष्य भी सर्प, बिच्छू जैसे भयङ्कर और विषैले जीवों का भी बिना कारण घात करने में पाप मानेगा और कारण मिलने पर भी उनकी हत्या करने में सङ्कोच का अनुभव करता है। इसके विपरीत अन्य प्रदेशों में रहने वाला उच्च ब्राह्मण जन भी सर्पादि का नाम मात्र सुन कर उसकी हत्या करने को उत्साहित हो जाता है। गुजरात का किसान गरमी के दिनों में शुष्क होने वाले तालाबों की मछलिओं की सुरक्षा के लिए अनेक प्रयत्न करता हुआ नजर आता है जब कि बंगाल, बिहार आदि प्रदेशों का ब्रह्मवादी और सर्व शास्त्र पारगामी भूदेव भी मछलियों के मारने और मरवाने की व्यवस्थित प्रवृत्ति में लीन हुआ देखा जाता है।

पिंजरा पोल संस्था

अनाथ ओर अपंग पशुओं के पालन पोषण और संरक्षण करने वाली पिंजरा पोल जैसी प्राणी दया की पुण्यसंस्था स्थापित करने का सबसे पहला श्रेय गुजरात

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

राती प्रजाजन को ही मिलना चाहिए। मारवाड़, मेवाड़ और मालवा आदि प्रदेशों में इस संस्था का जो अस्तित्व है वह भी गुजरात के ही असर से है। पिंजरापोल संस्था के प्रधान प्रचारक और संचालक जैन हैं यह सर्वविदित है। यह एक दूसरी बात है कि आज वह पिंजरापोल संस्था उसके अज्ञान और असमयज्ञ संचालकों के द्वारा अत्यन्त दया जनक और दुर्व्यवस्थित दशा को प्राप्त है, तब इससे विचारशील वर्ग द्वारा यह निन्दा के पात्र भी हुई है। किन्तु यह दोष व्यवस्था का है संस्था का नहीं।

संस्था का मूल उद्देश्य तो प्राणिओं की शुद्ध सेवा का है और तद्द्वारा मानव हृदय की भूतदया की भव्यभावना के विकास का है। जैन इस कार्य में प्रतिवर्ष आज भी लाखों रूपयों का खर्च करते हैं। जितना ध्यान अनाथ असमर्थ जैन बालकों के संरक्षण और पालन पोषण में भी नहीं दिया जाता उतना मूक पशु प्राणिओं के पालन-पोषण के निमित्त दिया जाता है यह स्पष्ट है। किन्तु व्यवस्था के दोष के कारण इस कार्य में प्रायः पुण्य के स्थान में कुछ पाप का भी उपार्जन किया जाता होगा। समयानुकूल सुव्यवस्था के फलस्वरूप यह संस्था आज हमारे दरिद्र देश के लिए अनेक प्रकार से अधिक उपयोगी हो सकती है।

अहिंसा विषयक आक्षेप का उत्तर

जीवदया की ऐसी प्रवृत्ति और तद्द्वारा की जाने वाली अहिंसा की पुष्टि के विषय में कभी कभी यह आक्षेप सुनाई देता है कि जैनों के इस अहिंसा प्रचार के कारण प्रजा में शौर्यवृत्ति और क्षात्रधर्म शिथिल हुए और फलस्वरूप आय प्रजा पौरुषहीन होकर पराधीन बन गई–इत्यादि।

अहिंसा के विषय में उक्त आक्षेप सर्वथा भ्रमात्मक और तत्त्वशून्य है। मैंने जैसे प्रथम सूचित किया है उस रीति से जैनधर्म की अहिंसा की कल्पना और व्याख्या बहुत विशाल और गम्भीर है। उक्त व्याख्या के अनुसार दृश्य तथाकथित अहिंसा वस्तुतः हिंसा हो सकती है और स्थूल दृष्टि से दृश्य हिंसा भी सिद्धान्त संमत अहिंसा हो सकती है। हिंसा-अहिंसा की सिद्धि और साधना का आधार सिर्फ बाह्य प्रवृत्ति ही नहीं हैं किन्तु बाह्य प्रवृत्ति में रहे हुए हेतु की शुद्धि-अशुद्धि के कारण होने वाली आन्तरिक वृत्ति है। जैन या अन्य कोई जिसे अहिंसा समझते हों और अपनी जिस प्रवृत्ति को अहिंसा की पोषक मानते हों वह भी इस तत्त्व दृष्टि के अनुसार वस्तुतः अहिंसा हो भी सकती है या नहीं भी हो सकती। तत्त्वतः अहिंसक व्यक्ति अहिंसा धर्म के पालने के निमित्त किसी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

समय चींटी जैसे क्षुद्रतम जन्तु के प्राण बचाने के लिए भी अपने प्राणों का परित्याग कर सकता है जबकि दूसरे किसी अवसर में अपनी अहिंसा पालन के ही निमित्त से चक्रवर्त्तिओं के महासैन्यों का भी संहार स्वयं कर सकता है और करा भी सकता है। इस प्रकार अहिंसा धर्म 'कुसुमादपि कोमल' और 'वज्रादपि कठोर' है। उसका शुद्ध आचरण तलवार की धार पर चलने जैसा कठिन कार्य है।। सर्वस्व के त्याग की तैयारी के बिना इस अहिंसा धर्म का सम्पूर्ण पालन शक्य नहीं है। और न राग द्वेष के विजय के विना अहिंसा की सिद्धि हो सकती है। आधुनिक जैन समाज इस अहिंसा की सम्पूर्ण साधना करता है ऐसा मेरा मन्तव्य या वक्तव्य नहीं है किन्तु मैं तो बताना यह चाहता हूँ कि अहिंसा की निःशंक व्याख्या क्या है। देश काल की परिस्थिति का विवेक पूर्वक विचार किये बिना, मूढभाव से यदि कोई समाज अहिंसा की अन्ध प्रवृत्ति करता हो तो वह वास्तविक अहिंसा नहीं हो सकती। उस प्रवृत्ति का परिणाम यदि बहु जन समाज के लिये हानिकर होता हो तो वह निरी हिंसा ही है। अतः ऐसी अन्ध प्रवृत्ति अवश्य दोष और तिरस्कार की पात्र होती है।

जैन सेनापतियों का पराक्रम

किन्तु अहिंसा की ऐसी रूढ या अन्ध प्रवृत्ति के साथ भी प्रजा की पराधीनता का तनिक भी सम्बन्ध नहीं है। अहिंसा के नाम को जिन्होंने स्वप्न में भी नहीं सुना ऐसे अनेक प्रजा वर्ग जगत् के इतिहास में पराधीन हुए हैं और होते रहे हैं। अहिंसा की इस तात्त्विक विचारणा को छोड़ कर यदि उसे हम व्यावहारिक दृष्टि से सोचें तो पता लगेगा कि जैनों ने अहिंसा का ऐसा अनर्थ तो कभी नहीं किया जिससे प्रजा की शौर्यवृत्ति नष्ट हो गई हो। उल्टा जैनसमाज और गुजरात का इतिहास तो इस बात का साक्षी है कि अपने देश का संरक्षण करने के लिए जैनों ने बड़े बड़े क्षत्रिय वीरों से भी बढ़ कर उत्साह दिखलाया था। गुजरात के साम्राज्य के उत्कर्ष के लिए जैनधर्मी वीर योद्धाओं ने अनेक रण-संग्राम खेले हैं और अद्भुत युद्ध कौशल बताया है। गुजराती भूमि में कभी कभी ता जो दुर्धर्ष कार्य क्षत्रिय पुत्र भी न कर सके वह इन तथाकथित वणिक पुत्रों ने करके दिखाया है।

आबू के जगत्प्रसिद्ध कलाधाम आदिनाथ मंदिर का निर्माता विमलशाह जैन ऐसा प्रचंड-सेनानायक हो गया है जिसने गुजरात के सैन्यों को सिन्धु नदी के नीर में तैरता करके गजनी की सीमा को पददलित करनेवाला बना दिया। मंत्री

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उदयन के पुत्र दण्डनायक आंबड ने गुर्जर सैन्यों को सह्याद्रि की घाटियाँ किस प्रकार पादाक्रान्त करना यह अनुभव पाठ सैन्यों के साथ रहकर के दिये और अपने सम्राट् की शत्रुविजिगीषा किस प्रकार पूर्ण करना इस की सोपपत्तिक शिक्षा देने के लिये मल्लिकार्जुन जैसे बलवान् कोंकणाधीश नृपति का स्वहस्त से कण्ठकर्तन करके मस्तक रूप श्रीफल के द्वारा गुर्जर नरेन्द्र की चरण पूजा करके दिखलाई। गुजराती योद्धाओं को विन्ध्याचल की अटवी कैसे पददलित करना और उसमें यथेच्छ विहरने वाले गजयूथों को किस प्रकार शिक्षा देकर के अणहिल पुर की हस्तिशालाओं को अजेय बना देना इस बात की अपूर्व विद्या मंत्री लहर ने दी थी। धनुर्विद्या में प्रवीण उसी दण्डनायक ने अणहिल पुर के सन्निकट विन्ध्यवासिनी देवी का बड़ा पीठ स्थापित करके उसके प्राङ्गण में गुर्जर सैनिकों और प्रजाजनों को धनुर्विद्या के शौर्यपूर्ण पाठ पढ़ने-पढ़ाने के लिये पाठशाला खड़ी की थी।

उदयन मंत्री ने सोरठ के ऊपर धावा बोल कर रा'खेंगार का राज्य नष्ट किया और सिद्धराज को चक्रवर्ती पद दिलाया। मंत्री वस्तुपाल ने गुजरात के स्वराज्य को नष्ट होने से बचाने के लिए अपनी जिन्दगी में त्रेसठ बार युद्धभूमि में गूर्जर सेना का संचालन किया था। उसके युद्धकौशल के प्रताप से दिल्ली के इस्लामी सैन्यों को भी गुजरात की सीमा में पराजय प्राप्त हुआ था। भीमदेव दूसरा जब नाबालिग था तब उसका एक सज्जन नामक जैन सेनानायक था जा नियमतः सायं-प्रातः प्रतिक्रमण करता था। जब युद्ध प्रसंग होता तो वह हाथी के हौदे पर बैठे बैठे घड़ी भर एकाग्रचित्त होकर अपने अहिंसा धर्म के आध्यात्मिक नियम का पालन कर लेता और शेष समय में शत्रुसंहार की रणभेरी फूँक अपने प्रजाकीय राष्ट्रीय धर्म का पालन करता था। उसी के सेनापतित्व में आबू की तलहटी में शहाबुद्दीन जैसे महान् सुल्तान को भी पराजित होना पड़ा था—इसे मुसल्मान तवारीखों में भी माना गया है।

गुजरात के इतिहास में ऐसे अनेक वृत्तान्त मिलते हैं जिनके अनुसार जैन-धर्म के समर्थ उपासक वणिकों ने क्षत्रियों के जैसा ही रणशौर्य दिखलाया है। और शत्रुओं के संहार के द्वारा अपने राष्ट्रधर्म के पालन की सपूर्ण साधना करके दिखा दी है। मुगलों के जमाने में भी दिल्ली और राजपुताना के राज्यों में अनेक शूर-वीर जैन वणिक हो गए हैं जिन्होंने उच्च सेनाधिपतित्व जैसे पदों को शोभित किया है। जिनके सेनाधिपतित्व में हजारों राजपूतों, मुगलों, अरबों, और पठानों ने बड़े-बड़े जङ्ग लड़े हैं। जयपुर, जोधपुर उदयपुर आदि राजपुताना

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

के राज्यों के इतिहासों में इस बात के अनेक प्रमाण विद्यमान हैं। इतने विवेचन से स्पष्ट है कि अहिंसा धर्म के उपासकों ने क्षात्रधर्म को शिथिल कर दिया है या प्रजा के पौरुष को हतोत्साह बना दिया है—यह आक्षेप सर्वथा अज्ञान-सूचक और इतिहास विरुद्ध है।

राष्ट्र सेवा—

पूर्व काल के जैन जितने धर्म प्रिय थे उतने ही राष्ट्र भक्त भी थे और जितने राष्ट्रभक्त थे उतने ही प्रजावत्सल भी थे। उनकी लक्ष्मी का लाभ धर्म, राष्ट्र प्रजागण इन सब को समान रूप से मिलता था। वे साधर्मिक वात्सल्य भी करते और प्रजासंघ को भी भोज देते थे। वे जैन मंदिरों के अलावा सार्वजनिक स्थानों का भी निर्माण करते थे। वे जैनयतिओं के साथ ही ब्राह्मण वर्ग को भी सम्मान देते थे। शत्रुंजय और गिरनार की यात्रा के साथ सोमनाथ की भी यात्रा करते और द्वारका भी जाते थे।

वस्तुपाल-तेजपाल

वस्तुपाल तेजपाल बन्धुयुगल आदर्श जैन थे। जैनधर्म की प्रभावना के लिए जितने द्रव्य का व्यय उन्होंने किया इतना किसी अन्य ने किया हो यह इतिहास में नहीं मिलता। मध्ययुग के इतिहास काल में जितने समर्थ जैन उपासक हो गए हैं उनमें वस्तुपाल सबसे महान् था, जैनधर्म का यह श्रेष्ठ प्रतिनिधि था। एक साधारण जैनयति के अपमान का बदला लेने के लिए उसने गुर्जरेश्वर महाराज वीसलदेव के सगे मामा का हस्तच्छेद करा दिया था। उसका स्वधर्माभिमान इतना उग्र था। फिर भी जैन धर्म स्थानों के अलावा उसने लाखों रुपये का खर्च करके जैनेतर धर्म स्थान भी बनवाये थे। सोमेश्वर, भृगुक्षेत्र, शुक्लतीर्थ, वैद्यनाथ, द्वारका, काशीविश्वनाथ, प्रयाग, गोदावरी आदि अनेक हिन्दू तीर्थस्थानों की पूजा-अर्चा के निमित्त उसने लाखों का दान किया था। सैंकड़ों ब्रह्मशाला और ब्रह्मपुरियों का निर्माण किया था। पथिक जनों के आराम के लिए जगह जगह पर अगणित कुएँ और वाटिकाएँ निर्मित की थीं। अनेक सरोवरों और विद्यापीठों का निर्माण किया। सैंकड़ों अरक्षित गाँवों में दुर्ग का निर्माण किया, सैंकड़ों शिवालयों का पुनरुद्धार किया। सैंकड़ों वेदपाठी ब्राह्मणों को वर्षासन दिये। इन सब कार्यों से भी अतिविशिष्ट और अनुपम कार्य तो उसने यह किया कि मुसलमानों के लिए नमाज पढ़ने लिए अनेक मस्जिदें

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

को बनवाया। हजारों रुपयों का खर्च करके गुजराती शिल्पकला के सुन्दरतम नमूने के रूप में एक उत्कृष्ट संगमरमर का तोरण बनवाकर उसने इस्लाम के पाक धाम मक्का शरीफ को भेंट रूप भिजवाया था। अपने धर्म में चुस्त रहते हुए भी अन्य धर्म के प्रति ऐसी उदारता दिखलाने वाला और अन्य धर्म के स्थानों के लिए इस प्रकार लक्ष्मी का व्यय करने वाला उसके समान दूसरा कोई पुरुष भारतवर्ष के इतिहास में मुझे तो अज्ञात ही है। जैनधर्म ने गुजरात को वस्तुपाल जैसे असाधारण सर्वधर्मसमदर्शी और महादानी महामात्य की अनुपम भेंट दी है।

शाह समरा और सालिग

वस्तुपाल और तेजपाल जैसे सर्वथा अद्वितीय भाग्यशाली तो नहीं किन्तु उनके गुणों के साथ अनेक प्रकार से साम्य रखने वाले उनके बाद शाह समरा और सालिग यह बन्धुयुगल पाटण में हुआ। उन्होंने अलाउद्दीन के प्रलयंकर आक्रमण के समय गुर्जर प्रजा की अनेक प्रकार से अद्भुत सेवा की थी। उन्होंने अपनी असाधारण राजकीय पहुँच के कारण गुजरात के सैंकड़ों जैन और हिन्दू देव स्थानों का मुसल्मानों के हाथों सर्वनाश होना रोक दिया था तथा नष्ट भ्रष्ट हुए देवस्थानों का पुनरुद्धार किया व कराया था। हजारों प्रजाजनों को उन्हों ने मुसलमानों के विघातक कैदखानों से मुक्ति दिलाई थी। पाटण का स्वराज्य नष्ट हुआ उस समय गुर्जर प्रजा को आपत्ति के काल में आश्वासन देने वाले जो भी महाजन थे उन में शाह समरा और उन के भाई अग्रणी थे। वस्तुपाल-तेजपाल के समान उनके सत्कृत्यों का इतिहास भी सुविस्तृत है।

जगडु शाह

संवत् १३१३–१४–१५ में गुजरात और उसके आस-पास के प्रदेश में सर्वभक्षी ऐसा महाभयंकर दुष्काल हुआ जब कि वीसलदेव जैसे महाराजों और सिंघ के बड़े अमीरों के लिए भी अपने आश्रितों को खाने के लिए अन्न देना दुष्कर हो गया था तब सामान्य प्रजा का तो कहना ही क्या? ऐसी स्थिति में कच्छ भद्रेश्वर का रहने वाला शाह जगडु वणिक, जिसने आनेवाले भयंकर दुष्काल की आगाही अपने गुरु से सुन कर लाखों मन अनाज का संग्रह किया था उसे, उसने दुष्काल पीड़ित प्रजा को खुले हाथ बांट कर गुजरात के लाखों मनुष्यों को उस समय जीवनदान दिया था।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आ० हीरविजय सूरि और भानुचन्द्र उपाध्याय

अकबर के समय में हीरविजयसूरि और उन के शिष्यों ने अपने उपदेश कौशल द्वारा अकबर को प्रसन्न किया था और उससे गुजरात की समस्त प्रजा के लिए प्रजा पीड़क जजिया कर से माफी दिलाई थी। अकबर के सैन्य ने जब सोरठ जीत लिया तब उसने वहाँ के हजारों प्रजाजनों को बंदी बनाया था। उन्हें हीरविजयसूरि के शिष्य भानुचन्द्र उपाध्याय ने बादशाह से बड़ी मुश्किल से शाही हुकुम प्राप्त करके छुड़ाया था। एवं दूसरे भी कई जैनों ने बादशाहों और सुलतानों के पास से गाय-भैंस आदि देश के बहुमूल्य पशुधन की हत्या न हो इस के लिए फरमान प्राप्त किये थे। निःसंदेह ऐसा कर के देश की जीवित संपत्ति की समय समय पर सुरक्षा की थी। इसी तरह के अनेक दृष्टांत हैं जबकि जैनों ने धर्म के अलावा अपने देश के हित के लिए भी उतना ही अधिक प्रयत्न और देश की उत्तम सेवा की है।

इतिहास का संरक्षण

गुजरात के उत्कर्ष कालीन इतिहास की स्मृति का संरक्षण भी सबसे अधिक जैनों ने ही किया है यह तो अब सुप्रसिद्ध तथ्य है। मूलराज से लेकर कुमारपाल तक के चौलुक्य महाराजाओं के वंश का सुकीर्तन आचार्य हेमचन्द्र ने काव्यबद्ध किया है। उस वंश के राजर्षि कुमारपाल का धार्मिक जीवन सोमप्रभ, यशःपाल प्रभाचन्द्र, मेरुतुङ्ग, जयसिंह सूरि और जिनमण्डल आदि अनेक जैन विद्वानों ने ग्रन्थबद्ध किया है। प्रभाचन्द्र, मेरुतुङ्ग, राजशेखर आदि प्रबन्धकारों ने मूलराज, भीमदेव, सिद्धराज, कुमारपाल आदि राजाओं के यथाश्रुत इतिवृत्तों के कितनेक प्रकरण पुस्तकबद्ध किये। वस्तुपाल की कीर्तिकथा करने वालों ने वीरधवल वाघेला के वंश को इतिहास में अमर किया है। तदुपरान्त अनेक दूसरे ग्रन्थकारों और लेखकों ने अपने अपने समय के कितनेक नृपतिओं और अमात्यों के बारे में छोटे-बड़े उल्लेखों द्वारा उनके अस्तित्व और समय आदि के विषय में प्रकीर्ण होने पर भी उपयोगी तथ्यों की सामग्री संगृहीत की है जो कि इतिहास की त्रुटित शृङ्खला के मिलाने में अत्यधिक सहायक हो सकें ऐसी है। एक काश्मीर को छोड़ कर हिन्दुस्तान के दूसरे सब प्रदेशों की अपेक्षा गुजरात का मध्यकालीन इतिहास अधिक विस्तृत, अधिक व्यवस्थित और अधिक प्रमाणभूत मिलता है। इस बात का मुख्य यश जैन विद्वानों को ही है।

कितनेक अति आलोचना प्रिय इतिहास गवेषक जैनों की इस इतिहास सेवा को स्वमतरंजित अतएव अतिशयोक्ति पूर्ण मान कर उसकी वास्तविकता के

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कम करने के लिये जब कभी प्रयत्न करते नजर आते हैं, तब उस प्रयत्न में इतिहासनिष्ठा की अपेक्षा कुछ सांप्रदायिक असहिष्णुता का ही अधिक अंश मुझे प्रतीत होता हैं। इसीसे मेरुतुङ्ग ने जो यह कहा है कि 'तद्द्वेषी नैव नन्दति' वह अधिक सत्य मालूम होता है। वस्तुतः उस सभी ऐतिहासिक जैन सामग्री का हमें प्रामाणिक रूप से ऊहापोह अवश्य करना चाहिए, इतिहास विवेचन की परिभाषा के अनुसार उसकी विवेचना भी होनी चाहिए और साधक बाधक प्रमाणों की कसौटी द्वारा उसके सत्यत्व और मिथ्यात्व की जांच भी करनी ही चाहिए। पर साथ ही वह जैन लेखक के द्वारा लिखी गई है, या जैनधर्म से सम्बद्ध है इतने मात्र से किसी उक्ति या कथन को सदा और सर्वत्र शङ्कां चिह्न के साथ तो नहीं रखना चाहिए। प्रबन्धकारों का समस्त वक्तव्य सर्वथा इतिहास सिद्ध है ऐसा कोई इतिहासकार नहीं मान सकता। स्वयं प्रबन्धकारों का भी यह दावा नहीं। परन्तु जब तक उसके विरुद्ध कोई सबल प्रमाण हमारे पास न हो तब तक उनके कथन को एक सामान्य इतिहासगर्भित कथन के रूप में यदि स्वीकार कर लिया जाय तो उसमें कुछ अनैतिहासिकता का दोष नहीं है। उन प्रबन्धकारों ने जिस प्रकार जैनधर्म से सम्बद्ध अनेक वातों का संग्रह किया वैसे ही धर्मनिरपेक्ष अनेक बातों का भी संग्रह किया है। इतना ही नहीं, जैनेतर धर्मों की महत्त्वपूर्ण किंवदन्तिओं का भी समानभाव से संग्रह किया है। अतएव उनका हेतु केवल जैनधर्म की महिमा वर्णन का ही था ऐसा तो नहीं कहा जा सकता। भले ही वह हेतु मुख्य रहा हो फिर भी गुजरात के इतिहास की सर्व साधारण और सार्वजनिक घटनाओं को ग्रन्थबद्ध करने की भी उनकी अभिरुचि अवश्य रही है। मिनल देवी सोमनाथ की महा यात्रा करने गई और उस तीर्थ के प्रत्येक यात्री से लिये जाने वाले मुंडकावेरा से वह अत्यन्त खिन्न हुई और इससे सिद्धराज के द्वारा उस वेरे को बन्द कराके उस महान् तीर्थ की यात्रा को सर्वजन सुलभ बना दिया—इस तरह के सर्वसामान्य तथ्यों का मेरुतुङ्ग ने अपने प्रबन्ध चिन्तामणि में और राजशेखर ने प्रबन्धकोष में जो उल्लेख किया है उसका जैनधर्म के साथ भला क्या सम्बन्ध है? वस्तुतः उन प्रबन्धकारों को देश में प्रचलित पुरानी कथाओं को संगृहीत करने का शौक था इसी से उन्होंने जो कुछ पढा या सुना उसे अपनी पद्धति और रुचि के अनुसार लेखबद्ध करके पुस्तकारूढ कर दिया। उस समय के प्रबन्धकारों को न तो हमलोगों की ऐतिहासिक दृष्टि ज्ञात थी और न क्रमबद्ध इतिहास लिखने की पद्धति ही परिचित थी। व्यक्ति विशेष के जीवन में कौन सी घटना ऐतिहासिक दृष्टि से अधिक महत्त्व की है और कौन सी सामान्य

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

है उसकी तुलना करने का या उस दृष्टि से उसका उल्लेख करने का उनका तनिक भी प्रयत्न न था। उनका उद्देश्य अधिकांश में उपदेशात्मक लिखने और कुछ अंश में मनोरञ्जन करने का था। उन ऐतिहासिक घटनाओं को अपने श्रोता-जनों के समक्ष वे इसलिये रखते थे कि श्रोता, उपदेशक को जिस वस्तु का प्रतिपादन करना हो उसकी सप्रमाणता स्वीकृत कर सके और उनमें से योग्य उपदेश ग्रहण कर सके। उपदेश के हेतु के बिना कुछ अन्य घटनाओं को वे मात्र प्रसङ्गोचित सभारञ्जन करने के लिये ही दृष्टान्तरूप से कहते थे और उस दृष्टान्त में कितनी ही व्यक्तियों का किञ्चित् अधिक परिचय देने के लिये उनके जीवन से सम्बद्ध कुछ छोटी बड़ी ऐतिहासिक घटनाओं का भी वे उल्लेख करते थे। इस प्रकार जिन ऐतिहासिक घटनाओं का वे उल्लेख करते थे वे सर्वथा इतिहास संगत ही हैं या कुछ न्यूनाधिक हैं, जिन घटनाओं का सम्बन्ध जिस व्यक्ति के साथ जोड़ा जाता है वह यथार्थ है या अन्यथा—इस विचारणा का उनको कुछ विशिष्ट प्रयोजन ही उपस्थित नहीं होता था। अतएव उन्होंने "यादृशं श्रुतं तादृशं लिखितम्"—इस सूत्र का ही सामान्य रूप से अनुसरण प्रबन्ध ग्रन्थों की रचना में किया है। उन प्राचीन प्रबन्धों का अध्ययन व संशोधन इसी दृष्टि को समक्ष रखकर ही करना चाहिए और उसी रूप में उनका योग्य उपयोग भी। किसी भी रूप में सही पर हमारे देशकी यत्किञ्चित् भी प्राचीन स्मृति को इन प्रबन्धकारों ने ही सुरक्षित रखा है; अन्यथा वह संपत्ति आज हमारे लिये सर्वथा अप्राप्य होती।

इस प्रकार गुजरात के जैन धर्म ने अपनी आश्रय भूमि को अपनी क्या देन दी उसका रेखाचित्र खींचने का मैंने तनिक प्रयत्न किया है। गुजरात को उस जैन धर्म का परिचय कैसे और कब प्राप्त हुआ इसका भी संक्षिप्त सिंहावलोकन करना यहाँ स्वतः प्राप्त है।

गुजरात में जैन धर्म का प्रचार

वस्तुतः गुजरात जैन धर्म की जन्म भूमि नहीं है। और न जैन धर्म का कोई मुख्य प्रवर्तक गुजरात में उत्पन्न ही हुआ। फिर भी हमारे पूर्व कथन से स्पष्ट है कि गुजरात जैन धर्म के लिए सर्व श्रेष्ठ और सर्व प्रिय आश्रय स्थान बना है। इतिहास युग में जैन धर्म ने अपना जो कुछ उत्कर्ष सिद्ध किया है वह गुजरात में ही सिद्ध किया है। देखा जाए तो गुजरात में ही सब से अधिक उत्कर्ष भी हुआ है। गुजरात की भूमि एक तरह से जैन धर्म की दृष्टि से दत्तक पुत्र की माता के समान है। फिर भी उसकी गोद में जैन धर्म ने जन्म दात्री भूमि की अपेक्षा भी अधिक

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रेम और वात्सल्य का लाभ लिया है। गुजरात और जैन धर्म के प्रकृति मेल में ऐसे कौन से ऐतिहासिक कारणों और सामाजिक तत्त्वों का हिस्सा है इसका इतिहास बहुत रसप्रद और क्रान्ति सूचक है। किन्तु इसके विशेष विवेचन का यह अवसर नहीं है। इसके लिए तो हमें कुछ विशेष तफसील में जाने की जरूरत है। जैन धर्म की आचार-विचारात्मक प्रकृति के परिचय के साथ ही गुजरात के जिन प्रजाजनों ने जैन धर्म का स्वीकार किया उनके लाक्षणिक जाति परिचय की भी मीमांसा करना आवश्यक है। इसके अलावा गुजरात के राजकीय परिवर्तनों की और भौगोलिक परिस्थितओं की भी विस्तृत विचारणा करना चाहिए।

जिस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति और जाति की विशिष्ट प्रकृति होती है; उसी प्रकार प्रत्येक धर्म की भी खास प्रकार की प्रकृति होती है। ब्राह्मण, बौद्ध, शैव, वैष्णव, जैन आदि प्रत्येक धर्म की बिशिष्ट प्रकृति है। जैसे अमुक प्रकृति के मनुष्य को अमुक प्रदेश की आबोहवा विशेष अनुकूल या प्रतिकूल हो जाती है, वैसे धर्म के लिए भी कुछ प्रादेशिक वातावरण अनुकूल या प्रतिकूल हो जाता है। जैन धर्म की अहिंसा प्रधानप्रकृति को गुजरात और उसके आसपास के प्रदेश की सामाजिक, राजकीय और भौगोलिक सब प्रकार की परिस्थिति विशेष रूप से अनुकूल हो गई जिससे वह धर्म उस प्रदेश में सुदृढ और विकसित हुआ– सिर्फ इतना ही मैं यहाँ इशारा करना चाहता हूँ। गुजरात की भौगोलिक परिस्थिति ऐसी है कि उस भूमि में प्राचीन काल से अनेक जातियाँ यहाँ आकर बसती रही हैं और इस प्रकार यहाँ के निवासियों को दूसरी जातिओं के साथ सतत समागम होता आया है। आर्य और अनार्य, वैदिक और अवैदिक, ग्रीक और रोमन, इजिप्शियन और पर्शियन, सिथियन और पार्थियन, हूण और अरब, ईरानियन और मंगोलियन इस प्रकार से विविध जाति के विदेशिओं का निवास भिन्न भिन्न समय में छोटी-बड़ी संख्या में उस भूमि में हुआ है। उन में से अधिकांश अपना जाति पार्थक्य छोड़कर एक महा हिन्दू जाति के रूप में मिश्रित हुए हैं। इसलाम के उदय के पहले उस भूमि में वास करने वाले ऐसे अनेक भिन्न जातीय जनों के अद्भुत संमिश्रण युक्त यह प्राचीन हिन्दू समाज गुजरात में था। वह समाज तन्त्र किसी विशिष्ट प्रकार के रूढ धार्मिक संस्कारों से जकड़ा हुआ नहीं था और जाति और वर्ण की संकीर्णता के वर्तुल से घिरा हुआ भी नहीं था। ऐसे समय में जैन धर्म ने गुजरात की भूमि में पदार्पण किया था। जैनधर्म के निष्परिग्रही, निर्लोभ, निर्भय और तपस्वी उपदेशकों के दान, शील, तप और भावना पोषक सतत प्रवचनों ने गुजरात के उन हजारों प्रजाजनों में जैनधर्म के प्रति विशिष्ट श्रद्धा उत्पन्न की। धीरे-धीरे क्षत्रिय, वैश्य और कृषिकारों

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

के अनेक कुटुम्बों ने जैनधर्म को स्वीकार किया और जिस जाति या वर्ण में मांसाहार या मद्यपान का प्रचार था उसका त्याग कर के वे समानधर्मी कुटुम्बों की पृथक् गोष्ठिओं के रूप में संगठित हो गए। प्रत्येक गाँव के ऐसे संगठित जैन गोष्ठिकों ने अपने अपने स्थान में जैनमंदिरों का निर्माण किया और उन्हीं में अपनी सभी धर्म क्रिया करने लग गए। लाट, आनर्त, सौराष्ट्र और मालवा के प्रदेशों में जब क्षत्रियों की सत्ता प्रवर्तमान थी तब जैनधर्म का इस प्रकार उन प्रदेशों में धीरे धीरे किन्तु स्थायी प्रचार शुरू हुआ।

इस के बाद थोड़े ही समय में हूण और गुर्जर लोगों का एक पराक्रमी बल समूह पंजाब की ओर से दक्षिण पूर्व भाग में आगे बढ़ा और दिल्ली, आगरा, अजमेर के प्रदेशों से होता हुआ वह अर्बुदाचल की पश्चिम दिशा में स्थित मरु प्रदेश में आकर रुक गया। सिंध, कच्छ और मरुभूमि की सीमाओं में स्थित भिल्लमाल नाम के स्थान को उन्होंने अपनी राजधानी बनाई। उसके आस-पास का समस्त प्रदेश हूण और गुर्जर लोगों से आबाद हुआ। गुर्जरों के संख्या बाहुल्य से उस प्रदेश की गुर्जर देश के रूप में अभिनव ख्याति हुई। और इस प्रकार गुजरात का नूतन जन्म हुआ। अणहिल पुर के उदय से पहले गुर्जर संस्कृति और सत्ता का केन्द्र भिल्लमाल था। गुर्जरों के पराक्रम और पुरुषार्थ के बल से वह स्थान श्री और समृद्धि से प्लावित हो गया। इसी से उसका दूसरा नाम श्रीमाल भी प्रसिद्ध हुआ। हूण और गुर्जर लोगों को जैनधर्म का उपदेश देने के लिये कितनेक समर्थ जैनाचार्य उस गुर्जर देश में जा पहुँचे। उनके ज्ञान और चारित्र के प्रभाव से बहुत से गुर्जर आकृष्ट हुए, और उन के उपदेशानुसार जैन धर्म को स्वीकार करने लगे। भिल्लमाल ऊर्फ श्रीमाल में बड़े बड़े जैन मंदिरों का निर्माण होने लगा। प्रतिवर्ष सैकड़ों कुटुम्ब जैन गोष्ठिकों के रूप में जाहिर होने लगे। परमार, प्रतिहार, चाहमान, और चावड़ा जैसे क्षात्रधर्मी गुर्जरों में से भी सैंकड़ों कुटुम्ब जैन बनने लगे। जैनाचार्यों ने उनको एक नवीन जैन जाति के समूह रूप में संगठित किया और श्रीमाल नगर को नये जैन समाज का मुख्य उत्पत्ति स्थान होने से उस जाति का श्रीमाल वंश ऐसा नया नाम स्थापित किया। वही श्रीमाल वंश बाद में वटवृक्ष के समान असंख्य शाखा प्रशाखा द्वारा समस्त देश में व्याप्त हुआ। उस वंश की एक महती शाखा पोरवाड़ वंश के नाम से प्रसिद्ध हुई जिस में विमलशाह और वस्तुपाल-तेजपाल जैसे पुरुष रत्न उत्पन्न हुए। गुजरात के वणिकों का अधिकांश उसी श्रीमाल वंश की संतान हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भिल्लमाल की राजलक्ष्मी के अस्तंगमन के बाद अणहिल पुर का भाग्योदय हुआ। और गुर्जरों के ही एक राजवंश में जात वनराज चावडा के छत्र के नीचे उस प्राचीन गुर्जर देश की धन-जनात्मक समग्र संपत्ति अणहिल पुर की सीमा में आकर व्यवस्थित हुई। श्रीमाल के नाम की स्मृति निमित्त उन्होंने सरस्वती के तीर पर श्रीस्थल की नवीन स्थापना की। कुछ ही दशकों में वह श्रीस्थल और अणहिल पुर के आसपास का समस्त प्रदेश भिल्लमाल के प्राचीन प्रदेश की तरह गुर्जर देश इस नवीन नाम से भारतविश्रुत हुआ। शीलगुण सूरि नामक एक जैनाचार्य का वरप्रद हस्त बाल्यावस्था में ही वनराज के मस्तक पर प्रतिष्ठित हुआ और उनके मंगलकारी आशीर्वाद से उसका वंश और उसका पाट नगर अभ्युदय को प्राप्त हुए। अणहिल पुर की स्थापना के दिन से ही जैनाचार्यों ने उस भूमि के सुख, सौभाग्य, सामर्थ्य और समृद्धि की मंगल कामना की थी। उनकी यह कामना उत्तरोत्तर सफल हुई और अणहिल पुर के सौराज्य के साथ गुर्जर प्रजा का और तद्द्वारा जैन धर्म का भी उत्कर्ष हुआ।

गुजरात और उसकी संस्कार विषयक देन के विषय में इस प्रकार मैंने अपने कुछ दिग्दर्शनात्मक विचार आपके समक्ष रखे हैं। ये विचार सिर्फ दिग्दर्शन कराने के लिये ही हैं। इन विचारों का सप्रमाण और सविस्तार वर्णन करने के लिये तो ऐसे अनेक व्याख्यान देने होगें। वडौदा के इस विशाल न्यायमंदिर में आज जो मुझे इस प्रकार अपने जैन धर्म विषयक विचार प्रकट करने का मानप्रद और आनन्ददायक आमन्त्रण दिया गया है एतदर्थ मैं श्रीमन्त सरकार सर सयाजी राव महाराज के सुयोग्य मंत्री मंडल के प्रति अपना हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ। तथा आप सभी श्रोताजनों ने मेरे इन विचारों को सुनने के लिए जो रस और उत्साह का प्रदर्शन किया है एतदर्थ मैं आपका भी हृदय से आभार मान कर अपना यह वक्तव्य समाप्त करता हूँ।

बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी प्रेस, बनारस।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

'SANMATI' PUBLICATIONS

1. **World Problems and Jain Ethics** by Dr. Beni Prasad — 6 Ans.
2. **Lord Mahavira** by Dr. Bool Chand, M.A., Ph D. — Rs. 4/8/
3. विश्व-समस्या और व्रतविचार डॉ० बेनीप्रसाद — चार आने
4. Constitution — 4 Ans.
5. अहिंसा की साधना — श्री काका कालेलकर — चार आने
6. परिचयपत्र और वार्षिक कार्यविचरण — चार आने
7. Jainism in Kalingadesa Dr. Bool Chand — 4 Ans.
8. भगवान् महावीर— श्री दलसुखभाई मालवणिया — चार आने
9. Mantra Shastra and Jainism–Dr. A. S. Altekar 4 Ans.
10. जैन-संस्कृति का हृदय—पं० श्री सुखलालजी संघवी — चार आने
11. भ० महावीरका जीवन—पं० श्री सुखलालजी संघवी — " "
12. जैन तत्त्वज्ञान, जैनधर्म और नीतिवाद — " "
    ले०—पं० श्री सुखलालजी तथा डॉ० राजबलि पाण्डेय
13. आगमयुग का अनेकान्तवाद—श्री दलसुखभाई मालवणिया — आठ आने

14–15. निर्ग्रन्थ-सम्प्रदाय—श्री सुखलालजी संघवी — एक रुपया

16. वस्तुपाल का विद्यामण्डल—प्रो० भोगीलाल सांडेसरा — आठ आने
17. जैन आगम—श्री दलसुखभाई मालवणिया — मूल्य दस आने
18. कार्यप्रवृति और कार्यदिशा — आठ आने
19. गांधीजी और धर्म
    ले० पं० श्री सुखलालजी और दलसुख मालवणिया — दस आने
20. अनेकान्तवाद—पं० श्री सुखलालजी संघवी — बारह आने
21. जैन दार्शनिक साहित्य का सिंहावलोकन
    पं० दलसुखभाई मालवणिया — दस आने
22. राजर्षि कुमारपाल-मुनि श्रीं जिनविजयजी — आठ आने
23. जैनधर्म का प्राण– श्री सुखलालजी संघवी — छः आने

जैन संस्कृति संशोधन मंडल

बनारस हिन्दू युनिवर्सीटीः बनारस

Cover Printed at ...

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पत्रिका नं० २२

राजर्षि कुमारपाल

५०५

लेखक
मुनि श्री जिनविजयजी
आचार्य, भारतीय विद्या भवन, बम्बई

२०८९

जैन संस्कृति संशोधन मण्डल

1949

Free to Members: For Non-Members—Annas Eight.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मण्डल की ओर से।

१. प्रस्तुत पत्रिका—

भारतीय इतिहास के मर्मज्ञ मुनि श्री जिनविजयजी नें कृपा करके 'राजर्षि कुमारपाल' नामक अपने गुजराती व्याख्यानका हिन्दी अनुवाद छापने की अनुज्ञा जैन संस्कृति संशोधन मण्डल को दी एतदर्थ में उनका अभार मानता हूँ। यह व्याख्यान उन्होंने पाटणमें हेमसारस्वतसत्र के पसंग पर दिया था और वह भारतीय विद्या के प्रथम वर्ष-के तीसरे अंक में छपा है। भारतीय इतिहास खासकर जैन इतिहास के अन्वेषकों में मुनिजी का स्थान अद्वितीय है। अतएव उनकी कलम से लिखा हुआ राजर्षि कुमारपाल के धार्मिक जीवन का यह परिचय संक्षिप्त होते हुए भी मुख्य मुख्य ज्ञातव्य घटनाओं का ज्ञान प्रामाणिक रूप से करा सकता है।

जैनधर्म को अंगीकार करके भी राजर्षि कुमारपाल सर्वधर्मसहिष्णु रह सका है इससे उसको धर्मराज अशोक की पंक्ति में सहज ही स्थान मिलता है। इनना ही नहीं किन्तु दक्षिण के वैष्णव और वीरशैव राजाओं जैसी धर्मान्धता को जन्म देने की शक्ति श्रमणधर्म में नहीं है यह भी स्पष्ट होता है। शक्तिसंपन्न राजा होकर भी उसने विधर्मिओं के उच्छेद का नहीं किन्तु उनके उद्धार का मार्ग ग्रहण किया था। आज के हिन्दू-मुसलमानों के आपसी कलह के जमाने में गांधीजी के जीवन की तरह राजर्षि कुमारपाल का जीवन भी सर्वधर्मसहिष्णुता का ही सन्देश देना है। इतिहास का उपयोग यदि भूतकाल के अनुभवों से लाभ उठाने में है तो हम भी राजर्षि कुमारपाल के मार्ग को ग्रहण करके अपना-जीवन प्रशस्त बना सकते हैं।

पू० मुनिजी ने मण्डल को अपना यह व्याख्यान छापने की अनुज्ञा दी एतदर्थ पुनः मैं आभार मानता हूँ।

२. मंडल के प्रमुख की प्रवृत्ति—

मंडल के प्रमुख श्री डा० बूलचन्द्र जी ने पेरिस म ३१-१-४९ को पहुंचते ही सांस्कृतिक प्रचार का कार्य प्रारंभ कर दिया है।

Les Amis du Buddhisme के तत्त्वावधान में उन्होंने ता० २७-२-४९ के रोज 'भारत में बौद्धधर्म की स्थिति' इस विषय में व्याख्यान दिया। व्याख्यान में उन्होंने सर्वप्रथम भारत के धर्मों की मुख्य दो विचारधारा श्रमण और ब्राह्मण का परिचय कराया। तदनन्तर श्रमणों के मुख्य भेद जैन और बौद्ध का पारस्परिक संबंध बताया। व्याख्यान के बाद वक्ता से प्रवृत्ति और निवृत्ति के विषय में श्रोताओं ने प्रश्न किये। और अन्त में अहिंसा की शक्ति के विषय में चर्चा होकर सभा विसर्जित हुई।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वर्णी दि. जैन (शोध) संस्थान
क्रमांक सं० 9782
दिनांक..................
नरिया, (वि.) वाराणसी

राजर्षि कुमारपाल

धीरोदात्त नायक

राजा कुमारपाल का जीवन गुजरात के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। केवल गुजरात में ही नहीं बल्कि भारतीय इतिहास में भी उसका विशिष्ट स्थान है। वह एक साधारण नरेश न था। उसमें अनेक असाधारणताएँ विद्यमान थीं। मनुष्य जीवन की ऊँची नीची सभी दशाएँ उसके जीवन में निहित थीं। उसे सुख और दुख की अनेक अनुभूतियाँ हुई थीं। उसका जीवन एक महाकाव्य के समान था जिसमें शृंगार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, बीभत्स, अद्भुत और शान्त सभी रसों का परिपाक हुआ था। उसकी जीवन कविता में माधुर्य, ओज और प्रसाद का अनोखा सम्मिश्रण था। देशत्याग, संकट, सहाय-असहाय, क्षुधा-तृषा, भिक्षायाचन, हर्ष, शोक, अरण्याटन, जीवित-संशय, राज्यप्राप्ति, युद्ध, शत्रुसंहार, विजययात्रा, नीति प्रवर्तन, धर्मपालन, अभ्युदयारोहण और अन्त में अनिच्छित भाव से मरण इत्यादि एक महाख्यायिका के वर्णन के लिए आवश्यक सभी रसोत्पादक सामग्री उसके जीवन में विद्यमान थी। काव्य मीमांसकों ने काव्य के लिए जो धीरोदात्त नायक की रम्य कल्पना की है उसका वह यथार्थ आदर्श था। उसका जीवन उत्कर्ष और अपकर्ष का क्रीडाक्षेत्र था। उसका पूर्ण इतिहास हमें उपलब्ध नहीं है। जो कुछ थोड़ी बहुत ऐतिहासिक सामग्री उपलब्ध है वह अपूर्ण, अस्त व्यस्त और किञ्चित् अतिशयोक्ति वाली है; तो भी इस सामग्री पर से गुजरातके किसी दूसरे राजा की अपेक्षा अधिक विस्तृत और प्रमाणभूत इतिहास उसका प्राप्त हो सकता है। गुजरात के बाहर भी किसी पुराने भारतीय राजा का इतना विस्तृत जीवनवृत्त प्राप्त नहीं है। इस सामग्री से उसके कुल, वंश, जन्म, बाल्यावस्था, यौवन, देशाटन, संकटसहन, राज्यप्राप्ति, राजशासन, धर्माचरण आदि बातों का यथार्थ परिचय मिलता है। उसके राज्य के प्रधान पुरुषों, मुख्य प्रजाजनों, धर्मगुरुओं और विद्वानों का परिचय भी इस उपलब्ध सामग्री से मिल सकता है। उसके लोकोपयोगी और धर्मोपयोगी कार्यों की रूपरेखा भी इसमें हैं। यहाँ उसी का दिग्दर्शन कराना चाहता हूँ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जीवन की सामग्री

ऐतिहासिक दृष्टि से मैं कुमारपाल के राजजीवन का जो रेखाचित्र खींचना चाहता हूँ उसकी सामग्री प्रमाणभूत और सर्वथा विश्वनीय है। इस सामग्री का श्रेय प्रायः कुमारपाल के थोड़े या बहुत संपर्क में आने वाले व्यक्तियों को है। इसमें मुख्य सूत्रधार हैं कुमारपाल के गुरु और गुर्जर विद्वानों के मुकुटमणि आचार्य हेमचन्द्र। हेमचन्द्राचार्य के व्यक्तित्व और कार्य के विषय में बहुत कहा जा चुका है। उसका पुनः कथन और विश्लेषण अनावश्यक है। इन्होंने 'संस्कृतद्व्याश्रय' काव्य के अन्तिम पाँच सर्गों में और 'प्राकृतद्व्याश्रय' के आठ सर्गों में कुमारपाल का काव्यमय जीवन चित्रित किया है। हेमचन्द्रका यह चित्रण कुमारपाल के राज्याभिषेक से प्रारम्भ होता है। इसमें ऐतिहासिक घटनाओं का उल्लेख नहीं के बराबर है। फिर भी उसके राजजीवन का रेखांकन करने के लिए पर्याप्त सामग्री उपलब्ध है। द्व्याश्रय काव्य में ऊँची उड़ान नहीं है, इसका कारण है ऐसे काव्यों की पद्धति। ऐसे काव्यों में अर्थानुसारी शब्द रचना नहीं होती किन्तु शब्दानुसारी अर्थ रचना होती है। जिस प्रकार के शब्द प्रयोग व्याकरण के क्रम में चले आ रहे हैं उन्होंने उसी प्रकार के शब्दों की रचना के लिए उपयुक्त अर्थों को कुमारपाल के राजजीवन में से चुन लिया और श्लोकबद्ध कर दिया। इतने ही अंशों में इस काव्य का कवित्व है। इसके अतिरिक्त सरसता की दृष्टि से कही जाने वाली कोई विशेष बात उसमें नहीं है। किन्तु हमारे लिए तो प्रस्तुत विषय की दृष्टि से काव्य विभूति की अपेक्षा यह शब्दरचना ही अधिक उपयोगी है।

हेमचन्द्राचार्य द्वारा वर्णित कुमारपाल का दूसरा वर्णन 'त्रिषष्टिशलाका पुरुष चरित्र' के अन्तिम 'महावीर चरित्र' में है। इसकी रचना हेमचन्द्राचार्य ने कुमारपाल की प्रार्थना से की थी और यही उनके जीवन की अन्तिम कृति है।

जैन धर्म स्वीकार करने के पश्चात् कुमारपाल ने जो कुछ उसका आचरण किया है उसका बहुत थोड़ा किन्तु सारभूत वर्णन इस ग्रन्थ में है।

हेमचन्द्राचार्य के पश्चात् दूसरी सामग्री 'मोहराजपराजय' नामक नाटक के रूप में है। यह नाटक कुमारपाल के उत्तराधिकारी अजयपाल या अजयदेव के एक मन्त्री मोढवंशीय यशःपाल का बनाया हुआ है और यह गुजरात और मारवाड़ की सीमा पर स्थित थारापद्र—इस समय थराद—नगर के कुमार विहार नामक जैन मन्दिर में महावीर यात्रा-महोत्सव के समय खेला गया था।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कुमारपाल ने जैन धर्म को स्वीकार कर जीवहिंसा, शिकार, जुआ और मद्यपान आदि जिन दुर्व्यसनों का निषेध कराया था उस कथवस्तु को लेकर इस नाटक की रचना हुई है। इस नाटक का संकलन हृदयंगम और कल्पना मनोहर है। इसमें कोई ऐसा स्पष्ट ऐतिहासिक उल्लेख नहीं है किन्तु बहुत सी विशिष्ट बातें ऐसी हैं जो ऐतिहासिक दृष्टि से उपयोगी हो सकती हैं और इसीलिए वे प्रमाणभूत मानी जा सकती हैं।

तीसरी कृति सोमप्रभाचार्य कृत 'कुमारपाल प्रतिबोध' है। कुमारपाल की मृत्यु के ११ वर्ष पश्चात् पाटन में ही कुमारपाल के प्रसिद्ध राजकवि सिद्धपाल के धर्म-स्थान में यह रचना पूर्ण हुई थी। स्वयं हेमचन्द्राचार्य के तीन शिष्य—महेन्द्र, वर्धमान और गुणचन्द्र—ने इस ग्रन्थ को आद्योपांत सुना था। यह ग्रन्थ है तो बहुत बड़ा—करीब १२ हजार श्लोक का किन्तु इसमें ऐतिहासिक सामग्री करीब २००-२५० श्लोक की हैं। इस ग्रन्थकार का उद्देश्य कुमारपाल का जीवन चरित्र लिखने का नहीं था किन्तु हेमचन्द्राचार्य ने जिन धर्मकथाओं द्वारा कुमारपाल को जैन-धर्माभिमुख बनाया था उन्हीं कथाओं को लक्ष्य कर एक कथासंग्रह ग्रन्थ बनाने का था। ग्रन्थकार उसका निर्देश प्रारम्भ में ही कर देते हैं। वे कहते है कि—"इस युग में हेमचन्द्रसूरि और कुमारपाल दोनों असंभव चरित्र वाले पुरुष हुए हैं। इन्होंने जैन धर्म की महान् प्रभावना द्वारा कलियुग में सत्ययुग का अवतार किया हैं। यद्यपि इन दानों पुरुषों का जीवन सम्पूर्ण तथा मनोहर है लेकिन मैं सिर्फ जैनधर्म के प्रतिबोध के विषय में ही कुछ कहना चाहता हूँ।" इस प्रकार इस ग्रन्थ का उद्देश्य भिन्न हाने के कारण ऐतिहासिक विवरण की विशेष आशा नहीं की जा सकती; तो भी प्रसंग वश इसमें भी कहीं कहीं ऐसा विवरण मिलता है जो कुमारपाल का रेखाचित्र अंकित करने के लिए महत्त्व पूर्ण है।

इन तीनों समकालीन—अथवा जिन्होंने कुमारपाल के राज्य शासन को अच्छी तरह देखा था—ऐसे पुरुषों का ही आधार मैंने इस निबंध में लिया है। यदि कहीं पर उत्तरकालीन कृतियों का आधार लिया गया है तो वह केवल मूल घटना को साधार प्रमाणित करने के लिए।

कुमारपाल का धर्म

हमारे देश के इतिहासमें कुमारपाल के धार्मिक जीवन के विषय में एक प्रकार की अज्ञानता या गैर समझ फैली हुई है। हेमचन्द्राचार्य के उपदेशों से

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रभावित होकर कुमारपाल ने जैनधर्म को पूर्णतया अंगीकार किया था और वह परमार्हत बना था यह सत्य कथानक संकीर्ण मनोवृत्ति वाले बहुत से अजैन विद्वानों को रुचिकर प्रतीत नहीं हुआ और इसका खण्डन करने के लिए भ्रमपूर्ण लेखादि लिखे जाते हैं किन्तु उसके जैनत्व की बात उतनी ही सत्य है जितना कि उनका अस्तित्व। इस विषय का विवरण प्रकट करनेवाली सामग्री अपने आप में ही इतनी प्रतिष्ठित है कि उसको सत्य सिद्ध करने के लिए किसी दूसरे सबूत की आवश्यकता नहीं है। यूरोपियन विद्वानों ने तो इस बात को कभी का सिद्ध कर दिया है किन्तु हम लोगों की धार्मिक संकीर्णता बहुत बार सत्य दर्शन में बाधक होती है। इसी कारण हम लोग अनेक दोषों के शिकार हो गए हैं। कुमारपाल जैन हो तो क्या या शैव हो तो क्या—मुझे तो उसमें कोई विशेषता नहीं प्रतीत होती। महत्त्व है तो उसके व्यक्तित्व का। सिद्धराज जैन न था, वह एक चुस्त शैव था, अगर उससे मैं सिद्धराज का महत्त्व न समझूं तो समझ लो कि मेरी साराासार-विवेक-बुद्धि का दिवाला निकल गया है। अमुक व्यक्ति अमुक धर्म का अनुयायी था इतने मात्र से हम उसके व्यक्तित्व को परखने और अपनाने की उपेक्षा करें तो हम अपनी ही जाति-राष्ट्रीयता का अहित करते हैं। शैव हो, या वैष्णव, बौद्ध या जैन हो—धर्म से कोई भी हो—जिन्होंने अपनी प्रजा की उन्नति और संस्कृति में लिए विशिष्ट कार्य किया हैं वे सब हमारे उत्कर्षक और संस्कारक पुरुष थे। वे पुरुष हमारी प्रजा की संयुक्त अचल सम्पत्ति है। अगर इनके गुणों का यथार्थ गौरव हम लोग न समझें तो हम उनकी अयोग्य प्रजा सिद्ध होंगे। शैव, बौद्ध, जैन ये सारे मत एक ही आर्यतत्त्वज्ञान रूपी महावृक्ष की अलग अलग दार्शनिक शाखाओं के समान हैं। वृक्ष की विभूति उसकी शाखाओं से ही है और जब तक वृक्ष मौजूद है उसमें शाखा-प्रशाखाएँ निकलती ही रहेंगी। शाखा-प्रशाखाओं का उद्गम बन्द हो जाना वृक्ष के जीवन का अन्त है। धर्मानुयायी और मुमुक्षु सब पक्षियों के समान हैं जो शान्ति और विश्रान्ति के लिए इस महावृक्ष का आश्रय ग्रहण करते हैं। जिस पक्षी को जो शाखा ठीक और अनुकूल प्रतीत हो वह उसी का आश्रय लेता है और शान्ति प्राप्त करता है। जिस प्रकार एक पक्षी अनुकूल न होने पर एक शाखा छोड़ कर दूसरी शाखा का आश्रय लेता है उसी प्रकार विचारशील मानव भी अरुचिकर धर्म को त्याग कर धर्मान्तर ग्रहण करता है और मनःसमाधि प्राप्त करता है। कुमारपाल ने भी मनःसमाधि प्राप्त करने के लिए ही धर्म परिवर्तन किया था। सात्त्विक रूप से किया गया धर्म परिवर्तन दोष रूप नहीं, गुण रूप होता है। ऐसे धर्म परिवर्तन से नवीन बल और उत्साह

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

का संचार होता है। प्रजा की मानसिक और नैतिक उन्नति होती है। जैन धर्म को स्वीकार कर कुमारपाल ने जो प्रजा का अनन्य कल्याण किया था वह दूसरी तरह से करना संभव न था। उसके धर्मपरिवर्तन ने प्रजा के पारस्परिक विद्वेष को कम किया और सामाजिक उत्कर्ष को आगे बढ़ाया। वस्तुतः उस जमाने में आज के समान धर्मपरिवर्तन की संकुचित विचार श्रेणी नहीं थी। सामाजिक दृष्टि से धर्मपरिवर्तन कोई महत्त्वपूर्ण नहीं है। गुजरात के अनेक प्रतिष्ठित कुटुंबों में जैन और शैव दोनों धर्मों का पालन किया जाता था। किसी घर में पिता शैव था तो पुत्र जैन, किसी घर में सास जैन थी तो वधू शैव। किसी गृहस्थ का पितृकुल जैन था तो मातृकुल शैव और किसी का मातृकुल जैन था तो पितृकुल शैव। इस प्रकार गुजरात में वैश्य जाति के कुलों में प्रायः दोनों धर्मों के अनुयायी थे। इसलिए इस प्रकार का धर्मपरिवर्तन गुजरात के सभ्य समाज में बहुत सामान्य सी बात थी। राज के कारोबार में भी दोनों धर्मानुयायियों का समान पद और उत्तरदायित्त्व था। किसी समय जैन महामात्य के हाथ में राज्य की बागडोर आती तो कभी शैव महामात्य के हाथ में। लेकिन इससे राजनीति में किसी प्रकार का परिवर्त्तन नहीं होता था। शैवों और जैनों की कोई अलग अलग समाज रचना नहीं थी। सामाजिक विधि-विधान सब ब्राह्मणों द्वारा ही नियमानुसार संपन्न होते थे। शैव कुटुम्बों और जैन कुटुम्बों की कुल-देवी एक ही थी और उनका पूजन-अर्चन दोनों कुटुम्ब वाले कुल परम्परानुसार एक ही विधि से मिल कर करते थे। इस प्रकार सामाजिक दृष्टि से दोनों में भी अभेद ही था। सिर्फ धर्मभावना और उपास्य देव की दृष्टि से थोड़ा सा भेद था। शैव अपने इष्टदेव शिव की उपासना और पूजा-सेवा करते, जैन अपने इष्ट-देव जिन की पूजा-अर्चना करते। शिवपूजकों के कुछ वर्गों में मद्यमांस त्याज्य नहीं माना जाता था परन्तु जैनों में यह वस्तु सर्वथा त्याज्य मानी जाती थी। कोई भी अगर जैन होता तो उसका अर्थ यही होता था कि उसने मद्यमांस का सेवन त्याग दिया है और इसका त्याग कर उसने जीवहिंसा न करने का मुख्य जैन व्रत लिया है। शैव और जैन दोनों मुख्य रूप से गुजरात के प्रजा धर्म थे। तो भी सामान्य रूप से राजधर्म शैव ही माना जाता था और गुजरात के राजाओं के उपास्य देव शिव थे। राजपुरोहित शिवधर्मी नागर ब्राह्मण और राजगुरु शिवोपासक तपस्वी थे। किन्तु अणहिलपुर के संस्थापक वनराज चावड़ा से लेकर कर्णवाघेल तक गुजरात के हिन्दू राज्य काल में, जैन धर्म के अनुयायियों का सामाजिक दर्जा सब से ऊँचा था। प्रजावर्ग में जैन प्रतिष्ठित अग्रणी थे।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

राज्य शासन में उनका हिस्सा सबसे अधिक था। इससे राजाओं के शैव होने पर भी जैन धर्म पर उनकी आदर दृष्टि रहती थी। विद्वान् जैन आचार्य राजाओं के पास निरन्तर आते रहते थे और राजा लोग भी अपने गुरुओं के समान ही उन्हें आदर देते थे। कई बार तो राजकुटुम्बों में से भी कोई जैन धर्म की संन्यास दीक्षा धारण करता था। अनेक राजपुत्र जैन आचार्यों क पास शिक्षा ग्रहण करते थे। इस प्रकार राजा लोग जैनों के साथ सब प्रकार से निकट सम्बन्ध में रहते थे। उससे इनके मनमें धर्म-सम्बन्धी किसी भी प्रकार का भेद-भाव नहीं रहता था। शैव धर्म का आदर्श प्रतिनिधि सिद्धराज भी जैनों से काफी सम्बन्धित था। सिद्धपुर में रुद्र महालय के साथ-साथ उसने 'रायविहार' नामक आदिनाथ का जैन मन्दिर भी बनवाया था। गिरनार पर्वत पर नेमिनाथ का जो मुख्य जैन-मन्दिर आज विद्यमान है वह भी सिद्धराज की उदारता का ही फल है। सोमनाथ की यात्रा के साथ उसने गिरनार और शत्रुञ्जय तीर्थ की भी उसी भाव से यात्रा की थी। शत्रुञ्जय तीर्थ का खर्च चलाने के लिए उसने बारह गांव उसके साथ लगा देने के लिए अपने महामात्य अश्वाक को आज्ञा दी थी। इससे प्रतात होता है कि सिद्धराज के हृदय में जैन-धर्म के लिए तुच्छ भावना नहीं थी। उसमें और कुमारपाल में जो अन्तर था वह यही कि सिद्धराज अपने मन में शैव धर्म को मुख्य मानता था और जैन धर्म को गौण; कुमारपाल अपने पिछले जीवन में जैन-धर्म को मुख्य मानने लगा था। सिद्धराज के इष्टदेव अन्त तक शिव ही थे किन्तु कुमारपाल के इष्टदेव पिछले जीवन में जिन थे। उसने जिन को देव और आचार्य हेमचन्द्र को गुरु, आप्त पुरुष और कल्याणकारी माना थी। इसी प्रकार अहिंसा प्रबोधक धर्म को अपना मोक्षदायक धर्म मान कर श्रद्धापूर्वक स्वीकार किया था। इस तरह वह जेन-धर्म का एक आदर्श प्रतिनिधि बन गया था। इतनी पूर्वभूमिका के बाद अब मैं कुमारपाल के राज जीवन का रेखाचित्र उपस्थित करना चाहता हूँ।

अशोक और कुमारपाल—

कुमारपाल का राजजीवन कई बातों में मौर्य सम्राट् अशोक से मिलता-जुलता है। राजगद्दी पर आरूढ़ होने पर जिस प्रकार सम्राट् अशोक को अनिच्छा से प्रतिपक्षी राजाओं के साथ लड़ना पड़ा उसी प्रकार कुमारपाल को भी अनिच्छा से प्रतिपक्षी राजाओं के साथ लड़ने के लिए बाध्य होना पड़ा। राज सिंहासनारोहण के बाद तीन साल तक अशोक का शासन अस्त व्यस्त

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रहा। यही हाल कुमारपाल का भी था। जिस प्रकार अशोक ७—८ वर्ष तक शत्रुओं को जीतने में व्यग्र रहा उसी प्रकार कुमारपाल को भी इतने ही समय तक शत्रुओं के साथ युद्ध करने में लगा रहना पड़ा। इस तरह आठ दस वर्ष के युद्धोपरान्त जीवन के शेष भाग में जिस प्रकार अशोक ने प्रजा की नैतिक और सामाजिक उन्नति के लिए कई राजाज्ञाएं निकालीं और राज्य में शान्ति एवं सुव्यवस्था बनाये रखने का प्रयत्न किया था, उसी प्रकार कुमारपाल ने भी किया। जिस प्रकार अशोक पहले शैव और फिर बौद्ध हो गया उसीप्रकार कुमारपाल भी पहले शैव था फिर जैन हो गया। अशोक के समान ही कुमार पाल ने भी जैन धर्म के प्रचार के लिए अपनी सारी शक्ति लगा दी थी। जिस प्रकार अशोक ने बौद्ध-धर्म प्रतिपादित शिक्षाएँ तथा उच्च धार्मिक नियमों को स्वीकार कर 'परमसुगतोपासक' की पदवी धारण की उसी प्रकार कुमारपाल ने भी जैन-धर्म प्रतिपादित गृहस्थ के जीवन को आदर्श बनाने वाले आवश्यक अणुव्रतादि नियमों को श्रद्धापूर्वक स्वीकार करके 'परमार्हत' का पद प्राप्त किया। अशोक के समान ही प्रजा को दुर्व्यसनों से हटाने के लिए कुमारपाल ने कई राजाज्ञाएँ निकाली थीं। अशोक के बौद्ध स्तूपों की भांति कुमारपाल ने भी कई जैन विहारों का निर्माण कराया।

निर्वंश के धन का त्याग—

इन सबके उपरान्त कुमारपाल ने एक विशेष कार्य किया था। प्राचीन काल की राजनीति के अनुसार लावारिस पुरुष की सम्पत्ति उसके मरने के बाद राजा की हो जाती थी और इस कारण मरने वाले की माता स्त्री आदि आश्रित बन अनाथ होकर भटकते थे तथा मृत्यु से भी अधिक दुःख भोगते थे। इस क्रूर राजनीति से कई अबलाएँ जीवित रहने पर भी मरी हुई के समान थीं। जले पर नमक छिड़कने वाली इस प्रथा को कुमारपाल ने अपने राज्य में एक आदेश निकाल कर बन्द कर दिया। कदाचित् ऐसा कार्य अशोक ने भी न किया हो।

कुमारपाल को इस नीति की निष्ठुरता का पता किस भांति चला उसका वर्णन हेमचन्द्राचार्य अपने द्व्याश्रय में इस प्रकार करते हैं—

रात्रि के समय जब राजा अपने महल में सो रहा था तब उसे दूर से एक स्त्री का बहुत करुण क्रन्दन सुनाई पड़ा। इस बात को जानने के लिए चौकीदार के नील वर्ण वस्त्र धारण कर राजा महल से निकला और कोई न पहचान ले इस

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तरह धीरे-धीरे उस करुण रुदन की तरफ चलता गया। वह जाकर क्या देखता है कि पेड़ के नीचे एक स्त्री गले में फन्दा डाल कर मरने की तैयारी कर रही है और रो भी रही है। राजा ने धीरे से उसके पास जाकर आदर पूर्वक मधुर वचनों से पूछा कि क्या बात है। विश्वास पाकर स्त्री ने कहा—'मेरे पतिदेव इस शहर में परदेश से व्यापार करने के लिए आए थे और मैं भी उनके साथ थी। इस सुशासित शहर में हम लोगों ने व्यापार करते करते बहुत सम्पत्ति इकट्ठी कर ली। इसी बीच में मैंने एक पुत्र को जन्म दिया। हम लोगों ने उसका भरण-पोषण किया। उसे शिक्षित बनाया। योग्य उम्र में एक अच्छे कुल की लड़की के साथ उसका पाणिग्रहण करा दिया। जब मेरा पुत्र बीस वर्ष की अवस्था का हुआ तब उसके पिता स्वर्ग सिधार गए और उनके शोक से पुत्र इतना विह्वल हो गया कि वह भी थोड़े दिनों बाद मुझे अनाथ बनाकर पिता के मार्ग पर चला गया। अब मेरी सारी सम्पत्ति नियमानुसार राज्य की सम्पत्ति हो जायगी और मेरा जीवन बरबाद हो जायगा। मैं उस करुण अवस्था को नहीं देखना चाहती इसीलिए मरना चाहती हूँ।' राजा स्त्री के इस कथन को सुन कर करुणार्द्र हो उठा और उसको आश्वासन देते हुए कहने लगा—'माता! तुम अपने घर जाओ और इस तरह अपना अपघात मत करो। मैं तुम्हें विश्वास दिलाता हूँ कि राजा तुम्हारी सम्पत्ति नहीं लेगा। तुम अपने धन से यथेष्ट दान पुण्य करके अपना कल्याण करो।' इतना कह कर राजा अपने महलों की ओर चल दिया और सबेरा होने पर मन्त्रियों को बुला कर अपने राज्य में यह घोषणा करने की आज्ञा दी कि 'प्राचीन जमाने से चली आई यह राज्य प्रथा, कि लावारिस पुरुष की मृत्यु के पश्चात् उसकी सम्पत्ति राज्य की हो जायगी, बन्द की जाती है और आज से यह राजाज्ञा जाहिर की जाती है कि ऐसी संपत्ति कोई भी राज्य का कर्मचारी न ले।' राजा की आज्ञानुसार मन्त्रियों ने इस आज्ञापत्र की घोषणा सारे राज्य में करा दी और मृतक धन लेना बन्द कर दिया। प्रबन्ध कर्ताओं के अनुमान से इससे राज्य में एक करोड़ की आमदनी थी परन्तु राजा ने इसका तनिक भी लोभ न करते हुए इस अधर्म और प्रजापीड़क प्रथा को हमेशा के लिए बन्द कर दिया।

मन्त्री यशःपाल ने अपने नाटक में इससे भी बढ़कर हृदयङ्गम वर्णन किया है। हेमाचार्य ने तो अमुक घटना को लक्ष्य में रख कर ही काव्य की पद्धति के अनुसार सिर्फ सूचना मात्र की है। यशःपाल ने उसमें कई ऐतिहासिक घटनाओं को भी अन्तर्निहित किया है। यह नाटक एक रूपक है इसलिए इसमें ज्यादा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वास्तविकता का न होना.तो स्वाभाविक ही है। यशःपाल का वर्णन इस प्रकार है—एक दिन जब राजा अपने स्थान पर बैठा हुआ था उसने एक विशाल मकान से स्त्री का करुण रुदन सुना। थोड़ी देर बाद नगर के चार महाजनों ने आकर राजा से निवेदन किया कि नगर का कुबेर नामक एक कोट्यधीश निःसन्तान मर गया है इसलिए उसकी सम्पत्ति लेने के लिए अधिकारी पुरुष भेजिए और हम लोगों को उसकी अन्त्येष्टि क्रिया करने की आज्ञा प्रदान किजिए। सेठ की मृत्यु के समाचार सुन कर राजा बहुत उद्विग्न होता है और जीवन की अस्थिरता का गम्भीर विचार करने लगता है साथ ही साथ मृतक के कुटुम्ब की करुण दशा और राज्य की क्रूर नीति का बीभत्स चित्र देखता है।

आशाबन्धादहह सुचिरं संचितं क्लेशलक्षैः
केयं नीतिर्नृपतिहतका यन्मृतस्वं हरन्ति।
क्रन्दन्नारीजघनवसनाक्षेपपापाल्कटानाम्
आः किं तेषां हृदि यदि कृपा नास्ति तत्किं त्रपाऽपि॥

राजा कुछ विचार कर कहता है कि मैं वहीं आता हूँ। तत्पश्चात् राजा पालकी में बैठ कर राजभवन से भी अधिक सुशोभित और विशाल कुबेर के भवन के पास आया। महल के ऊपर कोट्यधीशता का सूचन करने वाली नाना प्रकार की ध्वजाएं फहरा रही थीं। एक दरवाजे पर शहरके सैकड़ों सेठ शोक-विह्वल दिखाई पड़ रहे थे और घर के अन्दर से रुदन का करुण स्वर आ रहा था घर के बाहर खड़े हुए सेठों को देख कर राजा ने अग्रणी सेठ से पूछा कि सबलोग बाहर क्यों खड़े हुए हैं। सेठ का उत्तर था कि हम लोग राजा की आज्ञा की प्रतीक्षा कर रहे हैं। राजा ने कहा कि इसमें राजाज्ञा की क्या आवश्यकता है? सेठ ने उत्तर दिया—'राजनियमानुसार जब राज्याधिकारी सारी सम्पत्ति को अपने अधिकार में कर ले उसके बाद में घर में जाना चाहिए अन्यथा दण्ड के भागी होंगे। राजा पालकी से उतर कर घर में जाता है और सेठ उसकी सारी ऋद्धि-समृद्धि का परिचय कराता है। राज महलों में भी अलभ्य वस्तुएं सेठ के मकान में पाकर राजा आश्चर्य चकित हो गया। तत्पश्चात् राजा कुबेर की माता के पास जाकर बैठता है और कुबेर की मृत्यु के बारे में सारी हकीकत पूछता है? कुबेर के एक मित्र सारी हकीकत कहते हैं-'परदेश का व्यापार चलाने के लिए कुबेर पाटन से भरूच गया था और वहाँ से ५०० नावों में माल भर कर परदेश चला गया था। वहाँ पर सारा माल बेच कर ४ करोड़ रुपये का लाभ प्राप्त किया। वहाँ से स्वदेश आते समय रास्ते में एक भयंकर तूफान आया और

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उससे सब नावें नष्ट भ्रष्ट हो गईं और कुछ इधर उधर भटकती भरूच बंदरगाह पर पहुँची। कुबेर का हाल क्या हुआ यह अभी तक पता नहीं लगा इसीलिए यह ऐसा प्रसंग उपस्थित हुआ है।' राजा यह सब सुन कर सहानुभूति पूर्ण स्वर से कुबेर की माता को आश्वासन देता है—माता इस तरह अविवेकी की तरह शोक से विह्वल मत बनो !

आकीटाद्यावदिन्द्रं मरणमसुमतां निश्चितं बान्धवानां-
सम्बन्धश्चैकवृक्षोषितबहुविहगव्यूहसांगत्यतुल्यः।
प्रत्यावृत्तिर्मृतस्योपलतलनिहितप्लुष्टबीजप्ररोह-
प्रायः प्राप्येत शोकात् तदयमकुशलैः क्लेशमात्मा मुधैव ॥

माता उत्तर देती है—पुत्र ! सब समझती हूँ लेकिन पुत्र का मृत्यु शोक सब विस्मरण करा देता है। राजा कहता है कि माता ! मैं भी तुम्हारा ही पुत्र हूँ इसलिए शोक करना अच्छा नहीं है। इतने में राज्य के नौकरों ने कुबेर के घर का सारा धन इकट्ठा करके राजा के सामने ढेर लगा दिया। राजा उसका निषेध करता हुआ महाजनों से कहता है कि मैं आज से मृतजनों का धन राजभण्डार में लेने का निषेध करता हूँ। यह कितनी अधम नीति है कि जो मनुष्य अपुत्र मर जाय उसके धन हड़पने की इच्छा रखने वाले राजा उसके पुत्रत्व को प्राप्त करने की इच्छा करते हैं। राजा वहां से महल में आकर मंत्रियों द्वारा सारे शहर में घोषणा करवाता है कि—

निःशूकैः शकितं न यन्नृपतिभिस्त्यक्तुं क्वचित् प्राक्तनैः
पत्न्याः क्षार इव क्षते पतिमृतौ यस्यापहारः किल।
आपाथोधि कुमारपालनृपतिर्देवो रुदत्या धनं
बिभ्राणः सदयं प्रजासु हृदयं मुञ्चत्ययं तत् स्वयम् ॥

कवि प्रतिभा से चित्रित इस चित्र में नामनिर्देश भले ही काल्पनिक हो परन्तु यह सारा चित्र काल्पनिक नहीं है। इसमें वर्णित घटना अनैतिहासिक नहीं है। इस घटना के अनुरूप अवश्य ही कोई घटना घटी होगी। यह चित्र कुमारपाल की महानुभावता को उत्तमरूप में प्रतिबिम्बित करता है।

इस प्रकार मृत-स्वमोचन द्वारा प्रजाहित का कार्य करके कुमारपाल ने उस कीर्ति को प्राप्त किया जिसे सत्ययुग में होने वाले रघु, नहुष, नाभाक और भरत आदि परम धार्मिक राजा भी प्राप्त नहीं कर सके। इसी से प्रसन्न होकर आचार्य हेमचन्द्र उसकी प्रशंसा करते हैं—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

न यन्मुक्तं पूर्वैं रघु-नहुष-नाभाक-भरत
प्रभृत्युर्वीनाथैः कृतयुगकृतोत्पत्तिभिरपि।
विमुञ्चन् सन्तोषात् तदपि रुदतीवित्तमधुना
कुमारक्ष्मापाल ! त्वमसि महतां मस्तकमणिः ॥
अपुत्राणां धनं गृह्णन् पुत्रो भवति पार्थिवः।
त्वं तु सन्तोषतो मुञ्चन् सत्यं राजपितामहः ॥

गुजरात का यह सर्वोपरि आदर्श राजा था। यह जैसा वीर, नीतिनिपुण और दुर्धर्ष था वैसा ही संयमी, धर्मपरायण और सौम्य भी था। उसमें अनुभव की विशालता के साथ साथ गंभीर तात्त्विक बुद्धि भी कम न थी। वह त्यागी के साथ मितव्ययी और पराक्रमी के साथ क्षमावान् भी था।

सिद्धराज और कुमारपाल

गुजरात के साम्राज्य के दो ही सर्वोत्कृष्ट प्रभुत्वशाली राजा हुए सिद्धराज और कुमारपाल। दोनों के पराक्रम और कौशल से गुजरात का गौरव चरम सीमा पर पहुँच गया था। प्रबंधकारों का कहना है कि सिद्धराज में ९८ गुण थे और दो दोष और कुमारपाल में ९८ दोष और २ गुण। ऐसा होने पर भी कुमारपाल श्रेष्ठ था। सिद्धराज ने गुजरात के नागरिकों के लिए महास्थान बसाये तो कुमारपाल ने उनका संरक्षण करने के लिए दुर्गों का निर्माण कराया। सिद्धराज ने गुजरात के पराक्रम का गुंजन करने वाली महायात्राएं की तो कुमारपाल ने उन यात्राओं की अमरता के लिए महाप्रशस्तियों की रचना करवाई। सिद्धराज ने गुजरात के गौरवधाम गिरनार के ऊपर महातीर्थ की स्थापना की तो कुमारपाल ने गुजरात के आबाल वृद्धों की यात्रा सुलभ बनाने के लिए सीढ़ियों का निर्माण कराया। सिद्धराज ने अगर गुजरात की अस्मिता के महालयों का निर्माण किया तो कुमारपाल ने उन महालयों पर स्वर्णकलश और ध्वज दंड चढ़ाकर उन्हें सुप्रतिष्ठित किया। कुमारपाल गुजरात की गरिमा का सर्वोपरि शिखर था। इसके समय में गुजराती विद्या और विभुता में, शौर्य और सामर्थ्य में, समृद्धि और सदाचार में, धर्म और कर्म में, उत्कृष्टता पर पहुँच गये थे। उसके राज्य में प्रकृतिकार वैश्य भी महान् सेनापति हुए, द्रव्यलोलुप वणिग्जन भी महाकवि हुए और ईर्षापरायण ब्राह्मण तथा निन्दा परायण श्रमण भी परस्पर मित्र हुए। व्यसनासक्त क्षत्रिय भी संयमी साधक बने और हीनाचारी शूद्र धर्मशील बने।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

धर्मसहिष्णुता

उत्साहपूर्वक धर्म परिवर्तन के पश्चात् भी धर्मसहिष्णुता जितनी उसके राज्य में थी वैसी किसी के राज्य में दृष्टिगोचर नहीं हुई। कदाचित् भारत के प्राचीन इतिहास में यह एक ही पहला और अन्तिम उदाहरण होगा कि हेमचंद्र जैसा जैन धर्म का महान् आचार्य शिव मंदिर में श्रद्धालु शैव की तरह—

यत्र तत्र समये यथा तथा
योऽसि सोऽस्यभिधया यया तया।
वीतदोषकलुषः स चेद् भवान्
एक एव भगवन्नमोऽस्तु ते ॥

ऐसी अद्भुत कल्पना और अनुपम रचना द्वारा शिव की स्तुति करता है। गंड बृहस्पति जैसा महान् शैव मठाधीश जैनाचार्य के चरणों में वन्दन करके—

चतुर्मासीमासीच्चव पदयुगं नाथ ! निकषा
कषायप्रध्वंसाद् विकृतिपरिहारव्रतमिदम्।
इदानीमुद्भिद्यन्निजचरणनिर्लोठितकले—
र्जलक्लिन्नैरन्नैर्मुनितिलक ! वृत्तिर्भवतु मे ॥

ऐसी स्तुति द्वारा एक सुशिष्य की भांति अनुग्रह की याचना करता है।

इतिहास के सैंकड़ों प्रबंधो में खोजने पर यह एक ही राजा ऐसा मिलता है जो कुल परंपरा प्राप्त 'उमापतिवरलब्धप्रौढप्रताप' बिरुद में अभिमान करता हुआ भी स्वरुचि स्वीकृत 'परमार्हत' बिरुद से अपने को कृतकृत्य मानता है। जिस आदरभाव से वह सोमेश्वर पुण्यधाम का जीर्णोद्धार करता है उसी आदर से पड़ोस में पार्श्वनाथ के जैन चैत्य की भी स्थापना करता है। कुमारपाल गुजरात की गर्वोन्नत राजधानी अणहिलपुर में शंभुनाथ के निवासार्थ कुमारपालेश्वर और पार्श्वनाथ के लिए कुमारविहार नामक दो मंदिरों का निर्माण एक दूसरे के समीप ही करता है। इससे बढ़कर धार्मिक सहिष्णुता का उदाहरण मिलना कठिन है।

कुमारपाल स्वभाव से ही धार्मिकवृत्ति वाला था, इससे उस में दया, करुणा परोपकार, नीति, सदाचार और संयम को वृत्तियों का विकास उच्च प्रकार का हुआ था। उसमें से बहुत से गुण पैतृक ही होने चाहिए। उसके प्रपिता के पिता क्षेमराज ने-जो पराक्रमी भीमदेव का ज्येष्ठ पुत्र और सिद्धराज के पिता भोगपरायण कर्ण का ज्येष्ठ भ्राता था, पिता द्वारा दी गई राजगद्दी को अस्वीकार कर अपने छोटे भाई कर्ण को राज दे दिया और स्वयं मंडूकेश्वर तीर्थ में जाकर तपस्वी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

के रूप में शंकर की उपासना में लीन रहते हुए जीवन सफल बनाया। उसका पुत्र देवप्रसाद भी राजकाज की झंझटों से दूर रहकर स्वयं पिता का अनुकरण करता रहा और जिस समय विलासी कर्ण का असमय में अवसान हुआ तो वह इतना उद्विग्न हो उठा कि सजीव देह से चिता में प्रवेश किया। कुमारपाल का पिता त्रिभुवनपाल भी एक सदाचारी और धर्मपरायण क्षत्रिय था। सिद्धराज के लिए वह अत्यन्त आदरप्राप्त पुरुष था। उसके नीतिपरायण जीवन का प्रभाव सिद्धराज के स्वच्छन्द जीवन पर अंकुश का काम करता था। इस प्रकार कुमारपाल कोअपने पूर्वजों से उत्तम गुणों की अमूल्य निधि मिली थी। हेमचन्द्र जैसे महान् साधु पुरुष के सत्संग से वह धर्मात्मा राजर्षि की लोकोत्तर पदवी के महान् यश का उपभोक्ता हुआ। हेमचन्द्रसूरि ने उसके यश को अमर बनाने के लिए, 'अभिधान चिन्तामणि' जैसे प्रमाणभूत शब्दकोश के सुप्रसिद्ध ग्रन्थ में उसके लिए—

कुमारपालश्चौलुक्यो राजर्षिः परमार्हतः।
मृतस्वमोक्ता धर्मात्मा मारिव्यसनवारकः॥

ऐसे उपनाम ग्रथित कर सार्वजनिक संस्कृत वाङ्मय में उसके नाम को शाश्वत बना दिया।

श्रमणोपासक कुमारपाल

इसमें तनिक भी सन्देह नहीं कि कुमारपाल अपने अंतिम जीवन में एक जैन राजा था। उसने जैनधर्म प्रतिपादित उपासक अर्थात् गृहस्थ—श्रावक धर्मका दृढ़ता के साथ पालन किया था। ऐतिहासिक काल में कुमारपाल के सदृश जैन धर्म का अनुयायी राजा शायद ही कोई हुआ हो। जैन साहित्य में तो बहुत से राजाओं को जैन बनाने का जिक्र आता है। उदाहरण के तौर पर उज्जयिनी का विक्रमादित्य, प्रतिष्ठानपुर का सातवाहन, वलभी का शिलादित्य, मान्यखेट का अमोघवर्ष, गोपगिरि का आमराज इत्यादि राजा जैन थे। धर्म के अनुरागी थे। लेकिन ये सब राजा अगर जैन धर्म के अनुरागी बने होंगे तो इतने ही अर्थ में कि उन्होंने जैन धर्म और उनके अनुयायियों में अपना सविशेष अनुराग या पक्षपात बताया होगा। समय समय पर जैन गुरुओं को सबसे ज्यादा आदर प्रदान किया होगा और उनके उपदेश से प्रभावित हो कुछ जैन मन्दिरों आदि का निर्माण कराया होगा। कुछ उससे आगे बढ़कर वर्ष के अमुक दिनों या महीनों में जीवहिंसा प्रतिबंधक राजाज्ञाएँ निकाली होंगी और स्वयं भी मद्यमांस का सेवन न करने की प्रतिज्ञा की होगी। लेकिन कुमारपाल के समान गृहस्थ धर्म के आदर्श रूप सम्पूर्ण बारह व्रतों को तो किसी ने अंगीकार नहीं किया होगा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उसके द्वारा अंगीकार किये गए उन द्वादश व्रतों का सविस्तर वर्णन जैन प्रबंधों में उदाहरणों के साथ दिया गया है। उदाहरणों में कुछ अतिशयोक्ति भले ही हो लेकिन मूल बात मिथ्या नहीं है यह विश्वास पूर्वक कहा जा सकता है और जो बात स्वयं हेमचन्द्र ही लिखते हैं उसमें असत्य को अवकाश ही कहाँ? मन्त्री यशःपाल और सामप्रभाचार्य की जिन कृतिओं का परिचय मैंने उपर दिया है उनके वर्णनों से यह प्रतीत होता है कि कुमारपाल ने विक्रम संवत् १२१६ में हेमचन्द्राचार्य के पास सकल जन समक्ष जैन धर्म की गृहस्थ दीक्षा धारण की थी इस दीक्षा के धारण करते समय उसने मुख्य रूप से ये प्रतिज्ञाएँ ली थी:—

राज्यरक्षा निमित्त युद्ध के अतिरिक्त यावत् जीवन किसी प्राणी की हिंसा नहीं करनी, शिकार नहीं खेलना। मद्य और मांस का सेवन नहीं करना। प्रतिदिन जिन प्रतिमा की पूजा अर्चना करना और हेमचन्द्राचार्य का पदवन्दन करना। अष्टमी और चतुर्दशी के दिन सामायिक और पौषध आदि विशेष व्रतों का पालन करना; रात्रि को भोजन न करना इत्यादि इत्यादि।

अमारी घोष

ऐसी प्रतिज्ञाएँ लेने के पश्चात् उसने अपने राज्य में, दूसरे लोगों को भी धर्म के मोटे नियमों का पालन करवाने के लिए घोषणा करवाई थी। उसमें सब से मुख्य आज्ञा थी जीवहिंसा प्रतिबंध की। हमारे देश में बहुत प्राचीन काल से दो कारणों से हिंसा होती आ रही है: एक है धर्म के निमित्त अर्थात यज्ञयागादि धार्मिक कर्मकाण्ड और देवी देवताओं की बली के निमित्त, और दूसरी भोजन के निमित्त। कुमारपाल ने इन दोनों प्रकार की जीवहिंसा का निषेध करने के लिए राजाज्ञाएँ जाहिर कीं। हेमचन्द्राचार्य के द्व्याश्रय काव्य में आए हुए वर्णन से प्रतीत होता है कि मांसाहार के निमित्त होने वाली जीवहिंसा का निषेध तो कुमारपाल ने कदाचित् श्रावक धर्म के व्रतों को अंगीकार करने के पहले ही कर दिया था। शाकम्भरी के चाहमान राजा अर्णोराज और मालवा के परमार राजा बल्लालदेव को पराजित करने के पश्चात् एक दिन कुमारपाल ने रास्ते में किसी दीन दरिद्र ग्रामीण मनुष्य का कुछ बकरे कसाई खाने की ओर ले जाते देखा। उससे पूछताछ की और उस वस्तुस्थिति का ज्ञान होने पर उस पामर मनुष्य और उन पशुओं की ऐसी दशा देखकर राजा के मन में बोधिसत्त्व के समान करुणाभाव उत्पन्न हुआ। उसके मन में यह विचार आया कि ये लोग दुष्ट जाति वाले और कुत्तों के समान धर्म विमुख हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वे अपने इस पापी पेट के लिए प्राणियों का हनन करते हैं। वास्तव में इसमें शासन करने वाले का ही दोष है। चूंकि यथा राजा तथा प्रजा। मुझे धिक्कार है कि मैं सिर्फ अपने शरीर के लिए प्रजा से कर लेता हूँ लेकिन प्रजा की रक्षा के लिए नहीं । इत्यादि विचार कर उसने अपने अधिकारियों को आज्ञा दी कि मेरे राज्य में जो कोई भी जीवहिंसा करे उसको चोर और व्यभिचारी से भी अधिक कठोर दण्ड दिया जाय।

आर्य प्रजा के जो लोग मांसाहारी हैं वे भी जीवहिंसा को घृणास्पद तो मानते ही हैं क्योंकि दयामूलक धर्म की भावना हमारी प्रजा में कई सदियों से रूढ़ हो गई है । 'अहिंसा परमो धर्मः' का सिद्धान्त भारत के सभी धर्म थोड़े बहुत अंश में स्वीकार करते हैं। इससे मांसाहारी मनुष्य जिह्वा इन्द्रिय की लोलुपता के कारण राजाज्ञा को मन से भले ही अप्रिय समझते हों तो भी प्रकट रूपसे उसका विरोध करने की नैतिक हिम्मत नहीं कर सकते। इसलिए वे बोल नहीं सकते। लेकिन धर्म के बहाने जीवहिंसा करने वालों की स्थिति अलग ही होती है। उनकी हिंसा को धर्मशास्त्रों का, सनातन परंपरा का, रूढ़ियों का और जनता में व्याप्त अन्धश्रद्धा का यथेष्ट समर्थन प्राप्त होता है। इससे राजाज्ञा के विरुद्ध वे कुछ विरोध प्रकट करें तो सर्वथा अपेक्षित ही है। परन्तु गुजरात की कुछ सामाजिक विशेषताओं के कारण तथा तत्कालीन जैनों के सामाजिक प्रभुत्व के कारण इस वर्ग की ओर से भी इस आज्ञा का विरोध नहीं हुआ और कुमारपाल को विशेष उपद्रव का सामना नहीं करना पड़ा। किन्तु. विरोध का सर्वथा अभाव भी न था । कुछ प्रबंधकारों के कथन से प्रतीत होता है कि पाटण की अधिष्ठात्री कण्टेश्वरी माता-के राजपुजारियों ने कुमारपाल को अपने निश्चय में एक बार डावाँडोल कर दिया था। उन्होंने बताया था कि नवरात्रि में नगर देवी की पशुबलि द्वारा पूजा होनी चाहिए नहीं तो देवी कुपित होगी और उसके कोप से राजा और राज्य पर भयानक आपत्ति आ जायगी। राजा ने अपने महामात्य वाग्भट्ट से, जो कुल परंपरा से जैन था, इस विषय में सलाह मांगी। महामात्य चाहे कितना भी शूर वीर और राजनीतिज्ञ हो आखिर था तो वणिक् ही। कहीं ऐसा न हो कि देवी वास्तव में कुपित हो जाय तथा राजा और राज्य पर कोई आफत आ पड़े। इससे धर्म और जाति दोनों की भारी अपकीर्ति होगी। इस तरह की कितनी ही कल्पनाओं के वशीभूत हो उसने चतुरता से अस्पष्ट स्वर और अव्यक्त भाव से कहा कि 'देव ! दीयते' अर्थात् पशुबलि तो दी जाती है ऐसी स्थिति में क्या किया जाए। लेकिन

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कुमारपाल तो क्षत्रिय था। 'प्राण जाय पर वचन न जाई' इन संस्कारों का पार्थिवपिण्ड था। संसार के सामने ली हुई प्रतिज्ञा और जाहिर की गई आज्ञाओं का भङ्ग क्षत्रिय कैसे होने दे। प्रतिज्ञा पालन के गौरव के सामने, क्षत्रिय के हृदय में जिन्दगी और सम्पत्ति तृण के समान है। महामान्य वाग्भट्ट का अर्द्धदग्ध उद्गार सुन कर कुमारपाल खिलखिला उठा और मर्म युक्त स्वर से बोला—'मन्त्रिन् वणिगसि यदेवं ब्रूषे'—महामात्य! वणिक् हो इससे ऐसा बोलते हो। भले ही राज्य और जिन्दगी सब नष्ट हो जायँ परन्तु ली हुई प्रतिज्ञा नहीं टूट सकती।

राजा की इस व्याकुल दशा का हेमचन्द्रसूरि ने अपनी अद्भुत कुशलता और व्यावहारिक बुद्धि से एक अच्छा और सरस हल निकाल लिया। उसने 'एक पन्थ दो काज' वाली कहावत सिद्ध की। अपनी उस अद्भुत कला का मन्त्र धीरे से उसने राजा के कान में फूंक दिया और राजा हर्ष से गद्गद् हो उठा। बलिपूजा के अवसर पर राजा थोड़े पशुओं को साथ लेकर माता कण्टेश्वरी के मन्दिर में पहुँचा और पुजारियों से कहने लगा कि मैं ये पशु माता को बलि चढ़ाने के लिए लाया हूँ। मैं इनको माता के सामने जिन्दा रखता हूँ। अगर माता को इनके मांस की आवश्यकता होगी तो वह स्वयं ही अपना भक्ष्य ले लेगी आप लोगों को भक्ष्य को तैयार करने का परिश्रम उठाने की आवश्यकता नहीं है। यह कह कर राजा ने माता के मन्दिर में पशुओं को भर दिया और बाहर से ताला लगा दिया। दूसरे दिन प्रातःकाल राजपरिवार के साथ राजा आया और हजारों लोगों की उपस्थिति में माता के मन्दिर का दरवाजा खोलकर देखा तो पता चला कि रात्रि को बन्द किये हुए पशु मन्दिर के प्रांगण में शान्ति से जुगाली कर रहे हैं। माता ने एक का भी भक्षण नहीं किया। राजा ने सबके सामने उपदेश दिया कि—'माता को पशुओं के मांस की तनिक भी आवश्यकता नहीं है। उसको इनकी भूख नहीं है। अगर उसको भूख होती तो इन पशुओं का निश्चय रूप से उसने भक्षण किया होता। इससे पता चलता है कि माता के बदले ये पुजारी इन पामर पशुओं के मांस के भूखे हैं। लेकिन यह भूख अब मेरे राज्य में नहीं चल सकती। यह कह कर राजा ने देवी देवताओं के निमित्त होने वाली जीवहिंसा का भी समूल उच्छेद कर दिया

कुमारपाल की इस अहिंसा प्रवर्तक साधना की सफलता देख कर ब्राह्मण पण्डित श्रीधर एक विशेष प्रसंग पर हेमाचार्य की स्तुति करता हुआ कहता है कि—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पूर्वं वीरजिनेश्वरे भगवति प्रख्याति धर्मं स्वयं
प्रज्ञावत्यभयेऽपि मन्त्रिणि न यां कर्तुं क्षमः श्रेणिकः ।
अक्लेशेन कुमारपालनृपतिस्तां जीवरक्षां व्यधात्
यस्यासाद्य वचस्सुधां स परमः श्री हेमचन्द्रो गुरुः ॥

अर्थात्—जिसको साक्षात् भगवान महावीर जिनधर्म का बोध करने वाले थे और अभयकुमार जैसा प्रज्ञावान् पुत्र स्वयं मन्त्री था वह राजा श्रेणिक भी जो जीवरक्षा न कर सका वह जीवरक्षा, जिनके वचनामृतों का पान करके कुमारपाल अनायास ही साध सका, वे हेमचन्द्र वास्तव में एक महान् गुरु हैं।

स्वयं आचार्य हेमचन्द्र भी, उक्त महावीरचरित्र नामक पुराणग्रन्थ में महावीर के मुख से कुमारपाल के विषय में भविष्यकथन रूप से वर्णन करते हुए लिखते हैं कि—

पाण्डुप्रभृतिभिरपि त्यक्ता या मृगया नहि ।
स स्वयं त्यक्ष्यति जनः सर्वोऽपि तदाज्ञया ॥
हिंसानिषेधके तस्मिन् दूरेऽस्तु मृगयादिकम् ।
अपि मत्कुटयूकादि नान्त्यजोऽपि हनिष्यति ॥
तस्मिन्निषिद्धे पापार्द्धावरंण्ये मृगजातयः ।
सदाऽप्यविघ्नरोमन्था भाविन्यो गोष्ठधेनुवत् ॥
जलचरस्थलचरखेचराणां स देहिनाम् ।
रक्षिष्यति सदामारिं शासने पाकशासनः ॥
ये चाजन्मापि मांसादास्ते मांसस्य कथामपि ।
दुःस्वप्नमिव तस्याज्ञावशान्नेष्यन्ति विस्मृतिम् ॥

भगवान् महावीर अपने शिष्यों से कहते हैं कि—भविष्य में कुमारपाल राजा होने वाला है उसकी आज्ञा से सब मनुष्य मृगया का त्याग करेंगे। जिस मृगया को पांडु के सदृश धर्मिष्ठ राजा भी त्याग न कर सके और न करवा सके। हिंसा का निषेध करने वाले इस राजा के समय में शिकार की बात तो दूर रही खटमल और जूं जैसे जीवों को अन्त्यज भी दुःख नहीं पहुँचा सकेंगे। इस प्रकार मृगया के विषय में निषेधाज्ञा होने पर मृग आदि पशु भी निर्भय होकर बाड़े में गायों की तरह चरने लगेंगे। इस प्रकार जलचर प्राणियों, पशुओं और पक्षिओं के लिए वह सदा अमारि रखेगा और उसकी ऐसी आज्ञा से आजन्म मांसाहारी भी दुःस्वप्न की तरह मांस को भूल जाएँगे।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कुमारपाल की ऐसी अमारिप्रिय वृत्ति देखकर उसके पड़ोसी और अधीन राजाओं ने भी अमारि प्रवर्तन की उद्घोषणा करने के लिए कई आज्ञाएं जाहिर की थीं जिसके प्रमाण में कई शिलालेख मारवाड़ की पहली सरहद से मिलते हैं।

कुमारपाल की इस अहिंसा प्रवर्तक नीति का यह फल है कि वर्तमान में जगत् में सबसे ज्यादा अहिंसक प्रजा गुजराती प्रजा है और सबसे अधिक परिमाण में अहिंसा धर्म का पालन गुजरात में होता है। गुजरात में हिंसक यज्ञ-याग प्रायः तभी से बन्द हो गए हैं और देवी देवताओं के लिए होने वाला पशु-वध भी दूसरे प्रान्तों की तुलना में गुजरात में बहुत कम है। प्रायः गुजरात का संपूर्ण शिष्ट और उच्च समाज चुस्त निरामिषभोजी है। गुजरात का प्रधान किसान वर्ग भी मांसत्यागी है। भले ही अतिशयोक्ति हो और उसका उपहास भी हो परन्तु मैं यह कहे बिना नहीं रह सकता कि इसी पुण्यमय परम्परा के प्रताप से जगत् के सबसे श्रेष्ठ अहिंसामूर्ति महात्मा को जन्म देने का अद्वितीय गौरव भी गुजरात को प्राप्त हुआ है।

मद्यपान का निषेध

जीवहिंसा के साथ साथ दूसरी जिन पाप प्रवृत्तियों का कुमारपाल ने अपनी प्रजा में निषेध कराया था उनमें मुख्य मद्यपान की प्रवृत्ति थी। मद्य मनुष्य जाति का एक बहुत बड़ा शत्रु है, यह सब जानते हैं। पौराणिक काल में यादवों का नाश भी मद्यपान से ही हुआ था ऐसा पुराणों में वर्णन आता है। ऐतिहासिक काल में भी मद्यपान के कारण अनेक सम्राट् और उनके साम्राज्य नष्ट होने के उदाहरण यथेच्छ प्राप्त हो सकते हैं। वर्तमान में क्षत्रिय जाति का जो भयंकर पतन हुआ है और हो रहा है, उसमें मद्य का ही सबसे ज्यादा हाथ है। हमारी गरीब और परिश्रमी जनता की जो इतनी अवनत दशा हुई है उसमें मद्य भी एक मुख्य कारण है, यह हम लोग अच्छी तरह जानते हैं। मद्य के इस बुरे असर को लक्ष्य में रख कर मध्यकाल में कितने ही मुसलमान सम्राटों ने इसका तीव्र निषेध किया था; उससे इतिहास के पाठक अपरिचित नहीं हैं। अमेरिका जैसे भौतिक संस्कृति के उपासक राष्ट्र ने भी इस बीसवीं सदी में इस उन्मादक मद्यपान को रोकने के लिए राजाज्ञा का कठोर उपयोग किया है।

प्रबन्धगत प्रमाणों से प्रतीत होता है कि कुमारपाल जैनधर्मानुयायी होने से पहले मांसाहार तो करता था लेकिन मद्यपान की तरफ उसे हमेशा से घृणा रही है। यहाँ तक कि उसके कुल में भी यह वस्तु त्याज्य समझी जाती थी।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हेमचन्द्र के योगशास्त्र में आये हुए एक उल्लेख से प्रतीत होता है कि चौलुक्य कुल में मद्यपान ब्राह्मण जाति की तरह ही निन्द्य था।

चौलुक्यों के पुरोगामी चावड़े पूरी तरह से मद्यपायी थे। स्वयं अणहिलपुर के संस्थापक वनराज को मद्य बहुत प्रिय था। उसके पीछे भी उसके द्वारा निर्माण कराये गये अणहिलपुर के राजमहलों में मदिरा देवी का खूब सत्कार होता था और उसी का यह परिणाम हुआ कि यादवों की भांति चावड़ा वंश का भी नाश हो गया। यह मोहराजपराजय नाटक के कर्त्ता मन्त्री यशःपाल अप्रकटरूप से बताते हैं। अंतिम चावड़ा राजा सामंत सिंह का राजसिंहासन किस भांति चौलुक्यवंश के प्रतिष्ठाता मूलराज के हाथ में आया, उसका सारा विवरण प्रवन्धचिन्तामणि में दिया है। उससे भी चावड़ों के मद्यपान की बात स्पष्ट रूप से मिलती है।

जुए का निषेध

मद्यनिषेध के साथ जुआ खेलने की मनाही भी कुमारपाल ने उतनी ही सख्ती से की थी। द्यूत को लेकर पांडव जैसों को भी कितना कष्ट भोगना पड़ा था और उसी प्रकार नल जैसे राजा पर कैसी आपत्ति आई थी,—ये सब कथाएँ कुमारपाल ने हेमचन्द्रसूरि से कई बार सुनी थीं और स्वयं भी आसपास के लोगों में इसका कुपरिणाम देखा था। इसलिए उसने द्यूत क्रीड़ा पर भी प्रतिबन्ध लगा दिया। यशःपाल मन्त्री के कथन से प्रतीत हाता है कि उस समय लोगों में जुए का दुर्व्यसन अत्यधिक फैला हुआ था। बड़े बड़े राजपुरुष भी इस व्यसन में फंसे हुए थे। ऐसे राजपुरुषों में से कुछ लोगों का स्पष्ट निर्देश भी किया गया है जो बहुत ही उपयोगी है। इस निर्देश के अनुसार मेवाड़ के राजकुमार, सोरठ के राजा का भाई, चन्द्रावती का अधिपति, नाडोल के राजा का दौहित्र, गोधरा के राजा का भतीजा, धारा के राजा का भानजा, शाकंभरी के राजा का मामा, कोंकण के राजा का सौतेला भाई, कच्छक के राजा का साला, मारवाड़ के राजा का दौहित्र और खुद चालुक्य नृपति अर्थात् कुमारपाल का कोई पितृव्य जैसे व्यक्ति थे। इस उल्लेख से प्रतीत हाता है कि अणहिलपुर के सम्राट् की सेवा में रहने वाले सारे अधीन राजाओं के प्रतिनिधि इस व्यसन में पूरी तरह आसक्त थे। निकम्में बैठे हुए इन लागों को दूसरा और कोई क्या काम हो सकता था। प्रतिदिन नियत किये हुए दो तीन घण्टे राजा के दरबार में वे उपस्थित हों और अपनी हाजिरी दे दें। उसके उपरान्त शांति के समय

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

में ऐसे राज प्रतिनिधियों को कोई काम न था। इसलिए उनका समय ऐसे ही दुर्व्यसनों में खर्च होता था। आज भी ऐसे लोगों में ऐसी ही स्थिति हम पाते हैं। इसी द्यूत को लेकर जुआरियों में आपस में अनेक प्रकार के भयंकर कलह होते थे, मारामारी होती थी और नाना प्रकार के अश्लील कार्य होते थे। कुमारपाल को यह वस्तुस्थिति अच्छी तरह मालूम थी। ऐसे दुष्परिणामों से प्रजा को बचाने के लिए उसने द्यूतनिषेध की राजाज्ञा जाहिर की थी।

वेश्याव्यसन की उपेक्षा

इस प्रकार जिस राजनीति को कुमारपाल ने चलाया उसमें एक मुख्य बात नजर नहीं आती, वह है वेश्याव्यसन के विषय में। कुमारपाल को इसकी कल्पना तो होनी ही चाहिए। मद्य और द्यूत की भांति यह व्यसन भी प्रजा दृष्टि से उतना ही अनिष्टकारी है और धर्मशास्त्रों में भी इसकी अनिष्टता भली भांति वर्णित है। कुमारपाल ने, चाहे कुछ भी कारण हो, इस व्यसन की उपेक्षा की थी। मोहराजपराजय नाटक में इस विषय में भी एक निर्देश मिलता है। उपरोक्त प्रकार से जब कुमारपाल ने सब दुर्व्यसनों का बहिष्कार कराया तब वेश्याव्यसन को भी भय लगा; परन्तु राजा उसकी उपेक्षा करता हुआ कहता है कि 'वेश्याव्यसनं तु वराकमुपेक्षणीयम्। न तेन किञ्चिद् गतेन स्थितेन वा'—अर्थात् बेचारे वेश्या व्यसन की तो उपेक्षा करनी चाहिए; इसके रहने और जाने में कुछ नहीं है। यह निर्देश गुजरात की उस समय की वेश्याविषयक स्थिति पर प्रकाश डालता है। उस समय समाज में दूसरे व्यसनों की भांति वेश्या-व्यसन बहुत नि... नहीं समझा जाता था। समाज के शिष्ट कहलाने वाले वर्ग के साथ वेश्याओं का बहुत सम्बन्ध रहता था। उसी प्रकार वेश्याओं की स्थिति भी आज की भांति हलकी और व्यभिचार पोषक न थी। वेश्याओं का स्थान समाज में एक प्रकार उच्च समझा जाता था। राज दरबार में हमेशा उनकी उपस्थिति रहती थी। दे... मन्दिरों में भी नृत्य संगीत आदि के लिए उनकी उपस्थिति आवश्यक सम... जाती थी। व्यक्तिगत और सार्वजनिक महोत्सवों में भी उनका स्थान पह... रहता था। कला और कुशलता की वे शिक्षिका मानी जाती थीं। लक्ष्मी... के कृपापात्र राजपुत्रादि उससे कला का अभ्यास करते थे। अनेक राजा ... कलाधाम वेश्याओं को अपनी प्रियतमा भी बनाते थे। स्वयं कुमारपाल का ... कुल भी ऐसी एक वेश्यावर्ग में से अवतीर्ण कलानिधि राजरानी की संतति ... उसके दरबार में भी यह वेश्यावर्ग काफी परिमाण में और अच्छी स्थिति

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विद्यमान था। इसलिए उनकी प्रवृत्तियों के विषय में किसी भी प्रकार का विधि निषेध करने का कुछ भी विचार नहीं किया होगा।

इस प्रकार कुमारपाल ने जैनधर्म में दीक्षित होकर जैन सिद्धान्तों के अनुसार कई स्थूल धार्मिक और नैतिक नियम जाहिर किये और प्रजा द्वारा इन नियमों का पालन कराने के लिए पूरी सावधानी रखी थी। हेमचन्द्राचार्य ने कहा हैं कि उसने अहिंसा के आदेश का पालन कराने के लिए पूरी सावधानी रखी थी। हेमचन्द्राचार्य ने कहा है कि उसके अहिंसा के आदेश का पालन करने के लिए अन्त्यज भी जू माकड़ आदि की हत्या नहीं करते थे। इस कथन में भले ही अतिशयोक्ति होगी लेकिन राजा इस विषय में पूरा पूरा सतर्क था इसमें तो शंका है ही नहीं। प्रबन्ध में जो एक यूकाविहार मन्दिर बंधवाने का इतिहास मिलता है उससे इस बात की पुष्टि होती है।

कुमारपाल ने इस प्रकार के नैतिक कार्य करने के उपरांत जैन धर्म के प्रचार और प्रसार के लिए जगह जगह सैकड़ों मन्दिरों का निर्माण कराया था। शत्रुंजय और गिरनार जैसे जैनतीर्थों की यात्रा बड़े शाही ठाठ के साथ संघ निकाल कर की थी। वह राजधानी में प्रति वर्ष बड़े बड़े जैन महोत्सवों का भी आयोजन किया करता था और दूसरे शहरों में भी महोत्सवों के आयोजन की प्रेरणा प्रदान करता था।

राजर्षि की दिनचर्या

वह राजकाज को नियमित रूप से देखता रहता था। उसकी दिनचर्या व्यवस्थित थी। विलास या व्यसन का उसके जीवन में कोई स्थान न था। वह बहुत दयालु और न्यायपरायण था। अंतर से वास्तव में मुमुक्षु था और ऐहिक कामनाओं से उसका मन उपशांत हो गया था। राजधर्म समझ कर वह राज्य की सब प्रवृत्तियाँ देखता था लेकिन उनमें उसकी आसक्ति न थी। उसकी दिन चर्या के संबंध में हेमचन्द्राचार्य ने 'प्राकृतद्व्याश्रय' काव्य में और सोमप्रभाचार्य ने 'कुमारपाल प्रतिबोध' नामक ग्रन्थ में जो बताया है उससे पता लगता है कि- वह प्रातः काल सूर्योदय के पहले ही शय्या त्याग करके सबसे प्रथम जैनधर्म में मंगलभूत अरिहंत, सिद्ध, आचार्यादि पाँच नमस्कार पदों का स्मरण करता था। तदुपरान्त शरीरशुद्धि की क्रिया वगैरह से निवृत्त होकर अपने राजमहल में गृहचैत्य में पुष्पादि से जिन प्रतिमा की पूजा करके स्तवन के साथ पञ्चाङ्ग नमस्कार करता था। वहाँ से निकल कर वह तिलकावसर नामक मण्डप में जाकर

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria; Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सुकोमल गद्दी पर बैठता था। वहाँ उसके सामने दूसरे सामंत राजा आकर बैठते थे और पास में चामर धारण किये हुए वारांगनाएँ खड़ी रहती थीं। उसी समय राजपुरोहित या दूसरे ब्राह्मण आकर आशीर्वाद देते थे और उसके मस्तक पर चन्दन का तिलक करते थे। तत्पश्चात् ब्राह्मणों से तिथिवाचन सुन कर उन्हें दान देकर बिदा करता था और तुरंत ही फर्यादें सुनाता था। यह कार्य समाप्त कर वह राजमहलों की ओर जाता और वहाँ अपनी माता और माता के समान ही राजवृद्धाओं को नमस्कार करके आशीर्वाद प्राप्त करता था। तदनन्तर फल-फूल आदि से राजलक्ष्मी की पूजा करवाता था और दूसरे देवी देवताओं की जो प्रतिमाएँ राजमहल में थीं, उनकी स्तुति वगैरह कराता था। वृद्ध स्त्रियों को सहायतार्थ धन बाँटता था। उसके बाद व्यायाम शाला में जाकर व्यायाम से निपट कर स्नान करके वस्त्रालंकार धारण करता था और फिर राजमहल के बाहर के भाग में आता था। वहाँ पर पहले से ही सवारी के लिए सुसज्जित राज गज पर आरूढ़ हो, समस्त सामंत, मन्त्री आदि के परिवार सहित, अपने पिता के पुण्यनामांकित 'त्रिभुवनपाल विहार' नामक महाविशाल और अतिभव्य जैनमन्दिर की ओर, जिसको उसने करोड़ों रुपये खर्च करके बनवाया था, दर्शन और पूजा करने जाता था। जिस समय वह जिनमूर्ति का अभिषेक कराता था उस समय रङ्गमण्डप में वारांगनाएँ आडम्बर के साथ नृत्य और गान करती थीं। जिन मन्दिर में पूजाविधि समाप्त करके वह हेमचन्द्राचार्य के चरण वंदन करता और चन्दन, कपूर और स्वर्ण कमलों द्वारा पूजा करता। उनके मुख से यथावसर धर्मबोध सुनकर वहाँ से राजमहल की ओर लौट जाता था। लौटते समय वह हाथी पर न चढ़ कर घोड़े पर सवार होता था। और अपने स्थान पर पहुँचता था। तदनन्तर याचकों आदि को यथायोग्य दान देकर भोजन करता था। उसका भोजन बहुत ही सात्त्विक होता था। जैन धर्म के अनुसार वह बहुत बार ऐकाशन आदि तप करता था और हरे शाकादि स्वादिष्ट पदार्थों का त्याग करता था। भोजनोपरान्त वह आरामगृह में बैठता था और वहां प्रसंगवश विद्वानों के साथ शास्त्र और तत्त्व सम्बन्धी चर्चा करता था।

तीसरे पहर वह अपने शाही ठाठ के साथ राजमहलों से शहर के राजमार्गों में होता हुआ बाहर घड़ी दो घड़ी उद्यान क्रीड़ा करने जाता था। उस उद्यान को संस्कृत में राजवाटिका गुजराती में रायवाड़ी और राजस्थानी भाषा में रेवाड़ी कहते हैं। संध्या समय वह वहाँ से राजमहल की ओर लौटता और महल में आकर देव की आरती आदि का संध्याकर्म करता। तत्पश्चात् वाराङ्गनाएँ

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

के नृत्य और गान एक पाट पर बैठ कर सुनता था। स्तुतिपाठक और चारणलोग उसकी खूब स्तुति करते थे। वहाँ से वह सर्वावसर नामक मुख्य सभा-मण्डप में आकर सिंहासन पर बैठता था। सभी राजवर्गीय और प्रजावर्गीय सभाजन उपस्थित होते थे। राजा और राज्य कल्याण के लिए राजपुरोहित द्वारा मन्त्र पाठ हो जाने पर चामर धारण करने वाली स्त्रियें आसपास चामरादि उपकरण धारण करके खड़ी हो जाती थीं। तदुपरान्त मङ्गलवाद्य बजते थे और दूसरी स्त्रियें अपने अपने अपने काम के लिए उपस्थित होती थीं। तत्पश्चात वारांगनाएं राजा के वारणे लेती थी और दूसरे सामन्त एवं अधीन राजा हाथ जोड़ कर खड़े रहते थे। राजा के सन्मुख राज्य के दूसर महाजन; जैसे श्रेष्ठिवर्ग, व्यापारी, प्रधान ग्रामजन आदि आकर बैठते थे। परराज्यों के जो दूत आते थे वे दूरी पर सबसे पीछे बैठते थे। नीराजना विधि पूरी होने के पश्चात् वारांगनाएँ एक तरफ बैठ जाती थीं और सम्पूर्ण सभा एकाग्र हो राज्य कार्य की प्रवृत्ति देखती थी। राज्य कार्य में सबसे पहले सान्धिविग्रहिक अर्थात् विदेश मंत्री (Foreign minister) परराज्यों के संबंधों की कार्यवाही निवेदन करता था। किस राजा के साथ क्या संधि हुई है, कौन से राजा ने क्या इष्ट, अनिष्ट किया है, किसके ऊपर फौजें भेजी हैं, किन फौजों ने क्या किया है, कौन शत्रु मित्र होता है—इत्यादि परराज्यों के साथ संबंध रखने वाली सब बातें निवेदन करता था। राजा यह सब सुन कर उस संबंध में उपयुक्त विचार करता था। तत्पश्चात् दूसरी सारी राज्य कार्यवाही होती थी, उसको सुन कर यथायोग्य विचार करता और अन्त में सभाविसर्जित कर यथावसर शयनागार में जाकर शय्याधीन होता था। जैन धर्म के व्रतों को स्वीकार करने पश्चात् वह बहुत बार ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करता था और पूर्णरूप से एकपत्नीव्रतधारी था। इस विषय में वह पहले से ही बहुत सदाचारी था। इसी कारण तदाश्रित समस्त राजवर्गीय जनों में उसका बहुत प्रभाव था।

इस तरह कुमारपाल की दिनचर्या नियत थी। विशेष अवसरों पर इस दिनचर्या में जो फेरफार होता था वह प्रासंगिक होता था। प्रजाजनों के आनन्द के लिए गजयुद्ध या मल्लयुद्ध और ऐसे ही दूसरे खेलों का कार्यक्रम जब होता था। उस समय राजा अपने राजवर्ग के साथ वहाँ बैठता था और खेलों को देखता था और अपने कार्यक्रम में फेरफार करता था। रथयात्रा आदि धार्मिक उत्सवों में भी वह इसी प्रकार भाग लेता था। कुछ पर्व दिवसों के प्रसङ्ग पर रात्रि में मन्दिरों में नाट्य प्रयोग या संगीतोत्सव होते थे उनमें भी वह उपस्थित रहता था।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विद्या प्रेम

कुमारपाल के जीवन पर दृष्टिपात करने से पता चलता है कि वह सिद्धराज जितना प्रतिभाशाली और विद्यारसिक तो न था तो भी बुद्धिमान् तो था ही। उसे युवावस्था में विद्याप्राप्ति का अवसर ही कहाँ मिला था ? उसकी युवावस्था का मुख्य भाग सिद्धराज से अपने को बचाने के लिए भटकने और कष्ट सहने में ही व्यतीत हुआ था। पचास वर्ष की उम्र में उसके भाग्य का परिवर्तन हुआ और वह गुजरात के विशाल साम्राज्य का भाग्यविधाता बना। राज्यप्राप्ति के पश्चात् भी उसके ५-६ वर्ष तो विपक्षियों को जीतने में ही गये अर्थात् ५६-५७ वर्ष की अवस्था में उसका सिंहासन स्थिर हुआ और उसके प्रताप का सूर्य सहस्रकिरण के समान तपने लगा। इस उम्र में अध्ययन के लिए कितना अवकाश मिल सकता था ! प्रबन्धकार कहते हैं कि इतना होने पर भी अवसर मिलने पर अति परिश्रम करके संस्कृत का उसने अच्छा अभ्यास कर लिया था और उससे वह विद्वानों की तत्त्वचर्चा में यथेष्ट भाग ले सकता था। हेमचन्द्राचार्य के द्वारा उसी के लिए बनाये गये योगशास्त्र और वीतरागस्तोत्र का वह प्रतिदिन स्वाध्याय करता था। योगशास्त्र में हेमचन्द्र द्वारा किये गये उल्लेख से प्रतीत होता है कि उसे योग की उपासना प्रिय थी और उससे उसने कई योगशास्त्रों का परिशीलन किया था। 'त्रिषष्टिशलाकापुरुष चरित्र' नामक ग्रन्थ जो तीर्थंकर आदि के जीवन पर प्रकाश डालता है, हेमचन्द्राचार्य ने कुमारपाल की खास प्रेरणा से ही बनाया था, यह तो ऊपर बता दिया गया है। इससे प्रतीत होता है कि उसे ऐसे ग्रन्थ पढ़ने का शौक था। कदाचित् प्राचीन बातें जानने की जिज्ञासा बहुत परिमाण में उसके अन्दर विद्यमान थी। राज्यप्राप्ति के पहले एक बार जब वह भटकता भटकता चित्तौड़ के किले पर जा पहुँचा तो वहाँ पर स्थित एक दिगम्बर विद्वान से उसने किले के विषय में सारी हकीकत पूछी थी। उसी प्रकार राज्यप्राप्ति के पश्चात् जब उसने एक बड़ा संघ लेकर गिरनार की यात्रा की थी और जूनागढ़ में दशदशार मंडप आदि प्राचीन स्थल देखकर उसने उस विषय में हेमचन्द्राचार्य से प्राचीन विवरण बताने की विज्ञप्ति की थी।

आचार्य हेमचन्द्र का प्रभाव

भावुक होने के कारण ही वह इस प्रकार की धार्मिक वृत्ति में दृढ़ श्रद्धाशील बना था। हेमचन्द्र के प्रति उसकी अनन्य भक्ति थी इसके कारण थे—प्रभावी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दशा में हेमचन्द्र की प्रेरणा से प्राप्त खंभात के मंत्री उदयन की सहायता, हेमचन्द्राचार्य द्वारा भविष्य में उसे राज्यगद्दी मिलने का विश्वास दिलाना, निराश जीवन को आशांकित बनाना और राज्य प्राप्ति के पश्चात् भी आचार्य द्वारा उसको समय समय पर अपनी विद्या शक्ति के बल से आश्चर्य चकित करना। उसके प्रभाव को लेकर यह हेमचन्द्र का अनन्य अनुरागी हो गया था। ज्यों ज्यों आचार्य से उसका विशेष मिलना जुलना होता रहा और उसके चारित्र, ज्ञान, तप, आदि के बल से उसका विशिष्ट परिचय होता गया त्यों त्यों वह आचार्य का श्रद्धालु शिष्य होता गया। जब उसे यह विश्वास हो गया कि आचार्य का जीवन ध्येय केवल परोपकार वृत्ति है और इतने बड़े सम्राट से भी दो सूखी रोटी प्राप्त करने की भी इनकी अभिलाषा नहीं है तब तो उसने अपने सम्पूर्ण आत्मा को आचार्य के चरणों में समर्पित कर दिया और इस महर्षि के आदेश से स्वयं भी राजर्षि बन गया।

राजनीति निपुण—

कुमारपाल बड़ा पराक्रमी पुरुष था तो भी मिथ्या महत्त्वाकांक्षी न था। इसका साम्राज्य विस्तार सहज ही इतना हो गया था। साम्राज्य विषय में उसकी नीति आक्रमणात्मक नहीं बल्कि रक्षणात्मक थी। परराज्यों पर उसे परिस्थितियों से बाध्य होकर ही चढ़ाई करनी पड़ी। वह महत्त्वकांक्षी न था तो भी स्वाभिमानी तो था ही। जहाँ आत्मसम्मान को थोड़ी सी ही ठेस पहुँचती थी वह उसे सहन नहीं कर सकता था और राजनीति का भी पूर्ण अनुभवी था। जिस मनुष्य के विशेष प्रयत्न से इसने राजगद्दी प्राप्त करने का सौभाग्य मिला था और जो उसका एक सगा बना हुआ था, ऐसे कान्हडदेव को भी, जब उसकी पूर्वावस्था को उपलक्ष्य कर उपहास करता देखा तब उसका तत्काल गात्रभङ्ग कराकर निर्जीव बना दिया और उसी प्रकार दूसरे कांटों का भी तत्काल जीवित नाश करवा दिया। पूर्वावस्था में भले ही वह रङ्क की तरह भटका हो परन्तु अब भाग्य ने उसे राजा बनाया है और वह भाग्यदत्त राज्य का रक्षण अपने शमशेर के बल से करने में समर्थ हैं, यह स्वाभिमान उसके पौरुष में परिपूर्ण था और इस अभिमान का प्रभाव बताने के लिए उसने अपने आप्तजनों को नष्ट करने में भी देर नहीं की। इसके विपरीत जिस साजण कुम्हार ने एक समय उसे कांटों के ढेर में छिपाकर सिद्धराज के सैनिकों से रक्षा की थी, राज्य मिलते ही उसे अपनी सेवा में बुलाकर उसके उपकार के बदले सात सौ गाँव के पट्टे वाले चितोड़ की

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वार्षिक आमदनी उसके लिए निश्चित कर दी। उसका ऐसा बर्ताव देख कर अन्दर के विरोधी थर्रा गये और सारा विरोधभाव छोड़ कर उसकी अनन्य सेवा करने लगे। ऐसे विरोधियों में चाहड़ नामक का एक कुलीन राजकुमार अग्रणी था जो राज्य की सेना में बहुत माना जाता था और जिसे सिद्धराज ने अपने पुत्र की तरह पाला पोषा था। वह कुमारपाल का सान्निध्य छोड़ कर शाकम्भरी के गर्विष्ठ राजा अर्णोराज की सेवा में चला गया और उसे कुमारपाल के विरुद्ध खड़ा करके उसी राज्य की जड़ को उखाड़ने के लिए गुजरात की सीमा पर लड़ाई के मोर्चे खड़े किये। कुमारपाल के भविष्य के लिए यह अत्यन्त विषम परिस्थिति थी। उसके सामन्तों में से बहुत से ऊपर से तो उसके पक्ष में थे परन्तु अन्दर से विपक्ष में थे। चाहड़ राजकुमार की चालाकी से मालवा का स्वामी वल्लालदेव भी दूसरी तरफ से आक्रमण करने के लिए तैयार हुआ था और इससे कुमारपाल की स्थिति सरौते के बीच रही हुई सुपारी के समान हो गई, परन्तु कुमारपाल के भाग्यबल से इसके वे सभी राज्य कर्मचारी, जिनकी नियुक्ति इसने राज्य सँभालते ही की थी, समर्थ और विश्वासी निकले। इनकी कुशलता से गुजरात की जनता नये राजा की ओर पूर्ण सहानुभूति रखने लगी और सैनिकवर्ग भी पराक्रमी और रणवीर राजा की छत्र छाया में उन्नति की आशा से उत्साहित हुआ। कुमारपाल ने अपने विश्वासी सेनापति काकभट के सेनापतित्व में चुने हुए सैनिकों की एक फौज मालवा वल्लाल के विरुद्ध भेज दी और स्वयं अपने सारे सामन्तों को लेकर मारवाड़ के अर्णोराज का सामना करने के लिए चल पड़ा। सामन्तों में मुख्य चन्द्रावती का महामण्डलेश्वर विक्रमसिंह था। उसने आबू के पास ही कुमारपाल की हत्या करने का षडयन्त्र रचा, परन्तु कुमारपाल ने उस षडयन्त्र को तुरन्त पहचान लिया और वहाँ नहीं ठहरता हुआ सीधा शत्रु की सेना की ओर चला गया। लेकिन समराङ्गण में भी उसने अपने सामन्तों और सैनिकों को शत्रु पक्ष की ओर मिले हुए देखा। कुमारपाल ने अपने भाग्य का पासा पलटने के लिए सामयिक कुशलता का उपयोग कर एक ही झपाटे में शत्रु के ऊपर आक्रमण कर दिया और पहले ही वार में उसे आहत कर शरणागत होने के लिए बाध्य किया। वल्लाल के ऊपर चढ़ाई करने वाले सेनापति ने भी उतनी ही जल्दी शत्रु का शिरश्छेद करके कुमारपाल की विजयपताका उज्जयिनी के राजमहल पर फहरा दी।

उस समय के गुजरात के पड़ोसी और प्रतिस्पर्धी मारवाड़ और मालवा के दोनों महाराज्यों को सिद्धराज जयसिंह ने ही गुर्जर पताका के नीचे ला दिया

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

था; परन्तु उसकी मृत्यु के उपरान्त गद्दी पर आने वाले नवीन राजा कुमारपाल के वास्तविक स्वरूप से अज्ञात रहने वाले इन राज्यों ने गुजरात की पताका को उखाड़ फेंक देने का प्रयत्न किया और इस प्रयत्न को कुमारपाल ने अपने पराक्रम से निष्फल कर दिया। परन्तु उसके भाग्य में अभी अधिक सफलता लिखी हुई थी। गुजरात की दक्षिण की सीमा पर कोंकण राज्य था। उसकी राजधानी बम्बई के पास ठाणापत्तन थी और वहाँ शिलाहार वंशी राजा राज करते थे। इस कोंकण राज्य के दूसरी तरफ की दक्षिण सीमा पर कर्णाटक के कदम्ब वंशियों का राज्य था जिनकी राजधानी गोपाक पट्टन (अभी का पोर्तगीज बंदर गोवा) थी। सिद्धराज की माता मयणल्ला देवी इस राजवंश की कन्या थी अतः कर्णाटक और गुजरात के बीच गाढ़ा सम्बन्ध था। इन दो सम्बन्धी राज्यों के बीच में आने वाला कोंकण का राज्य गुजरात के साथ युद्ध नहीं कर सकता था। अतः सिद्धराज के समय में तो उसका गुजरात के साथ मैत्रीभाव था। सिद्धराज की मृत्यु के पश्चात् जब कुमारपाल सिंहासनारूढ़ हुआ तब यह मैत्रीभाव विच्छिन्न हो गया और मारवाड़ और मालवा के राजाओं को कुमारपाल के सामने सिर ऊँचा करते देख कर कोंकण के गर्विष्ठ राजा मल्लिकार्जुन को भी गुजरात पर आक्रमण करने की अभिलाषा जाग्रत हुई। कुमारपाल ने उसके इस मनोरथ को निष्फल बनाने के लिए मन्त्रीराज उदयन के पुत्र दण्डनायक (सेनापति) आंबडभट्ट को सेनापति बना कर एक फौज कोंकण की ओर रवाना की। मारवाड़ और मालवा आदि प्रदेशों की रक्षा के लिए गुजरात की बहुत सेना रुकी हुई थी अतः आंबड के पास उचित सैन्य बल न था और इसीलिए प्रथम चढ़ाई में गुजरात को सेना को हार खाकर पीछे लौटने के लिए बाध्य होना पड़ा। परन्तु जब पीछे से मारवाड़ आदि की तरफ से बड़ी संख्या में सेना आ पहुँची तब फिर से उसी दंडनायक के आधिपत्य में गुजरात की एक प्रबल सेना कोंकण चक्रवर्ती का दर्प चूर्ण करने के लिए दूने उत्साह से रवाना हुई। रणभूमि में दोनों के बीच घमासान युद्ध हुआ और अन्त में गुजरातियों की जय होने के कारण सेना नायक आंबड के गले में विजय देवी ने वरमाला डाल दी। राज पितामह विरुदधारक मल्लिकार्जुन का गर्वोन्नत मस्तक गुजरात के एक दर्याधमी वणिक् सुभट ने अपनी तीक्ष्ण तलवार से कमलपुष्प की भांति काट लिया और उसे स्वर्ण पत्र में लपेट कर श्रीफल की भांति अपने स्वामी को अर्पित किया। कुमारपाल ने उसके पराक्रम के प्रभाव का सत्कार करने के लिए उस निहत राजा का प्रिय विरुद आंबड भट्ट को अर्पित कर उसे 'राजपितामह' बनाया।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इस प्रकार कोंकण राज का उच्छेद होने पर कुमारपाल की राज्यसत्ता दक्षिण प्रांत में दूर दूर तक फैल गई थी, और कदाचित् सह्याद्रि के सुदूर शिखर तक गुजरात का ताम्रचूढ विजयध्वज फहराता था। गुजरात के साम्राज्य की सीमा को बताने वाली इतनी बड़ी विशाल रेखा भारतवर्ष के मानचित्र में केवल कुमारपाल के पराक्रम ने ही अङ्कित की थी। उसके समकालीन भारतीय राजाओं में कुमारपाल सबसे बड़े राज्य का स्वामी था। हेमचन्द्राचार्य उसके राज्य की चतुस्सीमाओं का इस प्रकार वर्णन करते हैं—

स कौवेरीमातुरुष्कमैन्द्रीमात्रिदशापगाम्।
याम्यामाविन्ध्यमावाधि पश्चिमां साधयिष्यति ॥

अर्थात्—कुमारपाल की राजाज्ञा उत्तर में तुरुष्क लोगों के प्रान्त तक, पूर्व में गङ्गा नदी के किनारे तक, दक्षिण में विन्ध्याचल तक और पश्चिम में समुद्र तक मानी जाती थी। प्रबन्धकारों के अनुसार हेमाचार्य द्वारा बताई गई उस चतुःसीमा में कोंकण, कर्नाटक, लाट, गूर्जर, सौराष्ट्र, कच्छ, सिन्धु, उचा, भम्भेरी, मारवाड़, मालवा, मेवाड़, कीर, जाङ्गल, सपादलक्ष, दिल्ली; जालन्धर और राष्ट्र अर्थात् महाराष्ट्र इत्यादि अठारह देशों का समावेश होता था। एक दूसरी जगह भी हेमचन्द्रसूरि कुमारपाल ने जिन देशों को जीता था उसका निर्देश करते हैं। जैसे कि—

जिष्णुश्चेदिदशार्णमालवमहाराष्ट्रापरान्तान् कुरून्।
सिन्धूनन्यतमांश्च दुर्गविषयान् दोर्वीर्यशक्त्या हरिः।
चौलुक्यः परमार्हतः विनयवान् श्रीमूलराजान्वयी ॥ इत्यादि

कुमारपाल राज्य का कार्यभार संभालने में कई तरह से सफल हुआ। उसके लगभग तीस वर्ष के राज्यकाल में प्रजा ने अद्वितीय शान्ति और उन्नति प्राप्त की थी। देश समृद्धि के शिखर पर पहुँच चुका था। किसी भी प्रकार का स्वचक्र सम्बन्धी या परचक्र सम्बन्धी उपद्रव नही हुआ। लक्ष्मी देवी के समान ही प्रकृति देवी भी उसके राज्य पर प्रसन्न थी और उसके समय में देश में एक भी दुष्काल नहीं पड़ा। उसकी ऐसी भाग्य सफलता प्रत्यक्ष देखने वाले आचार्य सोमप्रभ इस बात को विशेष जोर देकर लिखते हैं।

स्वचक्रं परचक्रं वा नानर्थं कुरुते क्वचित्।
दुर्भिक्षस्य न नामापि श्रूयते वसुधातले ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गुणवर्णना—

आचार्य हेमचन्द्र उसके सर्वगुणों का समुच्चय बहुत ही परिमित और सर्वथा यथार्थ शब्दों में अपनी अन्तिम रचना में इस प्रकार देते हैं—

कुमारपालो भूपालश्चौलुक्यकुलचन्द्रमाः ।
भविष्यति महाबाहुः प्रचण्डाखण्डशासनः ॥
स महात्मा धर्मदानयुद्धवीरः प्रजां निजाम् ।
ऋद्धिं नेष्यति परमां पितेव परिपालयन् ॥
ऋजुरप्यतिचतुरः शान्तोऽप्याज्ञादिवस्पतिः ।
क्षमावानप्यधृष्यश्च स चिरं क्षमामविष्यति ॥
स आत्मसदृशं लोकं धर्मनिष्ठं करिष्यति ।
विद्यापूर्णमुपाध्याय इवान्तेवासिनं हितः ॥
शरण्यः शरणेच्छूनां परनारीसहोदरः ।
प्राणेभ्योपि धनेभ्योपि सं धर्मं बहुमंस्यते ॥
पराक्रमेण धर्मेण दानेन दययाज्ञया ।
अन्यैश्च पुरुषगुणैः सोऽद्वितियो भविष्यति ॥

यहाँ पर हेमचन्द्रसूरि भविष्य पुराण की वर्णन पद्धति के अनुसार महावीर के मुख से कुमारपाल का भावी वर्णन इस प्रकार से करवाते हैं: अर्थात्—"चौलुक्य वंश में चन्द्रमा के समान और प्रचंड रीति से अपना अखंड शासन चलाने वाला कुमारपाल राजा होगा। यह धर्मवीर, दानवीर और युद्धवीर के गुणों से महात्मा कहलायेगा और पिता की भाँति अपनी प्रजा का पालन करके उन्हें सम्पत्तिशाली बनायेगा। । यह स्वभाव से सरल होने पर भी अति चतुर होगा, क्षमावान् होने पर भी यह अधृष्य होगा और इस प्रकार चिरकाल तक पृथ्वी का पालन करेगा। जिस प्रकार उपाध्याय अपने शिष्य को पूर्ण विद्यावान् बनाता है उसी प्रकार कुमारपाल भी अपने समान दूसरे लोगों को भी धर्मनिष्ठ बनायेगा। शरणार्थियों को शरण देने वाला परस्त्रियों के लिए भाई के समान निष्काम और प्राण और धन से धर्म को ज्यादा मानने वाला होगा। इस प्रकार पराक्रम, धर्म, दान, दया आज्ञा और इसी प्रकार के दूसरे पौरुष गुणों में अद्वितीय होगा।"

हेमचन्द्रसूरि द्वारा आलेखित गुणों के इस रेखाचित्र में वास्तविकता की दृष्टि से किंचित् भी व्यंग्य नहीं है, यह बात कुमारपाल के जीवन के विषय में जिन मुख्य मुख्य बातों का मैंने यहाँ वर्णन किया है उनसे निस्सन्देह सिद्ध होती है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गूर्जरेश्वरों के राजपुरोहित नागरश्रेष्ठ महा कवि सोमेश्वर कीर्तिकौमुदी नामक अपने काव्य में कुमारपाल की कीर्ति-कथा का वर्णन करते समय हेमचन्द्र के उपरोक्त ५-६ श्लोकों के भाव का निचोड़ देता है और वह हेमाचार्य के भाव से भी ज्यादा सत्त्वशाली है। सोमेश्वर कहता है कि—

पृथुप्रभृतिभिः पूर्वैर्गच्छद्भिः पार्थिवैर्दिवम्।
स्वकीयगुणरत्नानां यत्र न्यास इवार्पितः ॥
न केवलं महीपालाः सायकैः समराङ्गणे।
गुणैर्लोकंपृणैर्येन निर्जिताः पूर्वजा अपि ॥

अर्थात्—"पुराणकाल में पृथु आदि जितने महागुणवान् राजा हो गये हैं उन्होंने अपने गुणरूपी रत्नों की धरोहर स्वर्ग में जाते समय मानों कुमारपाल को सौंप दी हो ऐसा प्रतीत होता है। [यदि ऐसा न होता तो इस कलिकालोत्पन्न राजा में ऐसे सात्त्विक गुणों का समुच्चय कहाँ से होता ?]

कुमारपाल ने अपने बाणों से समरांगणमें राजाओं को ही नहीं जीता था अपितु लोकप्रिय गुणों से अपने पूर्वजों को भी जीत लिया था।"

सोमेश्वर का यह कथन कुमारपाल की जीवनसिद्धि के भाव को संपूर्ण रूप से व्यक्त करने वाला उत्कृष्ट रेखाचित्र है। गुजरात की पुरातन संस्कृति के सर्व संग्रहालय में यह चित्र केन्द्रस्थान की शोभा प्राप्त करे।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

LORD MAHAVIRA.

डो० बूलचन्द्रजी द्वारा लिखित 'Lord Mahavira' प्रकाशित हो गया ह। उसकी कीमत ४-८-० रखी गई है। मंडल के सभी-प्रकार के सदस्यों को बिना मूल्य भेज दी गई है। उसके विषय में जो अभिप्राय प्राप्त हुए हैं उनमें से कुछ ये हैं—

"Cordial thanks for your valuable monograph from which I hope many thoughtful readers will collect information about the great man; his ideas, and his ideals.

PROF. WALTHER SCHUBRING,
Hamburg Univertity.

"I have not yet found any book of a similar compass being both so full and so pleasant reading."

JULES BLOCH,
Professor of Sanskrit,
College de France, Paris.

"I have read your book with absorbing interest. It is a very lucid exposition of the tenets of Jainism."

H. VON GLASENAPP,
Prof. of Indian History & Philosophy,
Tubingen University.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ता० १०-२-४९ को डाक्टर बूलचन्द्र जी ने पेरिस की Institut de Civilisation Indienne में गये और वहाँ के विद्वानों का परिचय प्राप्त किया। और उनको जैन संस्कृति-संशोधन मंडल का परिचय देकर अनुरोध किया कि वे अपने विभिन्न विषय के छात्रों को जैन संस्कृति से संवद्ध विषय अन्वेषण के लिये दें क्योंकि इस विषय में अन्वेषण अभी नहीं हुआ है।

उक्त संस्था के विद्वान् अध्यापकों को यह अश्वासन दिया गया कि वे यदि अपने छात्रों को जैन-संस्कृति से सम्बद्ध विषय के अन्वेषण में नियुक्त करेंगे तो उसमें मंडल अपना पूरा सहयोग देगा। Prof. Bloch की सिफारिश से Miss Rigine Raveau ने "Conception of Daya" यह विषय Ph. D. के लिय लिया है और मंडल ने उन्हें फेलों के रूप में स्वीकार करके उन्हें आवश्यक सहायता देना मंजूर किया है।

ता० २५ ३-४९ को प्रमुख महोदय ने Ecole Nationale des Langues Orientales के तत्त्वावधान में पूर्व-पश्चिम के आचार और विचार के विषय में व्याख्यान दिया।

ता० २·५-४१ के रोज सोरबोन के Institut de Civilisation Indienne में भगवान् महावीर के चरित्र के विषय में व्याख्यान दिया।

३ प्राप्ति स्वीकार—

जनवरी से जून १९४९ तक

१ वार्षिक सदस्य—

६०) श्री गणेश लाल जी नाहटा, ई० १९४८ की वार्षिक सभ्यपद की फीस

२ आजीवन सदस्य—

५००) श्री आनन्दराज जी सुराना, देल्ही,
५००) श्री कान्तिलाल नथुभाई पारेख, बंबई
१००) श्री एस. लालचन्द डढा, मद्रास,
३००) श्री रतीभाई साराभाई झवेरी, बंबई,

निवेदक
मंत्री
श्री जैन संस्कृति संशोधन मंडल

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

'SANMATI' PUBLICATIONS

World Problems and Jain Ethics
by Dr. Beni Prasad — Price 6 Ans.

Lord Mahavira
by Dr. Bool Chand, M.A., Ph.D. — Price Rs. 4/8/

3. विश्व-समस्या और व्रत-विचार
लें०—डॉ० बेनीप्रसाद — मूल्य चार आने

4. Constitution — Price 4 Ans.

5. अहिंसा की साधना लें०—श्री काका कालेलकर — मूल्य चार आने

6. परिचयपत्र और वार्षिक कार्यविवरण — मूल्य चार आने

7. Jainism in Kalingadesa
by Dr. Bool Chand — Price 4 Ans.

8. भगवान् महावीर
लें०—श्री दलसुखभाई मालवणिया — मूल्य चार आने

9. Mantra Shastra and Jainism — Price 4 Ans.
by Dr. A. S. Altekar

10. जैन-संस्कृति का हृदय — मूल्य चार आने
लें०—पं० श्री सुखलालजी संघवी

11. भ० महावीरका जीवन–[एक ऐतिहासिक दृष्टिपात] " "
लें०–पं० श्री सुखलालजी संघवी

12. जैन तत्त्वज्ञान, जैनधर्म और नीतिवाद " "
लें०–पं० श्री सुखलालजी तथा डॉ० राजबलि पाण्डेय

13. आगमयुग का अनेकान्तवाद
लें० पं० श्री दलसुखभाई मालवणिया — मूल्य आठ आने

14.-15. निर्ग्रन्थ-सम्प्रदाय
लें० पं० श्री सुखलालजी संघवी — मूल्य एक रुपया

16. वस्तुपाल का विद्यामण्डल
लें० प्रो० भोगीलाल सांडेसरा एम. ए. — मूल्य आठ आने

17. जैन आगम [श्रुत-परिचय] — मूल्य दस आने
लें० पं० श्री दलसुखभाई मालवणिया

18. कार्यप्रवृत्ति और कार्यदिशा — मूल्य आठ आने

19. गांधीजी और धर्म
लें० पं० श्री सुखलालजी और दलसुख मालवणिया — मूल्य दस आने

20. अनेकान्तवाद
लें० पं० श्री सुखलाल जी संघवी — मूल्य बारह आने

21. जैन दार्शनिक साहित्य का सिंहावलोकन
पं० दलसुखभाई मालवणिया — दस आने

Write to :—

The Secretary,
JAIN CULTURAL RESEARCH SOCIETY
BENARES HINDU UNIVERSITY.

बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी प्रेस, बनारस।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पत्रिका नं० २

जैनधर्म का प्राण

लेखक

पं० श्री सुखलालजी संघवी

जैन संस्कृति संशोधन मण्डल

1949

Free to Members: For Non-Members—Annas Six

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मण्डल की ओर से

१. प्रस्तुत पत्रिका–

'जैनधर्म का हृदय' लिखने के बाद जैनेतरों को जैनधर्म का विशेष परिचय कराने की दृष्टि से प्रस्तुत लेख 'जैनधर्म का प्राण' लिखा गया है। यह लेख श्री रामकृष्ण शताब्दी ग्रन्थ के नवीन संस्करण के लिये संपादकों के आग्रहवश होकर पण्डित जी ने मूल हिन्दी में ही लिखा है। मूल हिन्दी प्रकाशित होने के पहले ही यह लेख श्री उमाशंकर जोशी द्वारा गुजराती में अनूदित होकर उन्हीं के द्वारा संपादित 'संस्कृति' नामक मासिक में तथा 'प्रबुद्ध जैन' में प्रकाशित हो गया है। और अब प्रस्तुत पत्रिका में प्रकाशित किया जा रहा है। साथ ही काशी से भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा प्रकाशित होने वाले नूतन मासिक 'ज्ञानोदय' में भी यह प्रकाशित किया जा रहा है।

मान्यवर पण्डित जी ने इस संक्षिप्त लेख में श्रमण और ब्राह्मण विचार धारा का पृथक्करण किया है और पारस्परिक आदान-प्रदान होकर दोनो परंपरा का किस प्रकार समन्वय हुआ है यह अत्यंत स्पष्ट रूप से दिखाया है। तदनन्तर जैनधर्म के प्राण का अर्थात् उसकी आन्तरिक विशेषताओं का निरूपण किया है। जैनधर्म का ऐसा तुलनात्मक, गम्भीर और स्पष्ट किन्तु अतिसंक्षिप्त विवेचन अन्यत्र सुलभ नहीं है। आशा है वाचक इससे लाभ उठावेंगे।

२. कार्यकारिणी की बैठक–

मण्डल की कार्य कारिणी की बैठक ता० १४–८–४९ के रोज दो बजे रखी गई है। उसमें विशेष रूप से मण्डल का जो भवन है उसमें कुछ परिवर्तन करना है उसके विषय में तथा नई छात्रवृत्तियाँ और फेलोशिप कायम करने के विषय में विचार होगा।

३. प्राप्ति स्वीकार–जुलाई १९४९ में

२४००) श्री रा० ब० प्रेमचन्द के० कोटावाला ट्रस्ट, बंबई की ओर से कोटावाला फेलोशिप के चतुर्थ वर्ष के लिये।

१००) श्री जयंतिलाल म० घूपेलिया, बंबई

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जैनधर्म का प्राण

—पण्डित सुखलालजी संघवी

श्री गणेश वर्णी दि. जैन (शोध) संस्थान
९४८३
दि. ....
(का. हि. वि. वि.) वाराणसी

ब्राह्मण और श्रमण परंपरा—

अभी जैनधर्म नाम से जो आचार-विचार पहचाना जाता है वह भगवान् पार्श्वनाथ के समय में खास कर महावीर के समय में निग्गंठ धम्म—निर्ग्रन्थ धर्म नाम से भी पहचाना जाता था, परन्तु वह श्रमण धर्म भी कहलाता है। अंतर है तो इतना ही है कि एकमात्र जैन धर्म ही श्रमण धर्म नहीं है, श्रमण धर्म की और भी अनेक शाखायें भूतकाल में थीं और अब भी बौद्ध आदि कुछ शाखायें जीवित हैं। निर्ग्रन्थ धर्म या जैन धर्म में श्रमण धर्म के सामान्य लक्षणों के होते हुए भी आचार-विचार की कुछ ऐसी विशेषतायें हैं जो उसको श्रमण धर्म की अन्य शाखाओं से पृथक् करती हैं। जैन धर्म के आचार विचार की ऐसी विशेषताओं को जानने के पूर्व अच्छा यह होगा कि हम प्रारंभ में ही श्रमण धर्म की विशेषताको भली भाँति जान लें जो उसे ब्राह्मण धर्म से अलग करती हैं।

भारतीय प्राचीन संस्कृति का पट अनेक व विविध रंगी है, जिसमें अनेक धर्म परंपराओं के रंग मिश्रित हैं। इसमें मुख्यतया ध्यान में आनेवाली दो धर्म परंपरा हैं—(१) ब्राह्मण (२) श्रमण। इन दो परंपराओं के पौर्वापर्य तथा स्थान आदि विवादास्पद प्रश्नों को न उठा कर, केवल ऐसे मुद्दों पर थोड़ी सी चर्चा की जाती है, जो सर्व संमत जैसे हैं तथा जिनसे श्रमण धर्म की मूल भित्ती को पहचानना और उसके द्वारा निर्ग्रन्थ या जैन धर्म को समझना सरल हो जाता है।

वैषम्य और साम्य दृष्टि--

ब्राह्मण और श्रमण परंपराओं के बीच छोटे बड़े अनेक विषयों में मौलिक अंतर है, पर उस अंतर को संक्षेप में कहना हो तो इतना ही कहना पर्याप्त है कि ब्राह्मण—वैदिक परंपरा वैषम्य पर प्रतिष्ठित है, जब कि श्रमण परंपरा साम्य पर प्रतिष्ठित है। यह वैषम्य और साम्य मुख्यतया तीन बातों में देखा जाता है:— (१) समाजविषयक (२) साध्यविषयक और (३) प्राणी जगत् के प्रति दृष्टि विषयक। समाज विषयक वैषम्य का अर्थ है कि समाज रचनामें तथा धर्माधि-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कार से वर्ण का जन्मसिद्ध श्रेष्ठत्व व मुख्यत्व तथा इतर वर्णों का ब्राह्मण की अपेक्षा कनिष्ठत्व व गौणत्व। ब्राह्मण धर्म का वास्तविक साध्य है अभ्युदय, जो ऐहिक समृद्धि राज्य और पुत्र पशु आदि के नाना विध लाभों में तथा इन्द्रपद, स्वर्गीय सुख आदि नानाविध पारलौकिक फलों के लाभों में समाता है। अभ्युदय का साधन मुख्यतया यज्ञधर्म अर्थात् नानाविध यज्ञ हैं। इस धर्म में पशु पक्षी आदि का बलि अनिवार्य मानी गई है और कहा गया है कि वेदविहित हिंसा धर्म का ही हेतु है। इस विधान में बलि किये जाने वाले निरपराध पशु पक्षी आदि के प्रति स्पष्टतया आत्मसाम्य के अभाव की अर्थात् आत्मवैषम्य की दृष्टि है। इसके विपरीत उक्त तीनों बातों में श्रमण धर्म का साम्य इस प्रकार है। श्रमण धर्म समाज में किसी भी वर्ण का जन्मसिद्ध श्रेष्ठत्व न मान कर गुण-कर्मकृत ही श्रेष्ठत्व व कनिष्ठत्व मानता है, इसलिए वह समाज रचना तथा धर्माधिकार में जन्मसिद्ध वर्ण भेद का आदर न करके गुण कर्म के आधार पर ही सामाजिक व्यवस्था करता है। अतएव उसकी दृष्टि में सद्गुणी शूद्र भी दुर्गुणी ब्राह्मण आदि से श्रेष्ठ है, और धार्मिक क्षेत्र में योग्यता के आधार पर हर एक वर्ण का पुरुष या स्त्री समान रूप से उच्च पद का अधिकारी है। श्रमण धर्म का अंतिम साध्य ब्राह्मण धर्म की तरह अभ्युदय न होकर निःश्रेयस है। निःश्रेयस का अर्थ है कि ऐहिक पारलौकिक नानाविध सब लाभों का त्याग सिद्ध करने वाली ऐसी स्थिति, जिसमें पूर्ण साम्य प्रकट होता है और कोई किसी से कम योग्य या अधिक योग्य रहने नहीं पाता। जीव जगत् के प्रति श्रमण धर्म की दृष्टि पूर्ण आत्म साम्य की है, जिसमें न केवल पशु-पक्षी आदि या कीट पतंग आदि जन्तु का ही समावेश होता है किन्तु वनस्पति जैसे अति क्षुद्र जीव वर्ग का भी समावेश होता है। इसमें किसी भी देहधारी का किसी भी निमित्त से किया जाने वाला वध आत्मवध जैसा ही माना गया है और वध मात्र को अधर्म का हेतु माना है।

ब्राह्मण परंपरा मूल में 'ब्रह्मन्' के आसपास शुरू और विकसित हुई है, जब कि श्रमण परंपरा 'सम'-साम्य, शम और श्रम के आस पास शुरू एवं विकसित हुई

---

१ "कर्मफलवाहुल्याच्च पुत्रस्वर्गब्रह्मवर्चसादिलक्षणस्य कर्मफलस्यासंख्येयत्वात् तत्प्रति च पुरुषाणां कामबाहुल्यात् तदर्थः श्रुतेरपि को यत्नः कर्मसूपपद्यते।"— तैत्ति० १-११। शांकरभाष्य (पूना आप्टेकर कं०) पृ० ३५३। यही बात "परिणामतापसंस्कारैः गुणवृत्तिविरोधात्" इत्यादि योगसूत्र तथा उसके भाष्य में कही है। सांख्यतत्त्वकौमुदी में भी है जो मूल कारिका का स्पष्टीकरण मात्र है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हैं। ब्रह्मन् के अनेक अर्थों में से प्राचीन दो अर्थ इस जगह ध्यान देने योग्य हैं। (१) स्तुति, प्रार्थना, (२) यज्ञ यागादि कर्म। वैदिक मंत्रों एवं सूक्तों के द्वारा जो नानाविध स्तुतियाँ और प्रार्थनायें की जाती हैं वह ब्रह्मन् कहलाता है। इसी तरह वैदिक मंत्रों के विनियोग वाला यज्ञ यागादि कर्म भी ब्रह्मन् कहलाता है। वैदिक मंत्रों और सूक्तों का पाठ करने वाला पुरोहित वर्ग और यज्ञ यागादि कराने वाला पुरोहित वर्ग ही ब्राह्मण है। वैदिक मंत्रों के द्वारा की जाने वाली स्तुति-प्रार्थना एवं यज्ञ यागादि कर्म की अति प्रतिष्ठा के साथ ही साथ पुरोहित वर्ग का समाज में एवं तत्कालीन धर्म में ऐसा प्राधान्य स्थिर हुआ कि जिससे वह ब्राह्मण वर्ग अपने आपको जन्म से ही श्रेष्ठ मानने लगा और समाज में भी बहुधा वही मान्यता स्थिर हुई जिसके आधार पर वर्णभेद की मान्यता रूढ़ हुई और कहा गया कि समाजपुरुष का मुख ब्राह्मण है और इतर वर्ण अन्य अंग हैं। इसके विपरीत श्रमण धर्म यह मानता मनवाता था कि सभी सामाजिक स्त्री-पुरुष सत्कर्म एवं धर्म पद के समान रूप से अधिकारी हैं। जो प्रयत्नपूर्वक योग्यता लाभ करता है वह वर्ग एवं लिंग भेद के बिना ही गुरुपद का अधिकारी बन सकता है। यह सामाजिक एवं धार्मिक समता की मान्यता जिस तरह ब्राह्मण धर्म की मान्यता से बिलकुल विरुद्ध थी उसी तरह साध्यविषयक दोनों की मान्यता भी परस्पर विरुद्ध रही। श्रमण धर्म ऐहिक या पारलौकिक अभ्युदय को सर्वथा हेय मान कर निःश्रेयस को ही एक मात्र उपादेय मानने की ओर अग्रसर था और इसीलिए वह साध्य की तरह साधनगत साम्य पर भी उतना ही भार देने लगा। निःश्रेयस के साधनों में मुख्य है अहिंसा। किसी भी प्राणी को किसी भी प्रकार से हिंसा न करना यही निःश्रेयस का मुख्य साधन है, जिसमें अन्य सब साधनों का समावेश हो जाता है। यह साधनगत साम्यदृष्टि हिंसा प्रधान यज्ञ यागादि कर्म की दृष्टि से बिलकुल विरुद्ध है। इस तरह ब्राह्मण और श्रमण धर्म का वैषम्य और साम्यमूलक इतना विरोध है कि जिससे दोनों धर्मों के बीच पद पद पर संघर्ष की संभावना है, जो सहस्रों वर्षों के इतिहास में लिपिबद्ध है। यह पुराना विरोध ब्राह्मण काल में भी था और बुद्ध एवं महावीर के समय में तथा इसके बाद भी। इसी चिरंतन विरोध के प्रवाह को महाभाष्यकार पतंजलि ने अपनी वाणी में व्यक्त किया है। वैयाकरण पाणिनि ने सूत्र में शाश्वत विरोध का निर्देश किया है। पतंजलि 'शाश्वत' —जन्मसिद्ध विरोध वाले अहि-नकुल, गोव्याघ्र जैसे द्वन्द्वों के उदाहरण देते हुए साथ साथ ब्राह्मण-श्रमण का भी उदाहरण देते हैं[1]। यह ठीक है कि हजार प्रयत्न

१. महाभाष्य २.४.९।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

करने पर भी अहि-नकुल या गो-व्याघ्र का विरोध निर्मूल नहीं हो सकता, जब कि प्रयत्न करने पर ब्राह्मण और श्रमण का विरोध निर्मूल हो जाना संभव है और इतिहास में कुछ उदाहरण ऐसे उपलब्ध भी हुए हैं जिनमें ब्राह्मण और श्रमण के बीच किसी भी प्रकार का वैमनस्य या विरोध देखा नहीं जाता। परंतु पतंजलि का ब्राह्मण श्रमण का शाश्वत विरोध विषयक कथन व्यक्तिपरक न होकर वर्गपरक है। कुछ व्यक्तियाँ ऐसी संभव हैं जो ऐसे विरोध से परे हुई हैं या हो सकती हैं परंतु सारा ब्राह्मण वर्ग या सारा श्रमण वर्ग मौलिक विरोध से परे नहीं है यही पतंजलि का तात्पर्य है। 'शाश्वत' शब्द का अर्थ अविचल न हो कर प्रावाहिक इतना ही अभिप्रेत है। पतंजलि से अनेक शताब्दिओं के बाद होने वाले जैन आचार्य हेमचंद्र ने भी ब्राह्मण-श्रमण उदाहरण देकर पतंजलि के अनुभव की यथार्थता पर मुहर लगाई है[1]। आज इस समाजवादी युग में भी हम यह नहीं कह सकते कि ब्राह्मण और श्रमण वर्ग के बीच विरोध का बीज निर्मूल हुआ है। इस सारे विरोध की जड़ ऊपर सूचित वैषम्य और साम्य की दृष्टि का पूर्व पश्चिम जैसा अन्तर ही है।

परस्पर प्रभाव और समन्वय—

ब्राह्मण और श्रमण परंपरा परस्पर एक दूसरेके प्रभाव से बिलकुल अछूता नहीं है। छोटी मोटी अनेक बातों में एक का प्रभाव दूसरे पर न्यूनाधिक मात्रा में पड़ा हुआ देखा जाता है। उदा० श्रमण धर्म की साम्यदृष्टिमूलक 'अहिंसा' भावना का ब्राह्मण परंपरा पर क्रमशः इतना प्रभाव पड़ा है कि जिससे यज्ञीय हिंसा का समर्थन केवल पुरानी शास्त्रीय चर्चाओं का विषय मात्र रह गया है, व्यवहार में यज्ञीय हिंसा लुप्त सी हो गई है। अहिंसा व "सर्वभूतहिते रतः" सिद्धांत का पूरा आग्रह रखने वाली सांख्य, योग, औपनिषद, अवधूत, सात्वत आदि जिन परंपराओं ने ब्राह्मण परंपरा के प्राणभूत वेद विषयक प्रामाण्य और ब्राह्मण वर्ण के पुरोहित व गुरु पद का आत्यंतिक विरोध नहीं किया वे परंपरायें क्रमशः ब्राह्मण धर्म के सर्वसंग्राहक क्षेत्र में एक या दूसरे रूप में मिल गई हैं। इसके विपरीत जैन बौद्ध आदि जिन परंपराओं ने वैदिक प्रामाण्य और ब्राह्मण वर्ण के गुरु पद के विरुद्ध आत्यंतिक आग्रह रक्खा वे परंपराएँ यद्यपि सदा के लिए ब्राह्मण धर्म से अलग ही रही हैं फिर भी उनके शास्त्र एवं निवृत्ति धर्म पर ब्राह्मण परंपरा की लोकसंग्राहक वृत्ति का एक या दूसरे रूप में प्रभाव अवश्य पड़ा है।

---

१. सिद्धहैम० ३.१.१४१।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्रमणपरंपरा के प्रवर्तक–

श्रमण धर्म के मूल प्रवर्तक कौन कौन थे, वे कहाँ कहाँ और कब हुए इसका यथार्थ और पूरा इतिहास अद्यावधि अज्ञात है पर हम उपलब्ध साहित्य के आधार से इतना तो निःशंक कह सकते हैं कि नाभिपुत्र ऋषभ तथा आदि विद्वान् कपिल ये साम्य धर्म के पुराने और प्रबल समर्थक थे। यही कारण है कि उनका पूरा इतिहास अंधकार-ग्रस्त होने पर भी पौराणिक परंपरामें से उनका नाम लुप्त नहीं हुआ है। ब्राह्मण-पुराण ग्रंथों में ऋषभ का उल्लेख उग्र तपस्वी के रूप में है सही पर उनकी पूरी प्रतिष्ठा तो केवल जैन परंपरा में ही है, जब कि कपिल का ऋषि रूप से निर्देश जैन कथा साहित्य में है फिर भी उनकी पूर्ण प्रतिष्ठा तो सांख्य परंपरा में तथा सांख्यमूलक पुराण ग्रंथों में ही है। ऋषभ और कपिल आदि द्वारा जिस आत्मौपम्य भावना की और तन्मूलक अहिंसा धर्म की प्रतिष्ठा जमी थी उस भावना और उस धर्म की पोषक अनेक शाखा-प्रशाखायें थीं जिनमें से कोई बाह्य तप पर, तो कोई ध्यान पर, तो कोई मात्र चित्तशुद्धि या असंगता पर अधिक भार देती थी, पर साम्य या समता सबका समान ध्येय था।

जिस शाखा ने साम्यसिद्धि मूलक अहिंसा को सिद्ध करने के लिए अपरिग्रह पर अधिक भार दिया और उसी में से अगार–गृह–ग्रंथ या परिग्रहबंधन के त्याग पर अधिक भार दिया और कहा कि जब तक परिवार एवं परिग्रह का बंधन हो तब तक कभी पूर्ण अहिंसा या पूर्ण साम्य सिद्ध हो नहीं सकता, श्रमण धर्म की वही शाखा निर्ग्रन्थ नाम से प्रसिद्ध हुई। इसके प्रधान प्रवर्तक नेमिनाथ तथा पार्श्वनाथ ही जान पड़ते हैं।

वीतरागता का आग्रह–

अहिंसा की भावना के साथ साथ तप और त्याग की भावना अनिवार्य रूप से निर्ग्रन्थ धर्म में ग्रथित तो हो ही गई थी परंतु साधकों के मन में यह प्रश्न उत्पन्न हुआ कि बाह्य तप और बाह्य त्याग पर अधिक भार देने से क्या आत्मशुद्धि या साम्य पूर्णतया सिद्ध होना संभव है? इसी के उत्तर में से यह विचार फलित हुआ कि राग द्वेष आदि मलिन वृत्तियों पर विजय पाना ही मुख्य साध्य है। इस साध्य की सिद्धि जिस अहिंसा, जिस तप या जिस त्याग से न हो सके वह अहिंसा, तप या त्याग कैसा ही क्यों न हो पर आध्यात्मिक दृष्टि से अनुपयोगी है। इसी विचार के प्रवर्तक 'जिन' कहलाने लगे। ऐसे जिन अनेक हुए हैं। सच्चक, बुद्ध, गोशालक और महावीर ये सब अपनी-अपनी परम्परा में जिन रूप से प्रसिद्ध रहे हैं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

परंतु आज जिनकथित जैन धर्म कहने से मुख्यतया महावीर के धर्म का ही बोध होता है जो राग द्वेष के विजय पर ही मुख्यतया भार देता है। धर्म विकास का इतिहास कहता है कि उत्तरोत्तर उदय में आने वाली नयी नयी धर्म की अवस्थाओं में उस उस धर्म की पुरानी अविरोधी अवस्थाओं का समावेश अवश्य रहता है। यही कारण है कि जैन धर्म निर्ग्रन्थ धर्म भी है और श्रमण धर्म भी है।

श्रमण धर्म की साम्यदृष्टि--

अब हमें देखना यह है कि श्रमण धर्म की प्राणभूत साम्य भावना का जैन परंपरा में क्या स्थान है? जैन श्रुत रूप से प्रसिद्ध द्वादशांगी या चतुर्दश पूर्व में 'सामाइय'—'सामायिक' का स्थान प्रथम है, जो आचारांग सूत्र कहलाता है। जैनधर्म के अंतिम तीर्थंकर महावीर के आचार विचार का सीधा और स्पष्ट प्रतिबिम्ब मुख्यतया उसी सूत्र में देखने को मिलता है। इसमें जो कुछ कहा गया है उस सब में साम्य, समता या सम पर ही पूर्णतया भार दिया गया है।' 'सामाइय' इस प्राकृत या मागधी शब्द का संबंध साम्य, समता या सम से है। साम्य-दृष्टिमूलक और साम्य दृष्टि पोषक जो जो आचार विचार हों वे सब सामाइय-सामायिक रूप से जैन परंपरा में स्थान पाते हैं। जैसे ब्राह्मण परंपरा में संध्या एक आवश्यक कर्म है वैसे ही जैन परंपरा में भी गृहस्थ और त्यागी सब के लिए छः आवश्यक कर्म बतलाये हैं जिनमें मुख्य सामाइय है। अगर सामाइय न हो तो और कोई आवश्यक सार्थक नहीं है। गृहस्थ या त्यागी अपने अपने अधिकारानुसार जब जब धार्मिक जीवन को स्वीकार करता है तब तब वह 'करेमि भंते! सामाइयं' ऐसी प्रतिज्ञा करता है। इसका अर्थ है कि हे भगवन्! मैं समता या समभाव को स्वीकार करता हूँ। इस समता का विशेष स्पष्टीकरण आगे के दूसरे ही पद में किया गया है। उसमें कहा है कि मैं सावद्ययोग अर्थात् पाप व्यापार का यथाशक्ति त्याग करता हूँ। 'सामाइय' की ऐसी प्रतिष्ठा होने के कारण सातवीं सदी के सुप्रसिद्ध विद्वान् जिनभद्रगणी क्षमाश्रमण ने उस पर विशेषावश्यकभाष्य नामक अति विस्तृत ग्रंथ लिख कर बतलाया है कि धर्म के अंगभूत श्रद्धा, ज्ञान और चारित्र ये तीनों ही सामाइय हैं।

सच्ची वीरता के विषय में जैनधर्म, गीता और गांधीजी--

सांख्य, योग और भागवत जैसी अन्य परंपराओं में पूर्व काल से साम्यदृष्टि की जो प्रतिष्ठा थी उसीका आधार लेकर भगवद्गीताकार ने गीता की रचना की है। यही कारण है कि हम गीता में स्थान स्थान पर समदर्शी, साम्य, समता जैसे शब्दों के द्वारा साम्यदृष्टि का ही समर्थन पाते हैं। गीता और

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आचारांग की साम्य भावना मूल में एक ही है, फिर भी वह परंपरा भेद से अन्यान्य भावनाओं के साथ मिलकर भिन्न हो गई हैं। अर्जुन को साम्य भावना के प्रबल आवेग के समय भी भैक्ष्य जीवन स्वीकार करने से गीता रोकती है और शस्त्रयुद्ध का आदेश करती है, जब कि आचारांग सूत्र अर्जुन को ऐसा आदेश न कर के यही कहेगा कि अगर तुम सचमुच क्षत्रिय वीर हो तो साम्यदृष्टि आने पर हिंसक शस्त्रयुद्ध नहीं कर सकते बल्कि भैक्ष्यजीवनपूर्वक आध्यात्मिक शत्रु के साथ युद्ध के द्वारा ही सच्चा क्षत्रियत्व सिद्ध कर सकते हो।[1] इस कथन की द्योतक भरत-बाहुबली की कथा जैन साहित्य में प्रसिद्ध है, जिसमें कहा गया है कि सहोदर भरत के द्वारा उग्र प्रहार पाने के बाद बाहुबली ने जब प्रतिकार के लिए हाथ उठाया तभी समभाव की वृत्ति प्रकट हुई। उस वृत्ति के आवेग में बाहुबली ने भैक्ष्य जीवन स्वीकार किया पर प्रतिप्रहार करके न तो भरत का बदला चुकाया और न उससे अपना न्यायोचित राज्यभाग लेने का सोचा। गांधीजी ने गीता और आचारांग आदि में प्रतिपादित साम्य भाव को अपने जीवन में यथार्थ रूप से विकसित किया और उसके बल पर कहा कि मानव संहारक युद्ध तो छोड़ो, पर साम्य या चित्तशुद्धि के बल पर ही अन्याय के प्रतिकार का मार्ग भी ग्रहण करो। पुराने संन्यास या त्यागी जीवन का ऐसा अर्थ विकास गांधीजीने समाज में प्रतिष्ठित किया है।

साम्यदृष्टि और अनेकान्तवाद–

जैन परंपरा का साम्य दृष्टि पर इतना अधिक भार है कि उसने साम्य दृष्टि को ही ब्राह्मण परंपरा में लब्धप्रतिष्ठ ब्रह्म कहकर साम्यदृष्टिपोषक सारे आचार विचार को 'ब्रह्मचर्य'-'बम्भचेराई' कहा है, जैसा कि बौद्ध परंपर ने मैत्री आदि भावनाओं को ब्रह्मविहार कहा है। इतना ही नहीं पर धम्मपद[2] और शांति पर्व की तरह जैन ग्रंथ[3] में भी समत्व धारण करनेवाले श्रमण को ही ब्राह्मण कहकेर श्रमण और ब्राह्मण के बीच का अंतर मिटाने का प्रयत्न किया है।

साम्यदृष्टि जैन परंपरा में मुख्यया दो प्रकार से व्यक्त हुई हैं—(१) आचार में (२) विचार में। जैन धर्म का बाह्य-आभ्यन्तर, स्थूल-सूक्ष्म सब आचार साम्य दृष्टि मूलक अहिंसा के केन्द्र के आस पास ही निर्मित हुआ है। जिस आचार के द्वारा अहिंसा की रक्षा और पुष्टि न होती हो ऐसे किसी भी आचार

---

१. आचारांग १-५-३।
२. ब्राह्मण वर्ग. २६।
३. उत्तराध्ययन. २५।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

को जैन परंपरा मान्य नहीं रखती। यद्यपि सब धार्मिक परंपराओं ने अहिंसा तत्त्व पर न्यूनाधिक भार दिया है पर जैन परंपरा ने उस तत्त्व पर जितना भार दिया है और उसे जितना व्यापक बनाया है उतना भार और उतनी व्यापकता अन्य धर्म परंपरा में देखी नहीं जाती। मनुष्य, पशु पक्षी कीट पतंग और वनस्पति ही नहीं बल्कि पार्थिव जलीय आदि सूक्ष्मातिसूक्ष्म जन्तुओं तक की हिंसा से आत्मौपम्य की भावना द्वारा निवृत्त होने के लिए कहा गया है।

विचार में साम्य दृष्टि की भावनापर जो भार दिया गया है उसी में से अनेकान्त दृष्टि या विभज्यवाद का जन्म हुआ है। केवल अपनी दृष्टि या विचार सरणी को ही पूर्ण अन्तिम सत्य मान कर उस पर आग्रह रखना यह साम्य दृष्टि के लिए घातक है। इसलिए कहा गया है कि दूसरों की दृष्टि का भी उतना ही आदर करना जितना अपनी दृष्टि का। यही साम्य दृष्टि अनेकान्तवाद की भूमिका है। इस भूमिका में से ही भाषाप्रधान स्याद्वाद और विचारप्रधान नयवाद का क्रमशः विकास हुआ है। यह नहीं है कि अन्यान्य परंपराओं में अनेकान्त दृष्टि का स्थान ही न हो। मीमांसक और कापिल दर्शन के उपरांत न्याय दर्शन में भी अनकांतवाद का स्थान है। बुद्ध भगवान् का विभज्यवाद और मध्यममार्ग भी अनेकान्त दृष्टि के ही फल हैं, फिर भी जैन परंपरा ने जैसे अहिंसा पर अत्यधिक भार दिया है वैसे ही उसने अनेकान्त दृष्टि पर भी अत्यधिक भार दिया है। इसलिए जैन परंपरा में आचार या विचार का कोई भी विषय ऐसा नहीं है जिस पर अनेकान्त दृष्टि लागू न की गई हो या जो अनेकान्त दृष्टि की मर्यादा से बाहर हो। यही कारण है कि अन्यान्य परंपराओं के विद्वानों ने अनेकांत दृष्टि को मानते हुए भी उस पर स्वतंत्र साहित्य रचा नहीं है, जब कि जैन परंपरा के विद्वानों ने उसके अंगभूत स्याद्वाद नयवाद आदि के बोधक और समर्थक विपुल स्वतंत्र साहित्य का निर्माण किया है।

अहिंसा—

हिंसा से निवृत्त होना ही अहिंसा है। यह विचार तब तक पूरा समझ में आ नहीं सकता जब तक यह न बतलाया जाय कि हिंसा किस की होती है और हिंसा कौन और किस कारण से करता है और उसका परिणाम क्या है। इसी प्रश्न को स्पष्ट समझाने की दृष्टि से मुख्यतया चार विद्यायें जैन परंपरामें फलित हुई हैं—(१) आत्मविद्या (२) कर्मविद्या (३) चारित्रविद्या और (४) लोकविद्या। इसी तरह अनेकांत दृष्टि के द्वारा मुख्यतया श्रुतविद्या और प्रमाण विद्या का निर्माण व पोषण हुआ है। इस प्रकार अहिंसा, अनेकांत और तन्मूलक विद्यायें ही जैन धर्म का प्राण है जिस पर आगे संक्षेप में विचार किया जाता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आत्मविद्या और उत्क्रान्तिवाद–

प्रत्येक आत्मा चाहे वह पृथ्वीगत, जलगत या वनस्पतिगत हो या कीट पतंग पशु पक्षी रूप हो या मानव रूप हो वह सब तात्त्विक दृष्टि से समान है। यही जैन आत्मविद्या का सार है। समानता के इस सैद्धान्तिक विचार को अमल में लाना–उसे यथासंभव जीवन व्यवहारके प्रत्येक क्षेत्र में उतारने का अप्रमत्त भाव से प्रयत्न करना यही अहिंसा है। आत्मविद्या कहती है कि यदि जीवन-व्यवहार में साम्य का अनुभव न हो तो आत्म साम्य का सिद्धान्त कोरा वाद मात्र है। समानता के सिद्धान्त को अमली बनाने के लिए ही आचारांग सूत्र के अध्ययन में कहा गया है कि जैसे तुम अपने दुःख का अनुभव करते हो वैसा ही पर दुःख का अनुभव करो। अर्थात् अन्य के दुःख का आत्मीय दुःख रूप से संवेदन न हो तो अहिंसा सिद्ध होना संभव नहीं।

जैसे आत्म समानता के तात्त्विक विचार में से अहिंसा के आचार का समर्थन किया गया है वैसे ही उसी विचार में से जैन परंपरा में यह भी आध्यात्मिक मंतव्य फलित हुआ है कि जीवगत शारीरिक मानसिक आदि वैषम्य कितना ही क्यों न हो पर आगंतुक है–कर्ममूलक है, वास्तविक नहीं है। अतएव क्षुद्र से क्षुद्र अवस्था में पड़ा हुआ जीव भी कभी मानवकोटि में आ सकता है और मानव-कोटिगत जीव भी क्षुद्रतम वनस्पति अवस्था में जा सकता है, इतना ही नहीं बल्कि वनस्पति जीव विकास के द्वारा मनुष्य की तरह कभी सर्वथा बंधनमुक्त हो सकता है। ऊँचनीच गति या योनि का एवं सर्वथा मुक्तिका आधार एक मात्र कर्म है। जैसा कर्म, जैसा संस्कार या जैसी वासना वैसी ही आत्मा की अवस्था, पर तात्त्विक रूप से सब आत्माओं का स्वरूप सर्वथा एक-सा है जो नैष्कर्म्य अवस्था में पूर्ण रूप से प्रकट होता है। यही आत्मसाम्यमूलक उत्क्रान्तिवाद है।

सांख्य, योग, बौद्ध आदि द्वैतवादी अहिंसा समर्थक परम्पराओं का और और बातों में जैन परंपरा के साथ जो कुछ मतभेद हो पर अहिंसाप्रधान आचार तथा उत्क्रान्तिवाद के विषय में सबका पूर्ण ऐकमत्य है। आत्माद्वैतवादी औपनिषद परंपरा अहिंसा का समर्थन समानता के सिद्धान्त पर नहीं पर अद्वैत के सिद्धान्त पर करती है। वह कहती है कि तत्त्व रूप से जैसे तुम वैसे ही अन्य सभी जीव शुद्ध ब्रह्म–एक ब्रह्मरूप हैं। जो जीवों का पारस्परिक भेद देखा जाता है वह वास्तविक न होकर अविद्यामूलक है। इसलिए अन्य जीवों को अपने से अभिन्न ही समझना चाहिये और अन्य के दुःख को अपना दुःख समझ कर हिंसा से निवृत्त होना चाहिये।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

द्वैतवादी जैन आदि परंपराओं के और अद्वैतवादी परंपरा के बीच अंतर केवल इतना ही है कि पहली परंपराएँ प्रत्येक जीवात्माका वास्तविक भेद मान कर भी उन सब में तात्त्विक रूप से समानता स्वीकार करके अहिंसा का उद्बोधन करती हैं, जब कि अद्वैत परंपरा जीवात्माओं के पारस्परिक भेद को ही मिथ्या मान कर उनमें तात्त्विक रूप से पूर्ण अभेद मान कर उसके आधार पर अहिंसा का उद्बोधन करती है। अद्वैत परंपरा के अनुसार भिन्न भिन्न योनि और भिन्न भिन्न गतिवाले जीवों में दिखाई देने वाले भेद का मूल अधिष्ठान एक शुद्ध अखंड ब्रह्म है, जब कि जैन जैसी द्वैतवादी परंपराओं के अनुसार प्रत्येक जीवात्मा तत्त्व रूप से स्वतंत्र और शुद्ध ब्रह्म है। एक परंपरा के अनुसार अखंड एक ब्रह्म में से नानाजीव की सृष्टि हुई है जब कि दूसरी परंपराओं के अनुसार जुदेजुदे स्वतंत्र और समान अनेक शुद्ध ब्रह्म ही अनेक जीव हैं। द्वैतमूलक समानता के सिद्धान्त में से ही अद्वैत-मूलक ऐक्य का सिद्धान्त क्रमशः विकसित हुआ जान पड़ता है परंतु अहिंसा का आचार और आध्यात्मिक उत्क्रान्तिवाद अद्वैतवाद में भी द्वैतवाद के विचार के अनुसार ही घटाया गया है। वाद कोई भी हो पर अहिंसा की दृष्टि से महत्त्व की बात एक ही है कि अन्य जीवों के साथ समानता या अभेद का वास्तविक संवेदन होना ही अहिंसा की भावना का उद्गम है।

कर्मविद्या और बंध-मोक्ष—

जब तत्त्वतः सब जीवात्मा समान हैं तो फिर उनमें परस्पर वैषम्य क्यों, तथा एक ही जीवात्मा में कालभेद से वैषम्य क्यों? इस प्रश्न के उत्तर में से ही कर्म-विद्या का जन्म हुआ है। जैसा कर्म वैसी अवस्था यह जैन मान्यता वैषम्य का स्पष्टीकरण तो कर देती है, पर साथ ही साथ यह भी कहती है कि अच्छा या बुरा कर्म करने एवं न करने में जीव ही स्वतंत्र है, जैसा वह चाहे वैसा सत् या असत् पुरुषार्थ कर सकता है और वही अपने वर्तमान और भावी का निर्माता है। कर्मवाद कहता है कि वर्तमान का निर्माण भूत के आधार पर और भविष्य का निर्माण वर्तमान के आधार पर होता है। तीनों काल की पारस्परिक संगति कर्मवाद पर ही अवलंबित है। यही पुनर्जन्म के विचार का आधार है।

वस्तुतः अज्ञान और रागद्वेष ही कर्म हैं। अपने पराये की वास्तविक प्रतीति न होना अज्ञान या जैन परंपरा के अनुसार दर्शन मोह है। इसी को सांख्य बौद्ध आदि अन्य परंपराओं में अविद्या कहा है। अज्ञान-जनित इष्टानिष्ट की कल्पनाओं के कारण जो जो वृत्तियां, या जो जो विकार पैदा होते हैं वही संक्षेप में राग द्वेष

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कहे गये हैं। यद्यपि राग द्वेष ही हिंसा के प्रेरक हैं पर वस्तुतः सब की जड़ अज्ञान--दर्शन मोह या अविद्या ही है, इसलिए हिंसा की असली जड़ अज्ञान ही है। इस विषय में आत्मवादी सब परंम्पराएँ एकमत हैं।

ऊपर जो कर्म का स्वरूप बतलाया है वह जैन परिभाषा में भाव कर्म है और वह आत्मगत संस्कार विशेष है। यह भावकर्म आत्मा के इर्दगिर्द सदा वर्तमान ऐसे सूक्ष्मातिसूक्ष्म भौतिक परमाणुओं को आकृष्ट करता है और उसे विशिष्ट रूप पित करता है। विशिष्ट रूप प्राप्त यह भौतिक परमाणु पुंज ही द्रव्यकर्म या कार्मण शरीर कहलाता है जो जन्मान्तर में जीव के साथ जाता है और स्थूल शरीर के निर्माण की भूमिका बनता है। ऊपर ऊपर से देखने पर मालूम होता है कि द्रव्यकर्म का विचार जैन परंपरा की कर्मविद्या में है, पर अन्य परंपरा की कर्मविद्या में वह नहीं है, परन्तु सूक्ष्मता से देखने वाला जान सकता है कि वस्तुतः ऐसा नहीं है। साँख्य-योग, वेदान्त आदि परंपराओं में जन्मजन्मान्तर गामी सूक्ष्य या लिंग शरीर का वर्णन है। यह शरीर अन्तःकरण, अभिमान मन आदि प्राकृत या मायिक तत्वों का बना हुआ माना गया है जो वास्तव में जैन परंपरासंमत भौतिक कार्मण शरीर के ही स्थान में है। सूक्ष्य या कार्मण शरीर की मूल कल्पना एक ही है। अन्तर है तो उसके वर्णन प्रकार में और न्यूनाधिक विस्तार में एवं वर्गीकरण में, जो हजारों वर्ष से जुदा जुदा विचार-चिंतन करने वाली परंपराओं में होना स्वाभाविक है। इस तरह हम देखते हैं तो आत्मवादी सब परंपराओं में पुनर्जन्म के कारणरूप से कर्मतत्व का स्वीकार है और जन्मजन्मान्तरगामी भौतिक शरीररूप द्रव्यकर्म का भी स्वीकार है। न्याय वैशेषिक परंपरा जिसमें ऐसे सूक्ष्म शरीर का कोई खास स्वीकार नहीं है उसने भी जन्मजन्मान्तरगामी अणुरूप मन को स्वीकार करके द्रव्य कर्म के विचार को अपनाया है।

पुनर्जन्म और कर्म की मान्यता के बाद जब मोक्ष की कल्पना भी तत्त्वचिंतन में स्थिर हुई तब से अभी तक की बंध मोक्षवादी भारतीय तत्त्वचिंतकों की आत्मस्वरूप-विषयक मान्यताएँ कैसी कैसी हैं और उनमें विकासक्रम की दृष्टि से जैन मन्तव्य के स्वरूप का क्या स्थान है, इसे समझने के लिये संक्षेप में बंधमोक्षवादी मुख्य मुख्य सभी परंपराओं के मंतव्यों को नीचे दिया जाता है। (१) जैन परंपरा के अनुसार आत्मा प्रत्येक शरीर में जुदा जुदा है। वह स्वयं शुभाशुभ कर्म का कर्ता और कर्म के फल--सुखदुःख आदि का भोक्ता है। वह जन्मान्तर के समय स्थानान्तर को जाता है और स्थूल देह के अनुसार संकोच विस्तार धारण करता है। यही मुक्ति पाता है और मुक्तिकाल में सांसारिक सुख-दुःख ज्ञान-अज्ञान आदि शुभाशुभ कर्म आदि भावों से सर्वथा छूट जाता है। (२) सांख्य योग परंपरा के अनुसार

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आत्मा भिन्न भिन्न हैं पर वह कूटस्थ एवं व्यापक होने से न कर्म का कर्ता, भोक्ता, जन्मान्तरगामी, गतिशील है और न तो मुक्तिगामी ही है। उस परंपरा के अनुसार तो प्राकृत बुद्धि या अन्तःकरण ही कर्म का कर्ता, भोक्ता, जन्मान्तरगामी, संकोच-विस्तारशील, ज्ञान-अज्ञान आदि भावों का आश्रय और मुक्ति काल में उन भावों से रहित है। सांख्य योग परंपरा अन्तःकरण के बंधमोक्ष को ही उपचार से पुरुष मान लेती है। (३) न्यायवैशेषिक परंपरा के अनुसार आत्मा अनेक हैं, वह सांख्य योग की तरह कूटस्थ और व्यापक माना गया है फिर भी वह जैन परंपरा की तरह वास्तविक रूप से कर्ता, भोक्ता, बद्ध और मुक्त भी माना गया है। (४) अद्वैतवादी वेदान्त के अनुसार आत्मा वास्तव में नाना नहीं पर एक ही है। वह सांख्य योग की तरह कूटस्थ और व्यापक है अतएव न तो वास्तव में बद्ध है और न मुक्त। उसमें अन्तःकरण का बंधमोक्ष ही उपचार से माना गया है। (५) बौद्धमत के अनुसार आत्मा या चित्त नाना है; वही कर्ता, भोक्ता, बंध और निर्वाण का आश्रय है। वह न तो कूटस्थ है, न व्यापक, वह केवल ज्ञान क्षण परंपरा रूप है जो हृदय इन्द्रिय जैसे अनेक केन्द्रों में एक साथ या क्रमशः निमित्तानुसार उत्पन्न व नष्ट होता रहता है।

ऊपर के संक्षिप्त वर्णन से यह स्पष्टतया सूचित होता है कि जैन परंपरा संमत आत्मस्वरूप बंधमोक्ष के तत्त्वचिंतकों की कल्पना का अनुभवमूलक पुराना रूप है। सांख्ययोग संमत आत्मस्वरूप उन तत्त्वचिंतकों की कल्पना की दूसरी भूमिका है। अद्वैतवाद संमत आत्मस्वरूप सांख्ययोग की बहुत्वविषयक कल्पना का एक स्वरूप में परिमार्जनमात्र है, जबकि न्यायवैशेषिक संमत आत्मस्वरूप जैन और सांख्ययोग की कल्पना का मिश्रणमात्र है। बौद्धसंमत आत्मस्वरूप जैन कल्पना का ही तर्कशोधित रूप है।

एकस्वरूप चारित्रविद्या–

आत्मा और कर्म के स्वरूप को जानने के बाद ही यह जाना जा सकता है कि आध्यात्मिक उत्क्रान्ति में चारित्र का क्या स्थान है। मोक्षतत्त्वचिंतकों के अनुसार चारित्र का उद्देश आत्मा को कर्म से मुक्त करना ही है। चारित्र के द्वारा कर्म से मुक्ति मान लेने पर भी यह प्रश्न रहता ही है कि स्वभाव से शुद्ध ऐसे आत्मा के साथ पहले पहल कर्म का संबंध कब और क्यों हुआ या ऐसा संबंध किसने किया? इसी तरह यह भी प्रश्न उपस्थित होता है कि स्वभाव से शुद्ध ऐसे आत्मतत्त्व के साथ यदि किसी न किसी तरह से कर्म का संबंध हुआ मान लिया जाय तो चारित्र के द्वारा मुक्ति सिद्ध होने के बाद भी फिर कर्म संबंध क्यों नहीं होगा? इन दो प्रश्नों

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

का उत्तर आध्यात्मिक सभी चिंतकों ने लगभग एक सा ही दिया है। सांख्य-योग हो या वेदान्त, न्यायवैशेषिक हो या बौद्ध इन सभी दर्शनों की तरह जैन दर्शन का भी यही मंतव्य है कि कर्म और आत्मा का संबंध अनादि है क्योंकि उस संबंध का आदिक्षण सर्वथा ज्ञानसीमा के बाहर है। सभी ने यह माना है कि आत्मा के साथ कर्म–अविद्या या माया का संबंध प्रवाह रूप से अनादि है फिर भी व्यक्ति-रूप से वह संबंध सादि है क्योंकि हम सबका ऐसा अनुभव है कि अज्ञान और राग-द्वेष से ही कर्मवासना की उत्पत्ति जीवन में होती रहती है। सर्वथा कर्म छूट जाने पर जो आत्मा का पूर्ण शुद्ध रूप प्रकट होता है उसमें पुनः कर्म या वासना उत्पन्न क्यों नहीं होती इसका खुलासा तर्कवादी आध्यात्मिक चिंतकों ने यों किया है कि आत्मा स्वभावतः शुद्धि-पक्षपाती है। शुद्धि के द्वारा चेतना आदि स्वाभाविक गुणों का पूर्ण विकास होने के बाद अज्ञान या रागद्वेष जैसे दोष जड़ से ही उच्छिन्न हो जाते हैं अर्थात् वे प्रयत्नपूर्वक शुद्धि को प्राप्त ऐसे आत्मतत्व में अपना स्थान् पाने के लिए सर्वथा निर्बल हो जाते हैं।

चारित्र का कार्य जीवनगत वैषम्य के कारणों को दूर करना है, जो जैन परि-भाषा में 'संवर' कहलाता है। वैषम्य के मूल कारण अज्ञान का निवारण आत्मा की सम्यक् प्रतीति से होता है और रागद्वेष जैसे क्लेशों का निवारण माध्यस्थ्य की सिद्धि से। इसलिए आन्तर चारित्र में दो ही बातें आती हैं। (१) आत्म-ज्ञान–विवेक-ख्याति (२) माध्यस्थ्य या रागद्वेष आदि क्लेशों का जय। ध्यान, व्रत, नियम, तप, आदि जो जो उपाय आन्तर चारित्र के पोषक होते हैं वे ही बाह्य चारित्र रूप से साधक के लिए उपादेय माने गये हैं।

आध्यात्मिक जीवन की उत्क्रान्ति आन्तर चारित्र के विकासक्रम पर अवलंबित है। इस विकासक्रम का गुणस्थान रूप से जैन परंपरा में अत्यंत विशद और विस्तृत वर्णन है। आध्यात्मिक उत्क्रान्ति क्रम के जिज्ञासुओं के लिए योगशास्त्रप्रसिद्ध मधुमती आदि भूमिकाओं का बौद्धशास्त्रप्रसिद्ध सोतापन्न आदि भूमिकाओं का, योगवासिष्ठप्रसिद्ध अज्ञान और ज्ञान भूमिकाओं का, आजीवक-परंपरा प्रसिद्ध मंद-भूमि आदि भूमिकाओं का और जैन परंपरा प्रसिद्ध गुणस्थानों का तथा योगदृष्टियों का तुलनात्मक अध्ययन बहुत रसप्रद एवं उपयोगी है, जिसका वर्णन यहाँ संभव नहीं। जिज्ञासु अन्यत्र प्रसिद्ध [१] लेखों से जान सकता है।

मैं यहाँ उन चौदह गुणस्थानों का वर्णन न करके संक्षेप में तीन भूमिकाओं का ही परिचय दिये देता हूँ, जिनमें-गुणस्थानों का समावेश हो जाता है। पहिली भूमिका

१. "भारतीय दर्शनोमां आध्यात्मिक विकासक्रम–पुरातत्व १-पृ० १४९।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

है बहिरात्म, जिसमें आत्मज्ञान या विवेकख्याति का उदय ही नहीं होता। दूसरी भूमिका अन्तरात्म है जिसमें आत्मज्ञान का उदय तो होता है पर रागद्वेष आदि क्लेश मंद होकर भी अपना प्रभाव दिखलाते रहते हैं। तीसरी भूमिका है परमात्म। इसमें रागद्वेष का पूर्ण उच्छेद होकर वीतरागत्व प्रकट होता है।

लोकविद्या—

लोकविद्या में लोक के स्वरूप का वर्णन है। जीव—चेतन और अजीव—अचेतन या जड़ इन दो तत्त्वों का सहचार ही लोक है। चेतन-अचेतन दोनों तत्त्व न तो किसी के द्वारा कभी पैदा हुए हैं और न कभी नाश पाते हैं फिर भी स्वभाव से परिणामान्तर पाते रहते हैं। संसार काल में चेतन के ऊपर अधिक प्रभाव डालने वाला द्रव्य एकमात्र जड़-परमाणुपुंज-पुद्गल है, जो नानारूप से चेतन के संबंध में आता है और उसकी शक्तियों को मर्यादित भी करता है। चेतन तत्त्व की साहजिक और मौलिक शक्तियाँ ऐसी हैं जो योग्य दिशा पाकर कभी न कभी उन जड़ द्रव्यों के प्रभाव से उसे मुक्त भी कर देती हैं। जड़ और चेतन के पारस्परिक प्रभाव का क्षेत्र ही लोक है और उस प्रभाव से छुटकारा पाना ही लोकान्त है। जैन परंपरा की लोकक्षेत्र-विषयक कल्पना सांख्ययोग, पुराण और बौद्ध आदि परंपराओं की कल्पना से अनेक अंशों में मिलती जुलती है।

जैन परंपरा न्यायवैशेषिक की तरह परमाणुवादी है, सांख्ययोग की तरह प्रकृतिवादी नहीं है तथापि जैन परंपरा संमत परमाणु का स्वरूप सांख्यपरंपरासंमत प्रकृति के स्वरूप के साथ जैसा मिलता है वैसा न्यायवैशेषिकसंमत परमाणु स्वरूप के साथ नहीं मिलता, क्योंकि जैन संमत परमाणु सांख्यसंमत प्रकृति की तरह परिणामी है, न्यायवैशेषिक संमत परमाणु की तरह कूटस्थ नहीं है। इसीलिए जैसे एक ही सांख्यसंमत प्रकृति पृथ्वी, जल, तेज, वायु आदि अनेक भौतिक सृष्टियों का उपादान बनती है वैसे ही जैनसंमत एक ही परमाणु पृथ्वी, जल, तेज आदि नानारूप में परिणत होता है। जैन परंपरा न्यायवैशेषिक की तरह यह नहीं मानती कि पार्थिव, जलीय आदि भौतिक परमाणु मूल में ही सदा भिन्न जातीय हैं। इसके सिवाय और भी एक अन्तर ध्यान देने योग्य है। वह यह कि जैनसंमत परमाणु वैशेषिक संमत परमाणु की अपेक्षा इतना अधिक सूक्ष्म है कि अंत में वह सांख्यसंमत प्रकृति जैसा ही अव्यक्त बन जाता है। जैन परंपरा का अनंत परमाणुवाद प्राचीन सांख्यसंमत पुरुष बहुत्वानुरूप प्रकृतिबहुत्ववाद [1] से दूर नहीं है।

---

१. षड्दर्शनसमुच्चय-गुणरत्नटीका-पृ०-९९। "मौलिकसांख्या हि आत्मानमात्मानं प्रति पृथक् प्रधानं वदन्ति। उत्तरे तु सांख्याः सर्वात्मस्वपि एकं नित्यं प्रधानमिति प्रपन्नाः।"

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जैनमत और ईश्वर

जैन परंपरा सांख्ययोग मीमांसक आदि परंपराओं की तरह लोक को प्रवाह रूपसे अनादि और अनंत ही मानती हैं। वह पौराणिक या वैशेषिक मत की तरह उसका सृष्टिसंहर नहीं मानती। अतएव जैन परंपरा में कर्ता संहर्ता रूपसे ईश्वर जैसी स्वतंत्र व्यक्ति का कोई स्थान ही नहीं है। जैन सिद्धान्त कहता है कि प्रत्येक जीव अपनी अपनी सृष्टि का आप ही कर्ता है। उसके अनुसार तात्त्विक दृष्टि से प्रत्येक जीव में ईश्वरभाव है जो मुक्ति के समय प्रकट होता है। जिसका ईश्वरभाव प्रकट हुआ है वही साधारण लोगों के लिए उपास्य बनता है। योगशास्त्रसंमत ईश्वर भी मात्र उपास्य है, कर्ता संहर्ता नहीं, पर जैन और योगशास्त्र की कल्पना में अंतर है। वह यह कि योगशास्त्रसंमत ईश्वर सदा मुक्त होने के कारण अन्य पुरुषों से भिन्न कोटि का है; जबकि जैनशास्त्र संमत ईश्वर वैसा नहीं है। जैनशास्त्र कहता है कि प्रयत्नसाध्य होने के कारण हर कोई योग्य साधक ईश्वरत्व लाभ करता है और सभी मुक्त समानभाव से ईश्वररूप से उपास्य हैं।

श्रुतविद्या और प्रमाणविद्या—

पुराने और अपने समय तक में ज्ञात ऐसे अन्य विचारकों के विचारोंका तथा अपने स्वानुभवमूलक अपने विचारों का सत्यलक्षी संग्रह ही श्रुतविद्या है। श्रुतविद्या का ध्येय यह है कि सत्यस्पर्शी किसी भी विचार या विचारसरणी की अवगणना या उपेक्षा न हो। इसी कारण से जैन परंपरा की श्रुतविद्या नव नव विद्याओं के विकास के साथ विकसित होती रही है। यही कारण है कि श्रुतविद्या में संग्रह नयरूप से जहाँ प्रथम सांख्यसंमत सदद्वैत लिया गया वहीं ब्रह्माद्वैत के विचारविकास के बाद संग्रहनय रूप से ब्रह्माद्वैत विचार ने भी स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह जहाँ ऋजुसूत्र नयरूप से प्राचीन बौद्ध क्षणिकवाद संग्रहीत हुआ है वहीं आगे के महायानी विकास के बाद ऋजुसूत्र नयरूप से वैभाषिक, सौत्रान्तिक, विज्ञानवाद और शून्यवाद इन चारों प्रसिद्ध बौद्ध शाखाओं का संग्रह हुआ है।

अनेकान्त दृष्टि का कार्यप्रदेश इतना अधिक व्यापक है कि इसमें मानव जीवन की हितावह ऐसी सभी लौकिक लोकोत्तर विद्यायें अपना अपना योग्य स्थान प्राप्त कर लेती है। यही कारण है कि जैन श्रुतविद्या में लोकोत्तर विद्याओं के अलावा लौकिक विद्याओं ने भी स्थान प्राप्त किया है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रमाणविद्या में प्रत्यक्ष, अनुमिति आदि ज्ञान के सब प्रकारों का, उनके साधनों का तथा उनके बलाबल का विस्तृत विवरण आता है। इसमें भी अनेकान्त दृष्टि का ऐसा उपयोग किया गया है कि जिससे किसी भी तत्त्वचिंतक के यथार्थ विचार की अवगणना या उपेक्षा नहीं होती, प्रत्युत ज्ञान और उसके साधन से संबंध रखने वाले सभी ज्ञान विचारों का यथावत् विनियोग किया गया है।

यहाँ तक का वर्णन जैन परंपरा के प्राणभूत अहिंसा और अनेकान्त से संबंध रखता है। जैसे शरीर के बिना प्राण की स्थिति असंभव है वैसे ही धर्मशरीर के सिवाय धर्मप्राण की स्थिति भी असंभव है। जैन परंपरा का धर्मशरीर भी संघ-रचना, साहित्य, तीर्थ, मन्दिर आदि धर्मस्थान, शिल्पस्थापत्य, उपासनाविधि, ग्रंथसंग्राहक भांडार आदि अनेक रूप विद्यमान है। यद्यपि भारतीय संस्कृति विरासत के अविकल अध्ययन की दृष्टि से जैनधर्म के ऊपर सूचित अंगों का तात्त्विक एवं ऐतिहासिक वर्णन आवश्यक एवं रसप्रद भी है तथापि वह प्रस्तुत निबंधकी मर्यादा के बाहर है। अत एव जिज्ञासुओं को अन्य साधनों के द्वारा अपनी जिज्ञासा को तृप्त करना चाहिये।

———०० ———

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

LORD MAHAVIRA

डा० बूलचन्द्रजी द्वारा लिखित Lord 'Mahavira' प्रकाशित हो गया है। उसकी कीमत ४-८-० रखी गई है। मंडल के सभी-प्रकार के सदस्यों को विना मूल्य भेज दी गई है। उसके विषय में जो अभिप्राय प्राप्त हुए हैं उनमें से कुछ ये हैं—

"Cordial thanks for your valuable monograph from which I hope many thoughtful readers will collect information about the great man, his ideas, and his ideals.

PROF. WALTHER SCHUBRING,
Hamburg University.

"I have not yet found any book of a similar compass being both so full and so pleasant reading."

JULES BLOCH
Professor of Sanskrit,
College de France, Paris

"I have read your book with absorbing interest. It is a very lucid exposition of the tenets of Jainism."

H. VON GLASENAPP,
Prof. of Indian History & Philosophy,
Tubingen University.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

'SANMATI' PUBLICATIONS

World Problems and Jain Ethics
by Dr. Beni Prasad — 6 Ans.

Lord Mahavira
by Dr. Bool Chand, M.A., Ph.D. — Rs. 4/8/

3. विश्व-समस्या और व्रत-विचार डॉ० बेनीप्रसाद — चार आने
4. Constitution — 4 Ans.
5. अहिंसा की साधना —श्री काका कालेलकर — चार आने
6. परिचयपत्र और वार्षिक कार्यविवरण — चार आने
7. Jainism in Kalingadesa Dr. Bool Chand — 4 Ans.
8. भगवान् महावीर—श्रीदलसुखभाई मालवणिया — चार आने
9. Mantra Shastra and Jainism—Dr. A. S. Altekar — 4 Ans.
10. जैन-संस्कृति का हृदय—पं० श्री सुखलालजी संघवी — चार आने
11. भ० महावीरका जीवन—पं० श्री सुखलालजी संघवी — " "
12. जैन तत्त्वज्ञान, जैनधर्म और नीतिवाद
लेo—पं० श्री सुखलालजी तथा डॉ० राजबलि पाण्डेय — " "
13. आगमयुग का अनेकान्तवाद—श्री दलसुखभाई मालवणिया — आठ आने
14--15. निर्ग्रन्थ-सम्प्रदाय—श्री सुखलालजी संघवी — एक रुपया
16. वस्तुपाल का विद्यामण्डल—प्रो० भोगीलाल सांडेसरा — आठ आने
17. जैन आगम—श्री दलसुखभाई मालवणिया — मूल्य दस आने
18. कार्यप्रवृत्ति और कार्यदिशा — आठ आने
19. गांधीजी और धर्म
लेo पं० श्री सुखलालजी और दलसुख मालवणिया — दस आने
20. अनेकान्तवाद—पं० श्री सुखलाल जी संघवी — बारह आने
21. जैन दार्शनिक साहित्य का सिंहावलोकन
पं० दलसुखभाई मालवणिया — दस आने
22. राजर्षि कुमारपाल—मुनि श्री जिनविजयजी — आठ आने
23. जैनधर्म का प्राण—श्री सुखलालजी संघवी — छः आने

Write to :—

The Secretary,
JAIN CULTURAL RESEARCH SOCIETY
BENARES HINDU UNIVERSITY.

बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी प्रेस, बनारस।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Bulletin No. 25

Pacifism and Jainism

By

PANDIT SUKHLAL SANGHAVI

Formerly Head of the Department of Jaina Philosophy

BANARAS HINDU UNIVERSITY

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Printed by
Navratanmull Surana
SURANA PRINTING WORKS
402, Upper Chitpur Road,
CALCUTTA.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Pacifism and Jainism

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Pacifism and Jainism

Introductory

Attempts have always been made to invent ways of peace. Wars have always been denounced as leading to evil and chaos. Peace and war are the perennial problems of human thought and culture. The question of means and ends is another important problem. The solutions of the problems vary according to the conception of the ultimate reality. What we are here concerned with is not the philosophical standpoints of the different systems of religious thought, but it is only the practical ways of peace, suggested in them, that will receive consideration in this paper.

The principle of *ahimsa* or non-violence has been regarded as a unique means of peace in all the great religions of the world. Many practical applications of the principle have been made. Pacifism staunchly believes that all the social, economic and political problems can be solved by peaceful non-violent methods. The principle of non-violence, however, finds its greatest exponent in Jainism which regards non-possession or limited possession of the wordly things as the condition precedent to the fulfilment of it. We shall here concentrate our mind on the question of the role that Jainism can play in the realisation of the aims and objects of pacifism.

Our culture stands for universal wellbeing. World peace can be possible only by the cultivation of the moral values. Non-violence, truth, non-stealing, celibacy and non-possession are the eternal principles that are to be cultivated for the spiritual elevation of the self. Pacifism in order to be successful must recognise the necessity of the cultivation of these moral principles. A complete reorientation of the ways of life is necessary for the advent of the kingdom of peace and love. Superstition must give place to reason, dogmatism must be replaced by

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

critical consciousness, and competition must yield to sympathy and fellow-feeling. There is inherent goodness in every soul. Its development depends upon the environments it finds itself confined in.

